www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



सूर्योदय 7:03 सूर्यास्त 6:08

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 2.5 न्यू | 15.00 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 19.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71595.49 |
| निफ्टी | 21782.50 |

सोना 62,950 चांदी 72,570

धर्मशाला | रविवार, 11 फरवरी 2024 | 29 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 54 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए

बॉलीवुड में काम मांग कर थक गई मृणाल, अब न्यूट्रल रहना चाहती है ताकि डायरेक्टर रोल के हिसाब से ढाल सकें... पेज 7

## परशुरामेश्वर पुरामहादेव के रूप में दिखे बाबा भूतनाथ



**मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की रस्में शुरू होते ही बाबा भूतनाथ भारतवर्ष में महादेव के विभिन्न रूपों में नजर आते हैं। इसी कड़ी में शनिवार को बाबा ने उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में स्थित परशुरामेश्वर पुरामहादेव के रूप में दर्शन दिए। मंडीवासियों सहित प्रदेशभर से आए श्रद्धालुओं ने परशुरामेश्वर पुरामहादेव के दर्शन किए। इस मंदिर का इतिहास राजा सहस्त्र बाहू व ऋषि जमदग्नि, रेणुका और परशुराम से जुड़ा है। इस स्थान पर परशुराम ने शिवलिंग की स्थापना की थी और भगवान शिव दर्शन देकर यहां विराजमान हो गए थे। यह मंदिर तभी से यहां स्थित है।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर बड़ा ऐलान

# लोकसभा चुनाव से पहले लागू होगा सीएए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले नोटिफिकेशन जारी कर सीएए लागू किया जाएगा। किसी की नागरिकता नहीं छीनी जाएगी, कोई कन्फ्यूजन नहीं होना चाहिए।

शाह ने पिछले साल दिसंबर में अपने पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान दावा किया था कि सीएए को लागू करने से कोई नहीं रोक सकता है। शाह ने कहा कि सीएए का उद्देश्य केवल धार्मिक उत्पीड़न का सामना कर रहे पाकिस्तानी, अफगानिस्तानी और बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों को नागरिकता देना है।



**कहा- किसी की नागरिकता नहीं छीनी जाएगी, कोई कन्फ्यूजन न रहे**

### मुस्लिम समुदाय को गुमराह कर रहा विपक्ष

**केंद्रीय** गृह मंत्री ने विपक्ष पर मुसलमानों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हमारे मुस्लिम भाइयों को सीएए को लेकर गुमराह किया जा रहा है और भड़काया जा रहा है। सीएए केवल पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के धार्मिक अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के लिए है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से पेश किए गए सीएए का उद्देश्य हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाइयों सहित सताए गए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है, जो 31 दिसंबर, 2014 से पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भारत आए हैं।

### संस्कृति और रामायण को अलग करके देखा नहीं जा सकता

अमित शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत 'ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर के निर्माण और श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा' विषय पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आज किसी का जवाब नहीं दूंगा।

मैं मन की बात और जनता के मन की बात देश के सामने रखना चाहता हूं। वह आवाज जो सालों से अदालत के कागजों में दबी हुई थी। 22 जनवरी 2024 के बारे में भले ही कुछ लोग कुछ भी कहें, वह दिन दस सहस्त्र से भी ज्यादा वर्षों के लिए ऐतिहासिक दिन बना रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और रामायण को अलग करके देखा ही नहीं जा सकता है। कई भाषाओं, संस्कृतियों और धर्मों में रामायण का जिक्र है।

### ओवैसी ने बाबरी मस्जिद जिंदाबाद के नारे लगाए

## शाह बोले- जो इतिहास नहीं पहचानते, वे खो देते हैं वजूद

**नई दिल्ली।** संसद में बजट सेशन के आखिरी दिन लोकसभा की शुरुआत राम मंदिर निर्माण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के साथ हुई। दोपहर 2:30 बजे गृह मंत्री अमित शाह 30 मिनट बोले। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी का दिन 10 सहस्त्र सालों के लिए ऐतिहासिक दिन बनने वाला है। यह सबको समझना चाहिए, जो इतिहास को नहीं पहचानते हैं, वे अपने वजूद को खो देते हैं। 22 जनवरी का दिन 1528 से शुरू हुए संघर्ष और अन्याय के खिलाफ आंदोलन के अंत का दिन है। न्याय की लड़ाई यहां समाप्त हो गई। शाह से पहले एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में अपनी बात रखी। उन्होंने दो बार बाबरी मस्जिद जिंदाबाद के नारे लगाए। शाह की स्पीच शुरू होते ही वह सदन से चले गए।

### विपक्षी दलों के सदस्य मांगें माफी : गोयल

**केंद्रीय** मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विपक्षी दलों के सदस्यों ने चौधरी साहब का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। गोयल ने कहा यह गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय किया है। यह दिन कांग्रेस के लिए जश्न मनाने का था, लेकिन वे चौधरी साहब को अपमानित कर रहे हैं। इसके लिए कांग्रेस को माफी मांगनी होगी।

## न्यूज शॉर्ट्स

### यूएई में पीएम मोदी करेंगे हिंदू मंदिर का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 से 14 फरवरी तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा करेंगे, जहां वह अबू धाबी में पहले हिंदू बीएपीएस मंदिर का उद्घाटन करेंगे। मोदी विश्व सरकार शिखर सम्मेलन 2024 में सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लेंगे और शिखर सम्मेलन में एक विशेष मुख्य भाषण देंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को उनकी यात्रा की जानकारी दी।

### समीर वानखेड़े के खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज

**मुंबई।** ड्रग्स केस में आर्यन खान की गिरफ्तारी करने वाले एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समीर वानखेड़े के खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया है। समीर पर आरोप है कि आर्यन खान की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने सुपरस्टार शाहरुख खान के परिवार से 25 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगी थी।

### एनआईए की जम्मू-कश्मीर में 10 जगह पर छापेमारी

**श्रीनगर/कोयंबटूर।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर और तमिलनाडु में एक साथ कई जगहों पर छापेमारी की है। एनआईए ने दोनों जगह एक्शन अलग-अलग केस को लेकर लिया। दोनों ही मामले आतंकवाद से जुड़े हैं। जम्मू-कश्मीर में टेरर फंडिंग के मामले को लेकर एनआईए जमात-ए-इस्लामी संगठन से जुड़े लोगों और उनके 10 ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी बडगाम, कुलगाम और जम्मू जिले के गुज्जर नगर, शहीदी चौक में की गई।

### अमेरिका के हवाई द्वीप में 5.7 तीव्रता से आया भूकंप



**नई दिल्ली।** अमेरिका के हवाई द्वीप में भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूकंप विज्ञानियों ने बताया कि हवाई द्वीप में भूकंप आने से सुनामी का कोई खतरा नहीं है। 5.7 तीव्रता का भूकंप हवाई के मुख्य द्वीप पर पाहाला के पास आया, जिसका केंद्र पृथ्वी की सतह से लगभग 37 किलोमीटर नीचे था।

## टॉप स्टोरीज

शिमला से चिट्टा तस्करी गिरोह का फाइनेंस मैनेजर गिरफ्तार ...पेज 3

जयराम और घनश्याम शर्मा की गुफ्तगू से चढ़ा सियासी पारा ...पेज 6

हल्द्वानी हिंसा पर मजिस्ट्रेट जांच के आदेश, इलाका सेना के हवाले ...पेज 7

# पांच साल रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के रहे : पीएम मोदी

### संसद के बजट सत्र के आखिरी दिन राम मंदिर पर पेश किया धन्यवाद प्रस्ताव, कई विधेयकों का जिक्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**संसद** के बजट सत्र के आखिरी दिन शनिवार को सदन में पीएम मोदी ने राम मंदिर पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। पीएम ने 17वीं लोकसभा में अपने विदाई भाषण में कहा कि इस कार्यकाल में सदन कई ऐतिहासिक पलों का गवाह बना।

ये पांच साल देश में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के रहे हैं। इस कार्यकाल में परिवर्तनकारी सुधार हुए। 21वीं सदी के भारत की मजबूत नींव इनमें नजर आती है। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, महिला आरक्षण कानून बनाने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने, नए आपराधिक कानूनों समेत कई विधेयकों के पारित होने का भी जिक्र किया।



### लोकतंत्र और भारत की यात्रा अनंत है

**विकटकाल** में हमारा समय गया, क्योंकि डेढ़-दो साल कोविड ने दबाव डाला। इस समय हमने कई साथियों को खो दिया। हो सकता है कि वे हमारे बीच मौजूद रहते। इसका दुख हमें हमेशा रहेगा। लोकतंत्र और भारत की यात्रा अनंत है।

### पीएम के संबोधन की खास बातें

- देश की आकांक्षाएं, अपेक्षाएं, सपने और संकल्प ये है कि आने वाले 25 साल ऐसे हैं जिनमें देश वांछित परिणाम हासिल करेगा। भारत एक विकसित देश बनेगा।
- सदन ने अनुच्छेद 370 हटाया, जिससे संविधान का पूर्ण रूप सामने आया। संविधान निर्माताओं की आत्मा हमें जरूर आशीर्वाद दे रही होगी।
- 75 साल तक हम अंग्रेजों की दी गई दंड संहिता के साथ रहे। नई पीढ़ी के लिए हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि अगली पीढ़ी अपने न्याय संहिता के साथ रहेगी।
- जम्मू-कश्मीर के लोग सामाजिक न्याय से वंचित थे। आज हमें संतुष्टि है कि हमने अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप वहां के लोगों को सामाजिक न्याय दिलाया।
- 17वीं लोकसभा की कार्य उत्पादकता 97 फीसदी रही।18वीं लोकसभा में कार्य उत्पादकता सौ फीसदी रहने का हम संकल्प लेंगे।
- चुनाव ज्यादा दूर नहीं हैं। कुछ लोगों को घबराहट हो सकती है, लेकिन ये लोकतंत्र का जरूरी पहलू है। हम सब इसे गर्व से स्वीकार करते हैं।
- भारत को जी-20 की अध्यक्षता का अवसर मिलना देश के लिए सम्मान है। देश के हर राज्य ने भारत की क्षमता और अपनी पहचान दुनिया के सामने रखी।
- संसद के नए भवन का निर्माण करवाने का निर्णय लेने का श्रेय लोकसभा अध्यक्ष बिरला को जाता है। उसी का परिणाम है कि देश को संसद का नया भवन प्राप्त हुआ।

**स्पेस की दिशा में महत्वपूर्ण काम हुए**

**पेपर लीक जैसी समस्या के लिए कठोर कानून बनाए**

### 60 से अधिक गैरजरूरी कानूनों को हटाया

**कंपनीज** एक्ट, लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप एक्ट, 60 से अधिक गैरजरूरी कानूनों को हमने हटाया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए इसकी जरूरत थी। कई कानून ऐसे थे कि छोटी-छोटी वजह से लोगों को जेल में डाल दो। जो नागरिक पर भरोसा करने का काम था, यह लोकसभा ने किया। पीएम ने कहा कि स्पेस की दिशा में महत्वपूर्ण काम हुए हैं। पेपरलीक जैसी समस्या के लिए कठोर कानून बनाए।

### विपक्षी गठबंधन को झटका

## पंजाब में अकेले लोस चुनाव लड़ेगी 'आप': केजरीवाल

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन को झटका देते हुए ऐलान किया कि उनकी पार्टी पंजाब की सभी 13 और चंडीगढ़ की लोकसभा सीट पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। केजरीवाल ने शनिवार को पंजाब के खन्ना जिले में मुफ्त राशन वितरण योजना के शुभारंभ पर यह घोषणा की। केजरीवाल ने कहा कि दो सप्ताह के भीतर सभी 14 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया जाएगा।




**बोले- दो सप्ताह में होगी प्रत्याशियों की घोषणा**

इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी विपक्षी गठबंधन से किनारा कर चुके हैं। केजरीवाल ने कहा कि हमारे देश को आजाद हुए 75 साल हो गए। राशन ऊपर से आता था, लेकिन लोगों तक नहीं पहुंचता था। मंत्री, नेता, सरकारी ऑफिसर खा जाते थे। यह नहीं था कि यह चोरी रुक नहीं सकती थी, नीयत नहीं थी। अब ईमानदार सरकार आई है। इस दौरान पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि जो आटा उनके व उनके मंत्रियों के घर पकता है। वहीं, आटा अब स्कीम के तहत लोगों के घरों तक पहुंचेगा। अब से हर महीने खुद राशन लोगों के घर आया करेगा। जिसे आटा चाहिए, उसे आटा और जिसे चावल चाहिए, उसे चावल दिए जाएंगे। सरकार अच्छी क्वालिटी का आटा देगी।

## 'नमो हैट्रिक' की भगवा हुड पहनकर संसद भवन पहुंचे अनुराग ठाकुर

**एजेंसी, नई दिल्ली**





**मोदी** सरकार के दूसरे कार्यकाल के अंतिम बजट सत्र के आखिरी दिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर शनिवार को 'नमो हैट्रिक' के नारे लिखे भगवा हुड पहनकर संसद भवन पहुंचे।

अनुराग ठाकुर ने केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने का दावा किया। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैट्रिक लगाएंगे और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनकर आएंगे तो देश के गरीबों का और कल्याण करेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा देश की इकलौती ऐसी पार्टी है, जिसने जो वादा किया, उसको पूरा किया। 370 को खत्म किया, 35ए से मुक्ति दिलाई और अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियां को लेकर जनता के बीच जाएंगे, भगवान राम का आशीर्वाद पहले भी उनके साथ था और आगे भी उन पर बना रहेगा।

## पाक चुनाव: वोटों की गिनती जारी, इमरान खान की पार्टी सबसे आगे




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में नेशनल असेंबली और प्रांतीय चुनाव के बाद वोटों की गिनती जारी है। किसी भी पार्टी को अभी तक बहुमत नहीं मिल पाया है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई अपने समर्थकों के साथ 92 सीटों पर सबसे आगे चल रही है, जबकि नवाज की पार्टी पीएमएल-एन 73 सीटों और

बिलावल भुट्टो की पार्टी 54 पर बढ़त बनाए हुए है। जेल में कैद इमरान की पीटीआई और बिलावल की पीपीपी पार्टी ने कई सीटों पर धांधली के आरोप लगाए हैं। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से 265 सीटों पर चुनाव हुए। एक सीट पर चुनाव टाल दिए गए हैं, जबकि एक सीट के नतीजों को खारिज कर दिया है। यहां 15 फरवरी को फिर से वोटिंग होगी, बाकी 70 सीटें रिजर्व हैं। सरकार बनाने के लिए 134 सीटों पर बहुमत होना जरूरी है।

## ईपीएफओ ने बढ़ाया पीएफ पर ब्याज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** में करोड़ों कर्मचारियों के लिए एक अच्छी खबर है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने भविष्य निधि पर ब्याज दरें तय कर दी हैं। ईपीएफओ ने वर्ष 2023-24 के लिए पीएफ जमा पर 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर की घोषणा की है।



पिछले साल 28 मार्च को ईपीएफओ ने वर्ष 2022-23 के लिए 8.15 प्रतिशत की दर की घोषणा की थी। उससे पहले (2021-22) यही दर 8.10 फीसदी थी।

श्रममंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि यह कदम भारत के कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की पीएम मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में एक पहल है। बोर्ड ने ईपीएफ सदस्यों के खातों में लगभग 1,07,000 करोड़ रुपए की कुल मूल राशि पर 1,07,000 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक आय राशि के वितरण की सिफारिश की है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में क्रमश: 91,151.66 करोड़ रुपए और 11.02 लाख करोड़ रुपए था, जो 13 लाख करोड़ रुपए था। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में आय में 17.39 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जबकि मूल राशि में 17.97 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### ईएसआईसी ने रिटायरमेंट के बाद कर्मचारी को मिलने वाले लाभ के नियमों में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के तहत रिटायरमेंट के बाद भी लाभ पाने के नियमों में बदलाव किया है। इससे रिटायरमेंट से पहले वेतन के चलते दायरे से बाहर जाने वालों को भी लाभ मिलेगा। नई दिल्ली में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 193वीं बैठक केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बीमा दायरे को विस्तार दिया गया। इसके तहत सेवानिवृत्त बीमित व्यक्तियों को विस्तारित मानदंडों के साथ चिकित्सा लाभ प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा ईएसआईसी उत्तर-पूर्व क्षेत्र और सिक्किम में चिकित्सा सेवाओं और बुनियादी ढांचे को बढ़ाएगा। ईएसआईसी ने आईपी और लाभार्थियों की समग्र भलाई के लिए आयुष 2023 पर नई नीति अपनाई। अलवर और बिहटा में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में गैर-आईपी के लिए शून्य शुल्क पर रियायतें/सुविधाएं जारी रखेगा। कर्मचारी सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से पहले कम से कम पांच साल तक बीमा योग्य रोजगार के तहत आने पर लाभ ले सकेंगे।

**हृदयविदारक** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी के निधन से मातृत्व सुख से वंचित हो गई हरोली की जनता

# हरोली की हर आंख हुई नम, छिपा न सका कोई गम

**राजेश शर्मा, ऊना**

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के निधन की खबर ने हरोली क्षेत्र की जनता को झकझोर कर रख दिया। हिमाचल का हरोली एकमात्र ऐसा विधानसभा क्षेत्र होगा, जहां एक परिवार ने पूरे क्षेत्र को मानो गोद ले लिया था। प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के निधन से दुखी हरोली की जनता ऐसे सदमे में है, जैसे अब यह क्षेत्र मातृत्व सुख से वंचित हो गया हो।

हरोली के बच्चे से लेकर बूढ़े व्यक्ति तक प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री आंखों का तारा थी। इसके पीछे वजह थी कि वह हर व्यक्ति की परेशानी समझती थीं और जब तक इस परिवार की समस्या दूर नहीं होती थी, वह लगातार जुटी रहती थीं। उनके लिए वह एक परिवार की मुखिया बनकर डटी रहती थी। यह परिवार उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का था। किसी का सुख हो या दु:ख हो, उसमें मातृत्व जैसा माहौल देने में यह परिवार कभी पीछे नहीं रहा।

पूरे क्षेत्र को एक परिवार बंधन में बांधने में अगर कोई सोच थी तो वह प्रो. सिम्मी थीं। शनिवार को जैसे ही प्रो. सिम्मी के दुनिया छोड़ देने की खबर वायरल हुई, मानो हरोली के हर शख्स पर बज्रपात हो गया। हजारों की संख्या में लोग अंतिम दर्शन करने गोंदपुर जयचंद उनके पैतृक निवास स्थान पर पहुंच गए। हर आंख नम थी और प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के उल्लेखनीय योगदान को याद किया जा रहा था। (अनंत ज्ञान)



दिवंगत प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की अर्थी को कंधा देते सीएम व डिप्टी सीएम।

### समाजसेविका सिम्मी अग्निहोत्री का कोई सानी नहीं

**समाजसेविका** के तौर पर प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री का कोई सानी नहीं हो सकता। अपने व्यस्त जीवन में वह हरोली के जनमानस से ऐसे जुड़ी थीं कि अगर किसी को रात के समय भी इस परिवार की जरूरत होती थी तो यह परिवार उनके लिए हाजिर होता था। सिम्मी अपने पति की व्यस्तता को देखते हुए क्षेत्र में ऐसे सक्रिय रहती थीं कि हर वर्ग से उनका सीधा कनेक्ट था। खासकर महिलाओं में बहुत लोकप्रिय थीं और शायद ही कोई अवसर होता था, जब सिम्मी अग्निहोत्री हरोली में शामिल न हुई हों। अपने नेक काम के लिए जनता के दिलों पर राज करने वाली लाडली इतनी जल्दी सबको छोड़कर चली जाएगी, शायद यह किसी ने सोचा तक नहीं था।

### बेटी को भी दिखा गई जनसेवा का मार्ग

**प्रो.** सिम्मी ने बेटी आस्था अग्निहोत्री को भी जनसेवा का ऐसा मार्ग दिखाया कि उनकी बेटी हरोली की चहेती बन गई। जनसेवा में समर्पित रहने की सीख उनके युवा वर्ग के उत्थान के लिए वरदान जैसी है। प्रो. सिम्मी की हरोली क्षेत्र को दी गई एक सही दिशा का ही नतीजा है कि इस क्षेत्र में सामाजिक सुधार देखने को मिला है। बेशक यह परिवार भविष्य में भी इस क्षेत्र को ऐसा मातृत्व जैसा सुख प्रदान करता रहेगा, लेकिन प्रो. सिम्मी की कमी खलती रहेगी। -संबंधित समाचार पेज दो पर

## कालाअंब एथेंस साइंस लैब में ईडी की दबिश

### मोबाइल किए जब्त, किसी को नहीं जाने दिया अंदर

**अनंत ज्ञान, नाहन**

**सिरमौर** जिले के कालाअंब में शनिवार सुबह ईडी ने एथेंस लाइफ साइंस दवा फैक्टरी में दबिश दी। मामला करोड़ों रुपए के लेनदेन का बताया जा रहा है।

**करोड़ों रुपए के लेनदेन का बताया जा रहा मामला**

ईडी की टीम जब फैक्टरी में पहुंची तो उस समय कोई कर्मचारी वहां नहीं था। वहां पर सिर्फ गार्ड ड्यूटी पर थे। कुछ देर के बाद फैक्टरी के मालिक और जनरल मैनेजर को बुलाया गया। सूत्रों की मानें तो टीम ने सभी के मोबाइल जब्त किए हैं। फैक्टरी के अंदर किसी को भी आने की इजाजत नहीं दी गई। स्थानीय पुलिस को भी इस छापेमारी की कोई जानकारी नहीं थी। ईडी पंजाब नंबर की इनोवा (पीबी 01डी. 9024) गाड़ी में पहुंची थी। बताया जा रहा है कि किसी मामले की जांच में इस कंपनी का नाम शामिल है। फैक्टरी के मालिक के तार गोल्डन लैंड डेवलपर्स लिमिटेड से भी जुड़े होने का अंदेशा है। इस सारे प्रकरण की मामले को लेकर ओडिशा, पंजाब, चंडीगढ़ और दिल्ली आदि जगहों पर करीब 19 जगह पर तलाशी अभियान चल रहा है। जल्द कोई खुलासा हो सकता है।



गोंदपुर जयचंद में प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री को अंतिम विदाई देने पहुंचा जन सैलाब



प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।



सिम्मी अग्निहोत्री की अंतिम यात्रा में शामिल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।



प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री को आखिरी सलामी देता हिमाचल पुलिस का दल।

# गमगीन कर गया हरोली की 'लाडली' सिम्मी का जाना

**◗ डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी पंचतत्व में विलीन ◗ बेटी आस्था ने दी मुखाग्नि ◗ सीएम सुक्खू ने दिया कंधा ◗ हार्ट अटैक से हुई थी मौत**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**ऊना** के हरोली विधानसभा के लिए ही नहीं अपितु समस्त ऊना के लिए शनिवार ऐसी खबर देगा कि जिस पर यकीन कर पाना भी मुश्किल था। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी जो समस्त जनता को 12 फरवरी को हरोली में निर्धारित धार्मिक कार्यक्रम का निमंत्रण दे रहीं थीं, अचानक हार्ट अटैक की वजह से दुनिया छोड़ चली गईं। उनका जाना हरोली की जनता को व्यक्तिगत भी आघात पहुंचा गया। अपनी लाडली को इस तरह अचानक दुनिया से रुखसत होता देख हर कोई गमगीन था। हरोली के गोंदपुर जयचंद स्थित आस्था कुंज में अपनी लाडली के आखिरी दर्शन करने पहुंचे लोगों के अश्रु सब बयां कर रहे थे।

शनिवार तड़के फैली वायरल खबर पर लोग यकीन नहीं कर पा रहे थे और इसकी पुष्टि के लिए एक-दूसरे से संपर्क कर रहे थे। स्वयं जब उपमुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच पर यह जानकारी साझा की, तो लोगों का सैलाब गोंदपुर जयचंद उनके निवास स्थान की ओर उमड़ पड़ा। देखते ही देखते हजारों की संख्या में लोग गोंदपुर जयचंद पहुंचकर प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के आखिरी दर्शन करने लगे। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों की हस्तियां और धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के लोग भी शामिल थे।

बता दें कि सिम्मी अग्निहोत्री और मुकेश अग्निहोत्री करीब तीन दशक से कुछ पहले शादी के बंधन में बंधे थे। प्रो. सिम्मी एचपीयू में सेवा दे चुकी थीं। कई संस्मरण उनके चहेतों की ओर से साझे किए जा रहे हैं। उन्होंने अपने पति के राजनीतिक करियर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। करीब अढ़ाई दशक से वे हरोली के जन जन से ऐसे घुल मिल गई थीं कि सभी उनको पारिवारिक सदस्य मानते थे। अरसे से जनसेवा से जुड़ी हरोली की लाडली का जाना हर किसी को गमगीन कर गया।



अपनी मां प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की अर्थी को कंधा देती आस्था अग्निहोत्री।

सीएम सुक्खू ने शनिवार को जिला ऊना के हरोली उपमंडल के गोंदपुर जयचंद पहुंच कर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री का गत रात्रि को देहावसान हो गया। सिम्मी अग्निहोत्री को शनिवार को पंचतत्व में विलीन कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री के पैतृक गांव गोंदपुर जयचंद में पार्थिव शरीर की अंतिम यात्रा तथा संस्कार में भाग लिया और अर्थी को कंधा भी दिया। उपमुख्यमंत्री की पुत्री आस्था अग्निहोत्री ने अपनी दिवंगत माता को मुखाग्नि दी। सीएम ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय क्षति को सहन करने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि सिम्मी अग्निहोत्री की कमी हमेशा रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं, सिम्मी अग्निहोत्री से विश्वविद्यालय काल से परिचित था, वह सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित एक उच्च शिक्षित महिला थीं। मुकेश तथा उनकी पुत्री को इस दुःख से उबरने के लिए एक-दूसरे का साथ देना होगा। इस दुःखद घड़ी में हम शोकाकुल परिवार के लिए प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण तथा शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह, नगर एवं ग्राम नियोजन तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, सतपाल सिंह सत्ती, पूर्व मंत्री ठाकुर रामलाल, कौल सिंह, ठाकुर सिंह भरमौरी, विधायकगण, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, राजनेता तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## पढ़ाई के लिए सिम्मी मैडम ने दी थी किताबें

**ऊना।** जीवन में ऐसा काम करो कि उसकी मिसाल बन जाए। शायद सिम्मी अग्निहोत्री ऐसा ही एक व्यक्तित्व थीं। उनके ऐसे संस्मरण कई लोग सांझा कर रहे हैं कि सोशल मीडिया मंच कम पड़ गया है। किसी को पढ़ाई के लिए मदद, तो किसी की बीमारी में सहायता। यहां तक कि सरकारी मदद से नहीं, तो व्यक्तिगत सहयोग से उन्होंने सैकड़ों लोगों का भविष्य संवारा और बहुत लोगों का दुख दूर किया। उनके एक शिष्य द्वारा लिखा गया कि वे सांध्य महाविद्यालय में अध्ययनरत थे। मैडम सिम्मी ने मुझे तीन वर्ष तक लोक प्रशासन की शिक्षा दी है तथा तीनों वर्ष किताब भी उपलब्ध करवाई थीं। मैडम का मुझ पर बहुत स्नेह था। परमपिता परमेश्वर से यही प्रार्थना है कि पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें और अपने चरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। आज उनकी प्रेरणा से वे अच्छी स्थिति में हैं। हरोली के बलदेव सिंह, अविनाश, आशा देवी आदि ने बताया कि जब भी उनको किसी मुसीबत ने घेरा, तो वे अपनी लाडली सिम्मी अग्निहोत्री को याद करते थे और उनकी समस्या दूर होती थी। उनका जाना क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति है।

## निधन पर इलाके में शोक की लहर

**गोंदपुर बनेहड़ा।** उपमुख्यमंत्री की पत्नी सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर इलाके में शोक की लहर है, गगरेट के विधायक चैतन्य शर्मा, पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान सुरिंदर ठाकुर, उत्तराखंड सरकार के पूर्व चीफ सेक्रेटरी राकेश शर्मा, कांग्रेस के महासचिव रमन जसवाल, ब्लॉक के वेद पराशर, विभिन्न कर्मचारियों के संगठनों से एचपीएसएलए के संगठन सचिव राजन शर्मा, महेश पराशर, विकास रतन, बेली राम, शशि सेनी, विनोद बन्याल, राजिंदर कौशल, संजीव पराशर, वरुण लखन पाल के अलावा इलाके के पंचायत प्रतिनिधियों, पत्रकार बंधुओं संजीव पराशर, राज कुमारी शर्मा, आशीष शर्मा, केहर सिंह, संदीप सरोच, सुरिंदर शर्मा, जगमोहन ठाकुर, संदीप शर्मा, राजेंद्र शर्मा, गुरदेव सिंह, दीपक जसवाल, सक्षी शर्मा, रोहित शर्मा, मनोज ठाकुर सभी ने शोक व्यक्त किया है।

## पूर्व मंत्री कंवर ने जताया दुख

**बंगाणा।** राज्य के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की धर्म पत्नि प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की अकस्मात मृत्यु पर पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर ने दुःख प्रकट किया है। कंवर ने कहा कि प्रो सिम्मी अग्निहोत्री एक नेकदिल और बड़े स्तर की समाज सेविका थी और हर समय केवल समाज सेवा के लिए खुद और अन्य महिलाओं को प्रेरित करती रहती थीं। उनकी अकस्मात निधन प्रभु के श्री चरणों में प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की आत्म शांति के लिए प्रार्थना करता हूं और परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता हूं। वहीं कुटलैहड़ भाजपा मंडल ने भी प्रो सिम्मी की अकस्मात मृत्यु पर दुख प्रकट किया है। जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, राज्य भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रवक्ता मदन राणा, अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महा मंत्री मास्टर रमेश शर्मा, प्रवक्ता सुरेंद्र हटली, प्रधान विजय शर्मा, राजेंद्र मलांगड़, बीडीसी अध्यक्ष देवराज शर्मा, भीष्म कंवर, प्रधान अनिता राणा, राम सिंह ककराना, सतीश शर्मा उर्फ काला, सतीश धीमान, राज्य ह्यूमन राइट बिग के प्रदेश अध्यक्ष अजय ठाकुर, भाजयुमो अध्यक्ष शशि राणा आदि सभी गणमान्य लोगों ने प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के अकस्मात निधन पर दुख प्रकट करते हुए परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।

## शिव सेना अध्यक्ष शिव दत्त ने भी की संवेदना प्रकट

**ऊना।** शिव सेना हिमाचल प्रदेश इकाई के अध्यक्ष शिव दत्त वशिष्ठ ने प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के अचानक निधन पर दुख जताया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट की हैं और ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि यह दुख बड़ा है, भगवान परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि सिम्मी अग्निहोत्री के जाने से समाज ने एक कर्मठ समाजसेविका को खोया है , जिसकी कमी को पूरा करना न मुमकिन है।

## भुट्टो ने प्रो. सिम्मी की अकस्मात मृत्यु पर किया शोक प्रकट

**बंगाणा।** कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने राज्य के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की धर्म पत्नि प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के अकस्मात निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। विधायक ने कहा कि प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री का अकस्मात निधन होने से मन दुखी है। विधायक ने सिम्मी अग्निहोत्री की अंतिम यात्रा में शिरकत करके श्रद्धाजलि प्रदान की और उनकी आत्म शांति के लिए माता रानी से प्रार्थना की। वहीं कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश स्योजिक सुरिंदर ठाकुर, युकां के पूर्व अध्यक्ष रणबीर राणा, कर्नल धर्मेंद्र सिंह पटियाल, देसराज मोदगिल, देसराज गौतम, महासचिव प्रवीण शर्मा, अजय शर्मा, पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह नीटू, पूर्व प्रधान पूर्ण सिंह राणा, लेखराज भारती, नीरज ठाकुर, धौमेश्वर मंदिर कमेटी के प्रधान प्रवीण शर्मा आदि सैकड़ों गणमान्य लोगों ने सिम्मी अग्निहोत्री की अकस्मात मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया है।

# अयोध्या में लगी हिमाचली धाम में रोजाना दस से बारह हजार श्रद्धालु कर रहे भोजन ग्रहण

**गगरेट।** पवित्र धाम अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं को हिमाचली धाम खूब भा रही है। प्रदेश भाजपा की ओर से श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में लगाए गए हिमाचली धाम के लंगर में रोजाना दस से बारह हजार श्रद्धालु भोजन ग्रहण कर रहे हैं। गगरेट के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा सचिव राजेश ठाकुर व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए स्वयं अयोध्या में डटे हैं और श्रद्धालुओं को लंगर परोस रहे हैं। खास बात यह है कि विधानसभा क्षेत्र गगरेट की जनता द्वारा इस लंगर के लिए दिए गए राशन से ही अब तक व्यवस्थाएं बरकरार हैं और लंगर में भोजन करने वाले देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु हिमाचली धाम की खूब प्रशंसा कर रहे हैं। अयोध्या में श्रीरामलला की मूर्ति प्रतिष्ठापित करने के बाद यहां देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं के रहने व खाने की व्यवस्था हो सके इसके लिए प्रदेश भाजपा द्वारा अयोध्या में हिमाचली धाम का लंगर लगाने का निर्णय किया गया। इस लंगर की व्यवस्थाओं को देखने कलिए पूर्व विधायक राजेश ठाकुर को व्यवस्था प्रमुख नियुक्त किया गया है। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर अपनी टीम के साथ अयोध्या में पिछले कई दिनों से डटे हैं और व्यवस्थाओं की देखरेख कर रहे हैं। हिमाचली धाम में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, गुजरात व दिल्ली सहित कई राज्यों के श्रद्धालु अब तक रुक चुके हैं और स्वादिष्ट हिमाचली धाम का स्वाद चख चुके हैं। पांच फरवरी को अंब-अंदौरा से अयोध्या के लिए चली ट्रेन के माध्यम से अयोध्या पहुंचे हिमाचली श्रद्धालु भी यहां जाकर रुके थे। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने बताया कि देश के जिस भी हिस्से से श्रद्धालु यहां आ रहे हैं उन्हें हिमाचली धाम खूब प्रभावित कर रही है।

# ईमानदारी की मिसाल : सड़क पर पड़ी नकदी को जेब में रखने की बजाय थाने दे गया अपर अंदौरा का संजीव

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**आज** के इस दौर में किसी को सड़क पर पड़ी हुई नकदी मिल जाए और उसके असली मालिक का भी पता न हो तो क्या आप यकीन करेंगे कि नकदी मिलने वाला इसे अपने पास न रखे। इस रंग बदलती दुनिया में आज भी कई इंसान ऐसे हैं, जिनके लिए माया तुच्छ द्रव्य से अधिक कुछ नहीं है।

ऐसा ही एक मामला गगरेट में देखने को मिला। एक व्यक्ति को घर जाते समय सड़क पर पड़ी नकदी मिली और इसे अपने पास रखने की बजाय वह इस नकदी को इस आस में पुलिस थाना छोड़ गया कि शायद इसका असली मालिक मिल जाए और नकदी उसे हाथों में चली जाए।

अप्पर अंदौरा के संजीव कुमार गगरेट से अपने घर जा रहे थे, तो उन्हें रास्ते में सड़क पर पड़ी हुई नकदी मिल गई। हालांकि इसका असली मालिक कौन है, इसकी पहचान न होने पर संजीव कुमार उलझन में फंस गए। बेशक नकदी देखकर उनका ईमान नहीं डोला, बल्कि इस आस में वह नकदी लेकर पुलिस थाना आ गए कि शायद पुलिस इसके असली मालिक को ढूंढ निकाले।

संजीव कुमार पुलिस थाना गगरेट में नकदी जमाकर अपने घर को चले गए, लेकिन अब बिना नाम पते के इसके असली मालिक को ढूंढना पुलिस के लिए भी टेढ़ी खीर बना हुआ है।

गगरेट पुलिस ने भी अब माडिया के माध्यम से अपील की है कि अगर किसी की नकदी गुम हुई है तो कितने नोट हैं और कौन से नोट हैं यह पहचान बताकर उक्त व्यक्ति इस नकदी को पुलिस थाना गगरेट से ले जा सकता है।



गगरेट पुलिस थाना में नकदी जमा करवाते संजीव कुमार।

# तरसेम सहोता बने जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष

**बंगाणा।** जिला ऊना उपमंडल बंगाणा के कुटलैहड कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष तरसेम सहोता को उनके बढ़िया कार्यप्रणाली के कारण प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष अमित नंदा ने तरसेम सहोता को जिला ऊना का जिला अनुसूचित विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। तरसेम सहोता पूर्व बीडीसी चेयरमैन भी रह चुके हैं। ऊना कांग्रेस विभाग के सभी सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष अमित नंदा व महासचिव नेगी का आभार प्रकट किया है। तरसेम सहोता सहित लेखराज भारती, रमेश बंगा, राम रतन आजाद रेंसरी, पूर्व उपप्रधान लाठियाणी मोहिंदर सिंह, यशपाल जस्सा हरोली, पूर्व प्रिंसिपल दुर्गा दास पनोह, पूर्व एसएचओ कमल, चंचल सिंह आदि व्यक्तियों ने कुटलेहड़ अध्यक्ष पद से जिला अध्यक्ष बनाने पर कुटलेहड़ के विधायक देवेंद्र भुट्टो, प्रदेश कार्यकारिणी का धन्यवाद किया।



# कुटलैहड़ की हटली पंचायत के जितेंद्र गर्ग बने सुपरिटेंडेंट इंजीनियर

**ऊना।** कुटलैहड़ क्षेत्र की हटली पंचायत के ग्राम हथलोन से जितेंद्र गर्ग जल शक्ति विभाग में अधिशाषी अभियंता से प्रमोट होकर सुपरिटेंडेंट इंजीनियर बने हैं, सरकार ने इन्हें जल शक्ति विभाग एंड सैनी टेशन ogenization मैं तेनाती दी है। इससे पहले हमीरपुर के धनेटा गलोड भोटा में सेवा के बाद ये बतौर एक्सईएन प्रमोट हो कर शिमला कॉर्पोरेशन में प्रतिनुक्ति पर इन्होंने सिवरेज को चुनौती के रूप से संवारा। बतौर एक्सईएन बड़सर में सेवा के बाद इन्होंने इनका तबादला जल शक्ति मंडल नेरवा शिमला हो गया तीन साल सेवा के बाद अब ये प्रमोट हुए हैं।



## सोलन की आठ पंचायतों के प्रतिनिधि और जनता कर रही परियोजना का समर्थन, बिलासपुर की निकटवर्ती पंचायतों के लोग एक पखवाड़े से कर रहे विरोध

# कीकर–नवगांव पेयजल परियोजना: पानी ने पैदा की सोलन–बिलासपुर में कड़वाहट

**तेजपाल नेगी, सोलन**




अली खड्ड का पानी पिछले तकरीबन एक माह से सोलन और बिलासपुर जिलों के लिए नाक का सवाल बन गया है। सोलन जिले की अर्की तहसील से निकलने वाला अली खड्ड बिलासपुर के घाघस में जाकर गोबिंद सागर झील में समा जाता है। अब इसी पानी को लेकर दो जिलों के लोग आमने–सामने आ गए हैं।

शनिवार को बिलासुपर क्षेत्र में पानी को लेकर महापंचायत बुलाई गई तो सोलन जिले दाड़लाघाट क्षेत्र के लोगों ने इस महापंचायत से दूरी बनाकर रखी। विभागीय सूत्रों के अनुसार अली खड्ड में इस समय पानी की निकासी 520 लीटर प्रति सेकेंड है। गर्मियों के दिनों में यह निकासी घट कर सौ से डेढ़ सौ लीटर प्रति सेकेंड रह जाती है। बिलासपुर जिले के लोगों का कहना है कि कीकर–नवगांव पेयजल योजना के बनने से उनके जिले में जाने वाला पानी का हिस्सा बेहद कम हो जाएगा और कई गांवों में पानी की उपलब्धता प्रभावित होगी। इसके अलावा उनका यह भी कहना है कि इस पेयजल योजना का पानी दाड़लाघाट स्थित अंबुजा सीमेंट को भी दिया जाएगा, जिसकी खपत बहुत ज्यादा है। उधर, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता विवेक चंदेल ने इन आशंकाओं पर विराम लगाते हुए साफ किया है कि अंबुजा सीमेंट को परियोजना का पानी देने की कोई योजना नहीं है। वह साफ करते हैं कि कीकर–नवगांव परियोजना में अली खड्ड का सिर्फ दस एलपीएस पानी की उपयोग में लाया जाएगा।

बाकी पानी पूर्व की भांति बिलासपुर जिले में जाएगा। वहीं, विभागीय सूत्रों के अनुसार कीकर–नवागांव पेयजल परियोजना से आठ पंचायतों को पेयजल आपूर्ति की सप्लाई की जाएगी। इस योजना से कशलोग, सेवड़ा चंडी, पारनू, संघोई, मांगू, नवगांव व दाड़लाघाट पंचायतों के 71 गांवों की 9080 आबादी को पेयजल की आपूर्ति जी जाएगी। वहीं, बीडीसी अध्यक्ष सोमा कौंडल भी पड़ोसी जिले के लोगों के इस व्यवहार से दुखी हैं। बकौल सोमा आंदोलन के नाम पर वहां बैठे लोग अर्की उपमंडल के लोगों, अधिकारियों व पुलिसवालों के लिए अभद्र भाषा का उपयोग कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सोलन–बिलासपुर के लोग आमने–सामने

**जब** बिलासपुर के सीमावर्ती गांवों के ग्रामीणों की कीकर-नवगांव पेयजल परियोजना के खिलाफ मोर्चा खोला तो उसके समर्थन में कशलोग, सेवड़ा चंडी, पारनू, संघोई, मांगू, नवगांव, व दाड़लाघाट पंचायतों के प्रतिनिधि व बासिंदे भी उतर आए। दोनों ओर से पेयजल योजना को रुकवाने व बनवाने को लेकर खींचतान शुरू हो गई है। ऐसे में भाजपा-कांग्रेस मैदान में न उतरे तो फायदा क्या। सो मौके का फायदा उठाकर राजनीतिक दल भी अपने अपने हिसाब से लोगों के सुर में सुर मिलाने लगे हैं।

## त्रिवेणीघाट में महापंचायत, विभाग के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**शुभम राही, बिलासपुर**

कीकर–नवगांव पेयजल योजना के विरोध में बिलासपुर जिले के त्रिवेणीघाट में शनिवार को दर्जनों पंचायतों के ग्रामीणों ने एकत्रित होकर महापंचायत का आयोजन किया। पेयजन योजना के विरोध में एकत्रित हुए सैकड़ों ग्रामीणों ने एकमत में इस योजना का विरोध करते हुए जलशक्ति विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।


शनिवार को त्रिवेणीघाट में आयोजित महापंचायत में मौजूद सैकड़ों ग्रामीण।

शनिवार को हुई महापंचायत में सैकड़ों लोग एकत्रित होने पर पुलिस दल भी मौके पर पहुंच गया। पुलिस प्रशासन की ओर से क्यूआरटी भी बुलाई गई, ताकि यहां पर कानून व्यवस्था बनीं रहे। ग्रामीणों के विरोध के चलते शनिवार को पेयजल योजना निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार भी कार्य पर नहीं पहुंचे। महापंचायत में ग्रामीणों और किसानों को संघर्ष समिति के पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों ने संबोधित किया।

इसके बाद समिति के पदाधिकारी और पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि आंदोलन की आगामी रणनीति बनाई जाएगी। अलीखड्ड बचाओ संघर्ष समिति के प्रधान रजनीश शर्मा ने कहा कि बिलासपुर और सोलन की सीमा पर सटे त्रिवेणीघाट में ऊठाऊ पेयजल योजना का लगातार विरोध किया जा रहा है, लेकिन लोगों के विरोध के बाद भी सरकार, प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा है। पुलिस पहरे इस योजना का जहां सोलन जिला के अंतर्गत कार्य करवाया जा रहा है। वहीं, बिलासपुर जिला से संबंधित स्थानीय पंचायतों के लोग लगातार इस ऊठाऊ पेयजल योजना का विरोध कर रहे हैं।

गौरतलब है कि जलशक्ति विभाग के अर्की मंडल द्वारा बिलासपुर जिले के अंतर्गत पड़ने वाले अली खड्ड से पानी उठाकर एक पीने के पानी की स्कीम बनाई जा रही है, जिसके बन जाने के कारण जिला बिलासपुर के श्रीनयना देवी जी व सदर विधानसभा क्षेत्र की अली खड्ड पर बनी 24 पेयजल और सात सिंचाई स्कीमें बंद हो जाएंगी। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि अर्की मंडल द्वारा बनाई जाने वाली इस स्कीम को तुरंत बंद किया जाए। वहीं, अली खड्ड संघर्ष समिति की ओर से ग्रामीण 12 फरवरी से आमरण अनशन पर बैठेंगे और जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## नीट–2024 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, आवेदन की अंतिम तिथि नौ मार्च

**अनंत ज्ञान, जाहू**

नीट के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नीट का ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि नौ मार्च निर्धारित की गई है। नीट का आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का दाखिले के समय 17 साल का होना अनिवार्य है। नीट का ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी के पास मोबाइल नंबर ई–मेल, पासपोर्ट फोटोग्राफ, पोस्टकार्ड फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, दाएं और बाएं हाथ के निशान व जाति से संबंधित प्रमाण पत्र का होना अनिवार्य है। नीट की परीक्षा पांच मई को होगी।

परीक्षा के लिए देशभर में 534 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश में नीट की परीक्षा के लिए दस परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिसमें बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा, पालमपुर, सिरमौर, सोलन, ऊना, हमीरपुर व शिमला है। यह परीक्षा 13 भाषाओं में आयोजित की जाएगी। नीट की परीक्षा का परिणाम 14 जून को निकाला जाएगा। सामान्य वर्ग के लिए 1700 रुपए फीस, सामान्य ईडब्ल्यूएस के लिए 1600, एससी, एसटी व अन्य वर्ग के लिए 1000 रुपए फीस देनी होगी। आवेदन की फीस अभ्यर्थी को डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड व नेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन देनी होगी। आवेदन में अगर कोई त्रुटि रह जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी करेक्शन विंडो खोली जाएगी, जिसकी तिथि अभी तक निर्धारित नहीं की गई है। अभ्यर्थी नीट का ऑनलाइन आवेदन करने के बारे में विस्तृत जानकारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नीट की वेबसाइट पर प्राप्त कर सकता है।

# शिमला से चिट्टा तस्करी गिरोह का फाइनेंस मैनेजर गिरफ्तार

### कुल्लू-हरियाणा-यूपी और दिल्ली तक फैले गिरोह के तार, अब तक आठ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

सोलन पुलिस की एसआईटी ने चिट्टा तस्करी गिरोह के फाइनेंशियल मैनेजर को शिमला के ननखरी से गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के सात सदस्यों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार करके जेल में डाल चुकी है, जिनमें तीन हरियाणा के और एक अफ्रीकी देश लाइबेरिया का रहने वाला है, जबकि तीन आरोपी कुल्लू के निरमंड के रहने वाले हैं। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने ननखड़ी से गिरोह के फाइनेंशियल मैनेजर की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

विदित रहे कि गत वर्ष 17 दिसंबर का कुल्लू के निरमंड निवासी तीन युवकों का शिमला के रामपुर और कुल्लू के ब्रा व निरमंड क्षेत्र में नौजवानों को चिट्टे की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उनके हवाले से सोलन पुलिस ने 21 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था। सोलन के पुलिस अधीक्षक ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन करके तफ्तीश को आगे बढ़ाने का जिम्मा इस टीम को सौंप दिया। इसके बाद एसआईटी ने इस नेटवर्क के फाइनेंशियल मैनेजर हरियाणा के कैथल निवासी 45 वर्षीय जितेंदर कुमार को हरियाणा के चीका से और यहीं के 29 वर्षीय विक्रम भौरिया को कैथल से गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस के अनुसार विक्रम ने सिर्फ तीन महीनों में ही 32 लाख रुपए से ज्यादा की बैंक ट्रांजेक्शन करके चिट्टा तस्करी को अंजाम दिया था।


पुलिस की गिरफ्त में चिट्टा तस्करी गिरोह का फाइनेंस मैनेजर।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

इस नेटवर्क के मुख्य सरगना हरियाणा निवासी प्रदीप नरवाल हरियाणा, पंजाब, हिमाचल और दिल्ली का एक बहुत बड़ा नशा तस्कर है, जो पिछले सात सालों से नशा तस्करी कर रहा था। एसआईटी ने उसे भी उत्तर प्रदेश के शामली जिले से यूपी पुलिस के साथ संयुक्त आपरेशन में गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद इस नेटवर्क का मुख्य चिट्टा सप्लायर आरोपी अफ्रीकी देश लाइबेरिया निवासी 37 वर्षीय डोए हैरिश योन्हा को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। योन्हा भारत में गैर बिना बीजा और पासपोर्ट के गैरकानूनी ढंग से रह रहा था। इन सभी लोगों से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि इस गिरोह का एक और फाइनेंशियल मैनेजर है, जो शिमला जिले के ननखड़ी का रहने वाला है। शुक्रवार को एसआईटी ने 23 वर्षीय राजीव मेहता ननखड़ी से गिरफ्तार कर लिया। इस तरह गिरोह के आठ सदस्यों को अब तक एसआईटी गिरफ्तार कर चुकी है। एसपी के अनुसार मामले की जांच आगे भी जारी है।

### हिमाचल पथ परिवहन मजदूर संघ ने जेसीसी से दिया त्याग पत्र

## एचआरटीसी जेसीसी दोफाड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- जेसीसी अध्यक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

हिमाचल पथ परिवहन संयुक्त समन्वय समीति के कर्मचारियों में एकरूपता न होने के चलते अब समिति दोफाड़ हो गई है। जेसीसी में शामिल हिमाचल पथ परिवहन मजदूर संघ ने त्याग पत्र समीति को दे दिया है। वहीं जेसीसी में शामिल हिमाचल पथ परिवहन मजदूर संघ के प्रवक्ता हरीश पराशर व सदस्य प्यार सिंह ठाकुर, कपिल, रविंद्र सिंह ने भी अपना त्याग पत्र दे दिया है।

जेसीसी से त्याग पत्र देने के साथ हिमाचल परिवहन मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हरीश पराशर ने जेसीसी पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि निगम कर्मचारियों की बढ़ती समस्यओं को देखते हुए सर्वसम्मति से जेसीसी का गठन किया था, लेकिन जेसीसी आज तक प्रबंधन से सिर्फ एक ही वार्ता कर पाई है, जिससे भी कर्मचारियों की समस्या का कोई हल नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि जेसीसी ने यह भी निर्णय लिया था कि निगम की समस्याओं के सरकार के समक्ष रखा जाएगा और प्रदेश भर के डिपुओं में जेसीसी का गठन किया जाएगा, लेकिन न तो कार्यकारिणी का गठन हुआ और न ही जेसीसी प्रबंधन के समक्ष कर्मचारियों की बात रख पाई। वहीं, उन्होंने जेसीसी अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अध्यक्ष सभी संगठनों के पदाधिकारियों से विचार–विमर्श कर फैसले लेने की बजाय व्यक्तिगत फैसले लेकर जेसीसी को मनमाने ढंग से चला रहे हैं। वहीं, उन्होंने जेसीसी के कार्यों पर भी सवाल उठाए और आरोप लगाते हुए कहा कि जेसीसी अध्यक्ष द्वारा प्रबंधन को बिना नोटिस दिए मंडी में चक्का जाम करवा दिया। इससे कई कर्मचारियों की नौकरी भी दाव पर लग गई थी, जबकि जेसीसी के अध्यक्ष होने के नाते सभी संगठनों के पदाधिकारियों से विचार–विमर्श करना चाहिए था। इसके अतिरिक्त कई मामले हैं जिन पर जेसीसी के सदस्यों को शामिल नहीं किया गया और फैसले लिए गए। उन्होंने अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि निगम ने अध्यक्ष को जिस पद पर तैनात किया है, उस पद पर भी लंबे समय से कार्य नहीं कर रहे हैं। परिवहन मजदूर संघ ने निणर्य लिया है कि संघ का कोई भी सदस्य जेसीसी में शामिल नहीं होगा, वहीं जेसीसी के साथ भी कोई लेन–देन नहीं होगा। वहीं इसकी जानकारी निगम प्रबंधक को भी दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बरोटीवाला में चिट्टे और बद्दी में गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**बीबीएन।** जिला बद्दी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चिट्टा व गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संबंधित थाना के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पहला मामला थाना बरोटीवाला में दर्ज हुआ। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि दून पब्लिक स्कूल के समीप एक मोटरसाइकिल चालक नशा बेचने की फिराक में है। पुलिस ने शक के आधार पर चालक आदर्श कुमार उर्फ आशू निवासी बग्गुवाला बरोटीवाला को रोका, जिसके पास से 1.42 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने थाना बरोटीवाला में मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, दूसरा मामला थाना बद्दी के तहत दर्ज हुआ। बद्दी के वर्धमान चौक के समीप निवासी नेपाल के व्यक्ति से 234 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी की पहचान रमेश सिंह गांव पंजुनेया तहसील व थाना गुगलेसूर जिला बेताडी नेपाल से हुई, जो कि बद्दी में रहता है। डीएसपी खजाना राम ने मामले की पुष्टि की है।

### जमीनी विवाद: महिला ने पानी के टैंक में छलांग लगाकर दी जान

**सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के त्रिफालघाट क्षेत्र में शनिवार सुबह एक महिला का शव पानी के टैंक से संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद होने पर हड़कंप मच गया। मृतिका की शिनाख्त अनीता देवी (48) पत्नी रणजीत सिंह निवासी गांव मंझखेतर त्रिफालघाट डाकघर तलेली तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के तौर पर हुई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अनीता देवी व उसकी पड़ोसन के परिवार का आपस में जमीनी विवाद चल रहा था। पुलिस ने मृतिका की पड़ोसन जमुना देवी को गिरफ्तार कर आत्महत्या के लिए उकसाने को लेकर मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुंदरनगर जसवीर सिंह ने खबर की पुष्टि की है।

### करंट से झुलसे बिजली कर्मी ने पीजीआई चंडीगढ़ में तोड़ा दम

**रेणुका जी।** संगड़ाह के अंतर्गत आने वाले गांव लोहारा-टिकरी में गत तीन फरवरी को कनिष्ठ अभियंता व अन्य किसी कर्मचारी की गैर मौजूदगी में ट्रांसफर पर अकेले काम करने के दौरान करंट लगने से झुलसे विद्युत कर्मी ने पीजीआई चंडीगढ़ मे दम तोड़ दिया। हादसे के समय आसपास मौजूद भगवान सिंह व रमेश कुमार नामक स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि 55 वर्षीय विद्युत कर्मी जीवन सिंह ट्रांसफार्मर पर करंट लगने से करीब 100 फुट नीचे खाई में लुढ़क गया था। इन दोनों ने ही उसे अस्पताल पंहुचाया था। डीएसपी संगड़ाह मुकेश डढवाल ने बताया कि विद्युत कर्मी जीवन सिंह के पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार को ही संगड़ाह से पुलिस टीम चंडीगढ़ पंहुच गई थी और मामले की तहकीकात जारी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार दोनों जेई की गैरमौजूदगी में संगड़ाह सब-स्टेशन से टिकरी गांव की लाइन बंद की गई, जबकि जीवन सिंह को लोहारा-टिकरी ट्रांसफार्मर पर काम करना था। गौरतलब है कि संगड़ाह में विद्युत बोर्ड का अधिशाषी अभियंता कार्यालय बंद किए जाने के बाद क्षेत्र में आए दिन अघोषित पावर कट लगने के साथ-साथ लापरवाही की घटनाएं भी बढ़ी हैं।

### जोगिंद्रनगर पहुंचे पूर्व सीएम जयराम ठाकुर



**जोगिंद्रनगर।** शनिवार को पूर्व सीएम व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के कांगड़ा प्रवास के दौरान कुछ समय के लिए लोकनिर्माण विश्राम गृह जोगिंद्रनगर में रुके जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयराम ठाकुर का स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कार्यकर्ताओं में चुनावी जोश भरा उन्होंने कहा कि देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिमाचल में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जीतेगी और चुनाव लड़ना या नहीं यह हाइकमान तय करता है हम तो केवल उनके आदेशों का पालन करते हैं। उन्होंने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्म पत्नी के निधन पर भी शोक जताया।

### 2004 से 14 तक रही घोटालों की सरकार: डॉ. बिंदल

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक श्वेत पत्र पार्लियामेंट के अंदर लाया। वह श्वेत पत्र यूपीए सरकार अर्थात कांग्रेस 2004 से लेकर 2014 तक की कार्यशाली का एक नमूना है। उन्होंने कहा कि 2004 में देश की प्रगति ठीक चल रही थी और आर्थिक स्थिति भी ठीक थी, परंतु मनमोहन सिंह और उनकी सरकार सोनिया गांधी की सरकार में जिस प्रकार का मिस मैनेजमेंट हुआ है, उसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति लगातार गिरती चली गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम 2014 में ऐसी स्तिथि में आकर खड़े हुए जब हम दुनिया के निम्न स्तर के ऊपर पहुंचे हुए देश के अंदर थे, कारण यह था की 15 बड़े-बड़े घोटाले हुए लगभग और 20 लाख करोड़ रुपए के घोटाले चाहे उसमें 2जी घोटाला हो 3जी घोटाला हो। 2014 के बाद उस स्थिति को संभालने का काम नरेंद्र भाई मोदी की सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि मंहगाई दर की तुलना करें तो कांग्रेस शासन में 2004 से 2014 में महंगाई दर 8.2 पर्सेंट थी और जो लगातार प्रयास के बाद पिछले दस सालों में महंगाई दर पांच प्रतिशत के ऊपर लाकर खड़ी की है ।

# सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर हर आंख नम

### नड्डा, बिंदल, जयराम ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी के स्वर्गवास पर शोक प्रकट किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, प्रभारी अविनाश राय खन्ना, सह प्रभारी संजय टंडन, प्रभारी श्रीकांत शर्मा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, त्रिलोक कपूर, डॉक्टर सिकंदर कुमार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, सतपाल सती ने शोक प्रकट करते हुए कहा की उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी 56 वर्षीय डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री का शुक्रवार रात को निधन हो गया।

इस दुख की घड़ी में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री एवं उनकी पुत्री आस्था को भगवान संबल प्रदान करें। मुकेश अग्निहोत्री ने रात करीब 12 बजे इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर जानकारी देते हुए लिखा, 'सिम्मी अग्निहोत्री हमें और आस्था को छोड़कर चली गई है।' भाजपा नेताओं ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।


प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की चिता को मुखाग्नि देती उनकी बेटी आस्था व मुकेश अग्निहोत्री।

### राज्यपाल ने प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर जताया शोक

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री का शुक्रवार देर सायं निधन हो गया। राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति से उबरने की प्रार्थना की है।

### सीएम ने दी श्रद्धांजलि



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को ऊना के हरोली उपमंडल के गोंदपुर जयचंद पहुंच कर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री के पैतृक गांव गोंदपुर जयचंद में पार्थिव शरीर की अंतिम यात्रा तथा संस्कार में भाग लिया। उपमुख्यमंत्री की पुत्री आस्था अग्निहोत्री ने अपनी दिवंगत माता को मुखाग्नि दी। इस अवसर पर विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चैहान, राजनेता तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

**मसला** | कनेक्शन की फाइलें पेंडिंग, बिजली बोर्ड के पास आठ महीनों से नहीं हैं डिजिटल मीटर

# हिमाचल में बिजली के नए कनेक्शन को अभी इंतजार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

बिजली बोर्ड में नए मीटर कनेक्शनों की तमाम फाइलें पेंडिंग हैं। उपभोक्ता मीटर कनेक्शन की इंतजार में परेशान हो हैं। सूबे के किसी भी बिजली बोर्ड के दफ्तर में मीटर नहीं हैं। ऐसी स्थिति में नए कनेक्शन लगेंगे कैसे? डोमेस्टिक और कमर्शियल दोनों की स्थिति एक जैसी है।

बिजली बोर्ड ने समय पर मीटरों की खरीद नहीं की, जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। प्रदेश में इस समय 50 हजार से ज्यादा फाइलें नए कनेक्शन की पेंडिंग हैं। डेड मीटरों का स्टॉक भी लगातार बढ़ रहा है। इनके नहीं बदलने से बिजली बोर्ड को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कंस्ट्रक्शन वर्क जोड़ों पर चल रहा है। सभी जिलों में हजारों की तादाद में फाइलें पेंडिंग हैं। अकेले हमीरपुर डिवीजन में पेंडिंग फाइलों की संख्या 2000 के करीब है। वहीं, मंडी में यह आंकड़ा 3000 से ऊपर है। बिलासपुर, सोलन और सिरमौर में भी हजारों में नए मीटर कनेक्शन पेंडिंग हैं।



बोर्ड ने एक लाख नए मीटर खरीदने की परिक्रिया चार महीने पहले शुरू कर दी थी, लेकिन अभी तक मुकम्मल नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक पहली खेप में तकरीबन 30000 मीटर आएंगे। ये बांटकर तमाम जिलों को भेजे जाएंगे। जानकारी के अनुसार नए कनेक्शन के लिए पिछले दो माह से पेंडिंग फाइलों की तादाद देखकर नई फाइलें ज्यादातर सब–डिविजनों में नहीं ली जा रही हैं। क्योंकि फाइल वर्क मुकम्मल करते ही फीस भी जमा करवानी पड़ेगी। मीटर लगेगा नहीं, तो फिर फाइल जमा करवाएंगे क्यों।

अब देखना यही है कि बिजली बोर्ड का अमला उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर कितना खरा उतरता है। डिजिटल मीटर ही लोगों को तुरंत मुहैया हो जाएं, तो उनकी समस्या हल हो सकेगी। (अनंत ज्ञान)

### दो कंपनियों को दिए ऑर्डर

**शिमला** स्थित इस परचेज सेल के एडिशनल इंचार्ज इंजीनियर मनीष महाजन का कहना है कि 85000 की खरीद के लिए आर्डर दे दिया गया है। इसी हफ्ते 30000 मीटर की खेप मिल जाएगी। इसमें 10000 आ गए हैं और बाकी 20000 अगले सप्ताह बोर्ड को मिल जाएंगे। इनकी इंस्पेक्शन चल रही है। वहीं, दो कंपनियों को ऑर्डर दिया गया है। इसमें बद्दी की एक कंपनी को 50000 और मेरठ की कंपनी को 35000 मीटर सप्लाई करने की जिम्मेदारी सौंप गई है। उनका कहना था कि इस माह के अंत तक सारी सप्लाई आने की उम्मीद है तकरीबन 60000 की तत्काल जरूरत है वह पूरी कर दी जाएगी।

### शूलिनी विवि ने किया नेट–शून्य ऊर्जा भवनों के लिए कंप्रेसर मुक्त एसी का आविष्कार

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में ऊर्जा विज्ञान और प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र सीईईएसटी के वैज्ञानिकों ने ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय के सहयोग से एक अग्रणी कंप्रेसर मुक्त एसी का अविष्कार किया है। फोटोवोल्टिक प्रणाली द्वारा संचालित यह अविष्कार वैश्विक स्तर पर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। इस परिवर्तनकारी अध्ययन के नतीजे प्रतिष्ठित इंटरनेशनल जर्नल ऑफ क्लीनर प्रोडक्शन में प्रकाशित हुए, जिसमें साइट स्कोर 18.5 और प्रभाव कारक 11.1 था। राहुल चंदेल, श्याम सिंह चंदेल, देव प्रसाद और आरपी द्विवेदी की टीम ने पारंपरिक कंप्रेसर आधारित एयर कंडीशनिंग सिस्टम को थर्मोइलेक्ट्रिक कूलिंग तकनीक से बदलने के लिए एक टिकाऊ तरीका पेश किया। अध्ययन का मुख्य आकर्षण अर्ध पारदर्शी थर्मोइलेक्ट्रिक मॉड्यूल का विकास है, जो भविष्य के वाणिज्यिक शीतलन उपकरणों और एनजेडईबी में आगे के शोध का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रोफेसर श्याम सिंह चंदेल ने ऐसी टिकाऊ प्रौद्योगिकियों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। ग्लोबल वार्मिंग चुनौतियों और संयुक्त राष्ट्र एसडीजी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के मद्देनजर इन टिकाऊ शीतलन समाधानों पर आगे शोध करना और उनका उपयोग करना जरूरी है।

## न्यूज ब्रीफ

### फिजिकल टेस्ट के दूसरे दिन 231 प्रतिभागी उत्तीर्ण

**सोलन।** सोलन वन मंडल की वन मित्र भर्ती के फिजिकल टेस्ट के दूसरे दिन 336 परीक्षार्थी फिजिकल टेस्ट के लिए पहुंचे। पुरुषों में 134 परीक्षार्थी फिजिकल टेस्ट में पास हुए, जबकि 97 महिला परीक्षार्थियों ने परीक्षा पास की। तीन दिवसीय प्रक्रिया में लगभग 800 पुरुष परीक्षार्थियों ने पांच किमी की दौड़ 30 मिनट व 400 महिला परीक्षार्थियों ने 1500 मीटर की दौड़ 10 मिनट में पूरी करने का प्रयास किया। जिला प्रशासन के आदेशानुसार वन विभाग द्वारा जौणा जी रोड पर कालाघाट से दमकड़ी तक दौड़ करवाई गई। इस दौरान पुलिस व चिकित्सा विभाग के अधिकारी भी मुस्तैद रहे।

### सड़क सुरक्षा डेटाबेस को लेकर कार्यशाला


सड़क सुरक्षा डेटाबेस में डाटा अपडेट करने को लेकर बैठक में हिस्सा लेते अधिकारी।

**सोलन।** सड़क सुरक्षा माह के तहत क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय सोलन में एकीकृत सड़क सुरक्षा डेटाबेस आईआरएडी को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता परिवहन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने की।सुरेंद्र कुमार ने कहा कि देशभर में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों का विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने तथा दुर्घटनाओं में नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा आईआरएडी मोबाइल ऐप और वेब एप्लिशन तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस डाटाबेस द्वारा दुर्घटना के कारणों की सही जानकारी होने से संबंधित विभागों के अधिकारीगण दुर्घटनाजन्य सड़क खंडों में आवश्यक सुधारात्मक उपायों का पता लगा सकते हैं। कार्यशाला में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र; एनआईसी के प्रतिनिधि अंबिका शर्मा, जिला रोल आउट मैनेजर ने संबंधित परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारियों को डाटा अपडेट करने से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं का प्रशिक्षण दिया।

### बरेली कॉलेज में एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित


बरेली कॉलेज के रेड रिबन क्लब के सदस्य छात्रों के साथ।

**पांवटा साहिब।** बरेली महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब ने एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर सीएचसी राजपुर की मेडिकल ऑफिसर डॉ. राशवी शर्मा तथा सुपरवाइजर राजपुर वीना देवी ने शिरकत की। इस अवसर पर डॉ. राशवी शर्मा ने बच्चों को एड्स और एचआईवी किस तरह फैलता है, के कारणों के बारे में बताया और उससे बचाव के तरीके बताए। यह जागरूकता कार्यक्रम रेड रिबन क्लब के नोडल ऑफिसर सुशील तोमर के सानिध्य में हुआ। इस दौरान महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य टीए चौहान, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. दीपाली भंडारी तथा प्रो. स्वाति चौहान भी उपस्थित रहे। सभी ने शपथ ली कि हम लोग समाज में लोगों को एड्स के बारे में जागरूक करेंगे तथा हिमाचल को और भारत को एड्स मुक्त बनाने में अपना योगदान देंगे।

### अरिहंत स्कूल के बच्चों ने दी फेयरवेल पार्टी

**नाहन।** अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को बारहवीं कक्षा के छात्रों की फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ। कक्षा 12वीं और 11वीं के छात्रों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और सबके साथ खट्टी-मीठी यादों को साझा किया।मुख्यातिथि के रूप में प्रबंधक समीति के अध्यक्ष अनिल जैन व अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर एवं प्रधानाचार्या दविंद्र साहनी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आगाज दीप ज्योति प्रज्वलन द्वारा हुआ।आयोजन के दौरान छात्राओं ने कैट वॉक, डांस व स्पीच प्रस्तुत की। छात्रों ने रोमांचक खेलों का आनंद लिया। 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को यादगार टाइटल्स से नवाजा गया। सोलो सांग व नाटक ने खूब वाहवाही बटोरी। प्रधानाचार्या दविंद्र साहनी ने कहा कि विद्यालय के शैक्षणिक वर्ष छात्रों को भावी जीवन के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने छात्रों को विद्यालय की प्रथम सीबीएसई वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दीं।


कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते अतिथि।

### सीटू कमेटी की बैठक में हड़ताल पर बनी रणनीति


बैठक को संबोधित करते सीटू के जिला महासचिव आशीष कुमार

**पांवटा साहिब।** आंगनबाड़ी वर्कर्ज हेल्पर्ज यूनियन सीटू की प्रोजेक्ट कमेटी की बैठक में हाल ही पेश किए गए केंद्रीय बजट व पिछले पांच साल के मोदी सरकार के कार्यकाल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और योजना कार्यकर्ताओं की पूर्ण उपेक्षा और कथित अपमान का कड़ा विरोध किया है। प्रोजेक्ट पांवटा की अध्यक्ष इंदु तोमर, महासचिव देवकुमारी, माया, रेखा आदि ने कहा कि 16 फरवरी को प्रस्तावित अखिल भारतीय हड़ताल में पांवटा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं बढ़-चढ़कर भाग लेंगी। सीटू जिला महसचिव आशीष कुमार ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में मोदी सरकार ऐसी एकमात्र सरकार है, जिसने आईसीडीएस की स्थापना के बाद से अपने पांच साल के कार्यकाल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के पारिश्रमिक में एक बार भी वृद्धि नहीं की है। इसी के साथ कार्यभार में कई गुना वृद्धि की है और वर्कर्स के काम के घंटे कई

### सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की सिम्मी अग्निहोत्री के आकस्मिक निधन पर भारतीय जनता पार्टी एवं भाजपा मीडिया विभाग ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि भाजपा मीडिया परिवार दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता है।

### सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर कांग्रेस में शोक



**अर्की।** ब्लॉक कांग्रेस अर्की कमेटी ने हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर शोक जताया है। ब्लॉक कांग्रेस अर्की के मीडिया अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस अर्की के अध्यक्ष सतीश कश्यप पंचायत स्तर की बैठकों के लिए पंचायत कंधर, बेरल, सयरली के दौरे पर थे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी के निधन का समाचार प्राप्त हुआ। ब्लॉक अध्यक्ष सतीश कश्यप ने मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि मुकेश अग्निहोत्री के परिवार के लिए यह बड़ा आघात है। कश्यप ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की तथा दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष हेमंत वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कोषाध्यक्ष रोशन वर्मा, ब्लॉक महासचिव सीमा शर्मा, अर्की नगर पंचायत के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, रवि पाठक, विनय शर्मा, सुमित, जिला कांग्रेस सचिव राजेंद्र रावत, एटीटीओ सोसायटी दाड़लाघाट के प्रधान ऋषि देव सहित सभी कार्यकर्ताओं ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

# गोजर में खनन विभाग की दबिश कई ट्रैक्टर अवैध खनन करते मिले

## कार्रवाई कर ट्रैक्टरों का चालान कर एक लाख 10 हजार रुपए जुर्माना वसूला


गोजर में पकड़ा गया एक ट्रैक्टर जो अवैध खनन कर रहा था।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

अवैध खनन के खिलाफ माइनिंग विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई की है। खनन विभाग की टीम ने गोजर में अवैध खनन माफिया के खिलाफ छापेमारी करते हुए पिछले तीन दिनों में ट्रैक्टरों का चालान कर एक लाख 10 हजार रुपए जुर्माना वसूला है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खनन विभाग को गोजर में अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद जिला खनन अधिकारी कुलभूषण शर्मा के निर्देश पर खनन विभाग राजपुर के इंस्पेक्टर संजीव कुमार की अगुआई में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान नदी में कुछ ट्रैक्टर संचालक अवैध खनन की गतिविधियों में लगे हुए मिले।

गौरतलब है कि इससे पहले भी पांवटा साहिब में खनन विभाग राजपुर के इंस्पेक्टर संजीव कुमार की अगुआई में विभाग ने खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई की थी।

कई जगह से स्टॉक किया गया रेत बजरी भी खनन विभाग द्वारा जब्त किया गया तथा कई लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई गई। उधर, जिला खनन अधिकारी कुलभूषण शर्मा ने बताया कि विभाग की टीम ने पांवटा साहिब के गोजर में अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी की। उन्होंने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### वैध माइनिंग का माल क्रशर संचालक ने खरीदने से किया मना तो चालक के साथ मारपीट

**बीबीएन।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत पंजैहरा में एक स्टोन क्रशर के गाड़ी चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने स्टोन क्रशर के मालिक पुनीत कौशल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में क्रशर मालिक ने बताया कि बीते दिन जब स्टोन क्रशर से गाड़ी माल लेकर निकली तो स्थानीय युवकों जगतपुरा निवासी गुरजीत सिंह, परमजीत उर्फ रिक्की, सूरज ठाकुर समेत अन्य युवकों ने गाड़ी को जबरन रोक लिया और चालक के साथ मारपपीट करते हुए दबाव बनाने लगे कि अवैध माइनिंग का माल उनसे लिया जाए। क्रशर मालिक का कहना है कि ये युवक एरिया में अवैध माइनिंग करते हैं जो काफी दिनों से दबाव बना रहे हैं। डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान ने बताया कि पुलिस लगातार अवैध माइनिंग के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि क्रशर मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# सराहनीय सेवाओं के लिए डॉ. विवेक सूद को किया सम्मानित


ग्रामीणों के साथ डॉ. विवेक सूद जो कि आंजभोज क्षेत्र के लिए फरिश्ते से कम नहीं हैं।

**प्रीति चौहान, पांवटा साहिब**

सीएचसी राजपुर अस्पताल क्षेत्र का एकमात्र ऐसा अस्पताल है, जहां से आंजभोज की 11 पंचायतों सहित काफी लोग लाभान्वित होते हैं। राजपुर हॉस्पिटल में कार्यरत एमडी मेडिसिन डॉ. विवेक सूद और उनकी पूरी टीम क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का प्रयास कर रही है। क्षेत्रवासियों की मानें तो डॉ. विवेक सूद के कार्य से सारा आंजभोज क्षेत्र प्रसन्न है।

उनकी बेहतरीन सेवाओं के लिए राजपुर पंचायत सहित पूरे क्षेत्र ने उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान पंचायत प्रधान अश्वनी सिंगला, बुद्धि प्रकाश गोयल, विकास गोयल, प्रमोद गोयल, सुरेश गोयल, सन्तोष गोयल और योगिता गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने डॉ. विवेक सूद को शॉल, हिमाचली टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनका आभार जताया।

गौर हो कि डा. विवेक सूद राजपुर अस्पताल में लगभग दो वर्षों से कार्यरत है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके लिए डॉ. सूद आज तक के इतिहास के सबसे बेहतरीन डॉक्टर उनके क्षेत्र को मिले हैं। इनका व्यवहार इतना लाजवाब और विनम्र है कि मरीज डॉक्टर से बात करके ही अच्छा महसूस करने लगता है। बातचीत में डॉ विवेक सूद ने बताया कि वो शहरी माहौल में पले बढ़े हैं उन्होंने कभी गांव कभी देखा भी नहीं था। इसलिए जब उनकी पहली पोस्टिंग राजगढ़ के चोकर में हुई तो गांव के लोगों को इस तकलीफ में देखकर उनके लिए कुछ अच्छा करने की प्रेरणा मिली, वह अब सिर्फ अपना प्रयास मात्र कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा को बदनाम करने वाले 12400 करोड़ के कर रहे अनुबंध : विवेक शर्मा



**सोलन।** भाजपा प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा देश के उद्योगपतियों की प्रति अचानक हृदय परिवर्तन क्यों हुआ, पूर्व में उनके लोकसभा के बयान से लेकर सार्वजनिक मंचों तक भाजपा के संबंध जिन उद्योगपतियों के साथ वह बताते थे। आज तीन राज्यों तक सिमटी हुई कांग्रेस की तेलंगाना सरकार ने 12400 करोड़ के अनुबंध किए हैं।

आगामी कुछ वर्षों में अदानी समूह की 36,500 करोड़ के निवेश की संभावना है। केवल भाजपा के साथ उद्योगपतियों को जोड़कर समाज में भ्रमित करने का एक संयोजित प्रयास है, जो कांग्रेस का प्रचार एवं चाल, चरित्र और चेहरा है।

## अरमान-सोनिया बने बेस्ट स्टूडेंट्स


राजकीय उच्च पाठशाला गुलाबगढ़ में वार्षिक पारितोषिक समारोह धूमधाम से मनाया गया।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

राजकीय उच्च पाठशाला गुलाबगढ़ में वार्षिक पारितोषिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उद्योगपति ओर्गेलो हर्बल केयर के चैयरमेन मुकेश भटारा कार्यक्रम में मौजूद रहे, साथ ही हरीश जस्सल, कुंडियों पंचायत की प्रधान समीना बेगम बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुई। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अध्यापक धनेश जैन व स्कूल प्रबंधन समिति ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अध्यापक धनेश जैन ने पूरे वर्ष में की गई स्कूल में विभिन्न गतिविधियों की रिपोर्ट सुनाई। अरमान एवं सोनिया को बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड दिया गया। अंत में मुख्य अतिथि ने शिक्षा का खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया।

### ग्रीन हिल्स कॉलेज में आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला



कार्यशाला में शामिल होने वाले विद्यार्थी।

**सोलन।** ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज सोलन के सिविल इंजीनियरिंग विंग ने प्रो. दिनेश कश्यप की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें थर्ड ईयर के छात्र अंकुश वंतू और टीम सदस्यों ने आपदा प्रबंधन पर बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस दौरान सहायक प्रोफेसर अविनाश चौहान ने आपदा प्रबंधन की चुनौतियों से निपटने में सिविल इंजीनियरों की भूमिका की जानकारी दी। एचओडी प्रो. दिनेश कश्यप ने संकाय के सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने आपदा स्थिति से निपटने के लिए सिविल इंजीनियरिंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

### गीत-संगीत से बताईं सरकारी योजनाएं

**सोलन।** सांस्कृतिक कला मंच के कलाकारों द्वारा आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की कवारग तथा सैंज पंचायचतों में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कलाकारों ने लोगों को सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही इंतकाल लोक अदालतों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर कवारग पंचायत की प्रधान संगीता, सैंज पंचायत के प्रधान देवेंद्र कुमार, कवारगपंचायत के उपप्रधान मुकेश, सैंज पंचायत के उपप्रधान विनोद शर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# नगर निगम सोलन में 'नारी शक्ति वंदन'


आयुक्त एकता कप्टा | डिप्टी मेयर मीरा | अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रियंका | मेयर ऊषा शर्मा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन में वरिष्ठ एचएएस अधिकारी एकता कापटा की बतौर आयुक्त पद पर नियुक्ति होने से अब सभी महत्वपूर्ण पदों पर नारी शक्ति काबिज हो गई।

इससे पहले नगर निगम सोलन में मेयर और डिप्टी मेयर के दोनों ही पदों पर महिलाएं काबिज हुईं, जबकि अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रियंका चंद्रा पहले से ही अपनी सेवाएं दे रही हैं। इसी तरह सहायक अभियंता और ट्री कमेटी की एसीएफ और असिस्टेंट कंट्रोलर पद पर भी महिला अधिकारी कार्यरत है। देखना रोचक होगा कि मातृ शक्ति की जुगलबंदी सोलन शहर किस मुकाम तक पहुंचाएंगी।

नवनियुक्त आयुक्त एकता कापटा सोलन में पहले भी बतौर एसडीएम पद पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। उन्हें शहर की परिस्थितियों की भली भांति जानकारी है, ऐसे में उन्हें निगम में काम करने की आसानी रहेगी।

**बरसात से हुए नुकसान की भरपाई बाकी :** शहर में अभी बरसात से हुए नुकसान की भरपाई बाकी है। इसकी की भरपाई के लिए धनराशि का प्रावधान करना भी चुनौती बना हुआ है। सोलन एमसी को बारिश में 3.80 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है और डीसी ने 17 वार्डों के लिए 58 लाख रुपए की राशि जारी की है। पार्षदों ने बड़े पैमाने पर हुई क्षति को देखते हुए इस राशि को कम बताया है।

### पानी, पार्किंग, सफाई व्यवस्था बड़ी चुनौती

**नगर** निगम सोलन में हमेशा ही पानी, पार्किंग और सफाई व्यवस्था चुनौतीपूर्ण रहा है। अधिकारी और पदाधिकारी पदभार संभालते ही बड़े बड़े दावे तो करते रहे हैं, पर इस डगर की चुनौतियों के सामने नतमस्तक हो जाते हैं। अब महिलाओं के सशक्तिकरण से स्थानीय लोगों को उम्मीद रहेगी कि उन्हें गर्मियों और बरसातों में मंगानुसार शुद्ध पेयजल मिले। यह तभी होगा जब वार्डों में वाटर स्टोरेज टैंक बनेंगे। शहर सहित वार्डों में इतनी तो पार्किंग मिले की लोगों को आए दिन चालान न भुगतान पड़े। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के दावे होते रहे हैं, पर यह सपना बन कर रह गया है। शहर स्वास्थ्य की दृष्टि से स्वच्छ तब होगा, जब सभी घरों को सीवरेज टीटमेंट प्लांट से कनेक्ट किया जाएगा।

### पवन शर्मा ने बूथ में जाकर किया प्रवास


प्रवास के दौरान पवन शर्मा ने लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताईं।

**रेणुका जी।** प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाया गया गांव चलो अभियान के तहत सोशल मीडिया संयोजक रेणुका जी मंडल पवन शर्मा के 24 घंटे प्रवास के तहत सत्तर भादों बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने मोदी द्वारा चलाई गई जन कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी दी और मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपील की। इसमें सत्तर भादो बूथ के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, बूथ पालक विनोद कुमार, बीएलए सुरेश कुमार एवं महिलाओं और बुजुर्गों का भरपूर सहयोग मिला।

### भारत को महान राष्ट्र बनाने के एजेंडे पर चुनाव लड़ेगी भाजपा : सुखराम



**नाहन।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं संसदीय क्षेत्र प्रभारी सुखराम चौधरी ने कहा कि आजाद भारत का यह पहला ऐसा चुनाव होगा, जिसमें भारत को महान राष्ट्र बनाने के एजेंडे पर चुनाव लड़ा जाएगा और पब्लिक मैंडेट भी महान भारत के मुद्दे पर ही आएगा। मोदी ने 2047 तक आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का एजेंडा देश की जनता के सामने रखा है। उन्होंने कहा कि 2047 से पहले ही मोदी की तीसरी टर्म में ही इसका ज्यादातर काम समाप्त कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा की भाजपा अपनी विचारधारा, अपने एजेंडे और अपने कार्यक्रम के साथ अडिग है। यह चुनाव एनडीए बनाम इंडी गठबंधन नहीं बल्कि घोर निराशा और उज्ज्वल भविष्य के बीच है।

## कांग्रेस ने 2004 से 2014 तक 20 लाख करोड़ रुपए का किया घोटाला : बिंदल



**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल शनिवार को नालागढ़ में एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे। बिंदल ने झाड़माजरी में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक श्वेत पत्र संसद के अंदर लाया है, वह यूपीए सरकार के 2004 से लेकर 2014 तक की कार्यशैली का एक नमूना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम 2014 में ऐसी स्थिति में आकर खड़े हुए, जब हम दुनिया के निम्न स्तर के ऊपर पहुंचे हुए देश के अंदर थे और कारण यह था कि 2004 से लेकर 2014 तक लगभग 20 लाख करोड़ रुपए के घोटाले हुए। इससे देश की आर्थिक स्थिति के साथ-साथ छवि भी खराब हुई। बिंदल ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद उस स्थिति को संभालने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया।

### लापता लोगों की तलाश को तेजी से चलाया जाए सर्च ऑपरेशन

**बीबीएन।** बद्दी के झाड़माजरी में एनआर एरोमा उद्योग में हुए अग्निकांड काजायजा लेने शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल पहुंच और घटना पर दुख प्रकट किया। इसके बाद अस्पताल में भर्ती घायलों से उनका हाल जाना। बिंदल ने कहा कि प्रदेश सरकार को सर्च आपरेशन में तेजी लानी चाहिए ताकि लापता कामगारों का पता लगाया जा सके।

### उद्योगपति ने मां के जन्मदिन पर लगाया शिविर


स्वास्थ्य शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के क्योरटेक ग्रुप की ओर से शनिवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में 500 से अधिक लोगों व कामगारों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। यह शिविर क्योरटेक ग्रुप के निदेशक व अमित सिंगला सोशल वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन सुमित सिंगला की माता दर्शना देवी के जन्मदिवस पर आयोजित किया गया। इस शिविर में दंत, रक्त, शुगर, ब्लड प्रेशर व आंखों के रोगों की निशुल्क जांच की गइ और निशुल्क टेस्ट भी किए गए। व्डॉक्टरों ने कैंप में आए लोगों के स्वास्थ्य को ठीक करने के टिप्स भी दिए ताकि लोग बीमारियों के प्रति अलर्ट रहें। क्योरटेक ग्रुप के निदेशक सुमित सिंगला ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा ताकि जरूरतमंदों और आम जनता को इसका लाभ मिल सके।

**आयोजन** एससीईआरटी सोलन में आयोजित राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिकी प्रदर्शनी व सेमिनार में प्रदेश भर के छात्रों ने अपने हुनर का लोहा मनवाया

# कंप्यूटेशनल थिंकिंग में शिवालिक वैली स्कूल के ध्रुव मेहरा प्रथम

**तेजपाल नेगी, सोलन**

राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी सोलन में आयोजित 51वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिकी प्रदर्शनी व सेमिनार में प्रदेश भर से आए छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर का लोहा मनवाया।

बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी व सेमिनार में मिल्ट्स फॉर हेल्थ एंड सस्टेनेबल प्लान विषय में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूमती, सोलन की छात्रा पूर्णिमा ने प्रथम, एएनवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूलनाहन की नंदिनी सैनी द्वितीय और शिवालिक वैली स्कूल जिला सोलन के रुद्रांश शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। वैज्ञानिक प्रदर्शनी के हेल्थ विषय मेंसीनियर सेकेंडरी स्कूल मिनर्वा जिला बिलासपुर के वंश बजाज ने प्रथम स्थान हासिल किया। लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट में बीटीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूरपुर जिला कांगड़ा की विधि गुप्ता प्रथम, सीनियर सेकेंडरी स्कूल बस्सी जिला मंडी की समृद्धि द्वितीय, सीनियर सेकेंडरी स्कूलचुरुरु जिला ऊना के निशांत पुनर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एग्रीकल्चर विषय में होली हिमालयन स्कूलचंबा की अदिति ने प्रथम, सीनियर सेकेंडरी स्कूल मिनर्वा जिला बिलासपुर की गरिमा ने द्वितीय, राजकीय हाई स्कूल कालर जिला बिलासपुर की साक्षी ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

कम्युनिकेशन एंड ट्रांसपोर्ट विषय की प्रदर्शनी प्रेजेंटेशन में सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंबा की पूर्वांजलि प्रथम, सीनियर सेकेंडरी स्कूल मिनर्वा जिला बिलासपुर की सोनाक्षी द्वितीय स्थान अर्जित किया जबकि सीनियर सेकेंडरी स्कूलकमला फोर्ट मंडी की नताशा ने तीसरा स्थान अर्जित किया।


राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में लगाए गए मॉडल देखते अतिथि।

### कम्युनिकेशन एंड ट्रांसपोर्ट प्रेजेंटेशन चंबा स्कूल की पूर्वांजलि अव्वल

कंप्यूटेशनल थिंकिंग में शिवालिक वैली स्कूल सोलन के ध्रुव मेहरा प्रथम रहे, जबकि मैथमेटिक्स फॉर अस कंपटीशन में भी शिवालिक वैली स्कूल जिला सोलन की इशिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिरिक्त शिक्षा निदेशक एचएएस बीआर शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एससीईआरटी के प्रिंसिपल हेमंत कुमार ने की, जबकि डाइट सोलन के प्रिंसिपल कम कार्यकारी उपशिक्षा निदेशक एलीमेंट्री डॉ. शिव कुमार ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। मुख्य अतिथि बीआर शर्मा ने छात्रों की रचनात्मक और वैज्ञानिक सोच की सराहना की। शर्मा ने छात्रों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपना कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इससे पहले संस्थान के प्रिंसिपल हेमंत कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यातिथि की उपस्थिति से भविष्य के वैज्ञानिकों को प्रेरणा और प्रोत्साहन मिला है। कार्यक्रम की साइंस और मैथ्स संयोजक रजनी सांख्यान ने राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिकी प्रदर्शनी पर प्रकाश डाला। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024 की को-ऑर्डिनेटर सीमा शर्मा और सहायक को-ऑर्डिनेटर गौरव जोशी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

को-ऑर्डिनेटर सीमा शर्मा ने कहा कि स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024 के लिए प्रदेश भर के विभिन्न सरकारी स्कूलों से करीब 110 वक्तव्य प्राप्त हुए जिसकी स्क्रूटनी के बाद 34 वक्तव्य चयनित किए गए। सेमिनार में डॉ. पवन शर्मा, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. मंजू ठाकुर, डॉ. प्रेम प्रकाश नेगी और डॉ. नीरज राणा ने निर्णायक की भूमिका निभाई, जबकि मंगेश ठाकुर ने मंच संचालन किया। (अनंत ज्ञान)

## युवक से पकड़ा 6.6 ग्राम चिट्टा

**धर्मशाला।** धर्मशाला पुलिस थाना के अंतर्गत सिद्धबाड़ी के एक युवक से पुलिस ने चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सदर टीम एएसआई विजय सिंह की अगुआई में चीलगाड़ी मार्ग पर गश्त पर थी, तो इस दौरान शक के आधार पर पैदल गुजर रहे एक युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 6.6 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपी युवक की पहचान सिद्धबाड़ी निवासी 29 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। उधर, एएसपी वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### कड़ाहू महादेव में पहला वार्षिक भंडारा संपन्न

**डरोह।** गढ़जमूला में प्राचीन प्रसिद्ध कड़ाहू महादेव का मंदिर है। मंदिर के पुजारी कर्म सिंह से पूछने पर पता चला कि यह कड़ाहू मंदिर कड़ाहू वन के बीचों-बीच वटवृक्ष के नीचे स्थित है। इसका इतिहास लगभग 400 साल पुराना है। साथ ही जख बाबा की प्रतिमा भी है। यहां पर एक गुर्जर बस्ती भी है। इस मंदिर में एक प्रथा सदियों से प्रचलित है कि जब भी किसी गांव वासी की गाय या भैंस बच्चा देती है तो लोग उसका पहला दूध और दही कड़ाहू महादेव को चढ़ाने आते हैं। शनिवार को यहां साल का पहला भंडारा था। कड़ाहू महादेव इतने सच्चे हैं कि जो भी भक्त इनके आगे अपनी मन्नत मांगते हैं वह पूरी होती है। इस दौरान आज भंडारे में बहुत से लोग एकत्रित हुए, सभी ने जयकारों के साथ बाबा जी के दर्शन किए और लंगर भी ग्रहण किया।

### आजाद क्लब हलदरा कौना ने चूमी वॉलीबाल ट्रॉफी

**डरोह।** युवक मंडल सई ध्रांता द्वारा आयोजित की जा रही तीन दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के पहले दिन कांगड़ा जिला की बारह टीमों के बीच मुकाबले हुए। इसमें आजाद क्लब हलदरा कौना की टीम विजेता व बाबा बैजनाथ क्लब की टीम उपविजेता रही। जिन्हें ग्राम पंचायत ध्रांता के प्रधान राजिंद्र धीमान ने ट्रॉफी व नकदी पुरस्कार क्रमशः 3100 व 2100 रुपए देकर पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पुजा ज्वेलर्स धुरल के मालिक मनीष राणा ने किया तथा युवक मंडल सई ध्रांता को वॉलीबाल प्रतियोगिता के शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व प्रधान कुलदीप जाट, सतिंदर वालिया, अमित जाट, विनोद राणा, जय धीमान, नवनीत सूद, राजेश राणा आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा ने 112 बूथों पर प्रभारी किए नियुक्त


प्रशिक्षण शिविर के दौरान बूथ प्रभारी नियुक्त करते पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान।

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर भाजपा मंडल अपर लंबागांव में भाजपा कार्यकर्ताओं का एकदिवसीय अभ्यास प्रशिक्षण हुआ। इसमें लंबी गांव की ओर कार्यक्रम के तहत 112 बूथों पर प्रभारी नियुक्त किए गए। इस प्रशिक्षण वर्ग में सभी भाजपा बूथ अध्यक्ष और वीएलए शामिल हुए। यह कार्यक्रम जयसिंहपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 2024 लोकसभा का चुनाव नजदीक है और मोदी के कुशल नेतृत्व में कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हैं और 400 प्लस के लक्ष्य को इस बार प्राप्त करने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहते।

### स्वामी विवेकानंद स्कूल में सालाना समारोह की धूम

**इंदौरा।** शनिवार को स्वामी विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंदरोड़ी में 28वां वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए। शिक्षक विजय डोगरा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, तो वहीं अरनी विश्वविद्यालय के चांसलर विवेक कुमार विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मलित हुए। प्रिंसिपल रचना भनोट ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्कूल के छात्र व छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कर सब मनोरंजन किया व अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पंजाबी गिद्दा व भांगड़ा आकर्षण का केंद्र रहे।

### छात्र परीक्षा के तनाव को अपने ऊपर न होने दें हावी

**नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय बड़ोह के समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'परीक्षा दबाव का प्रबंधन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक सहायक आचार्य विनोद कुमार द्वारा प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को होने वाले तनाव को कम करना था। इस कार्यक्रम के दौरान सहायक आचार्य विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को परीक्षा दबाव का प्रबंधन करने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम को सही ढंग से समझना चाहिए।

### ज्वालामुखी मंदिर में गुप्त नवरात्र शुरू

**ज्वालामुखी।** विश्वविख्यात ज्वालामुखी मंदिर में आज माघ मास की गुप्त नवरात्र का आगाज हुआ। गुप्त नवरात्र दस से 18 फरवरी तक चलेंगे। आज गुप्त नवरात्र का विधिवत आरंभ कन्या पूजन के साथ विधायक ज्वालामुखी संजय रतन, मंदिर अधिकारी अनिल सौंधी, तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा, न्यास सदस्य पुजारी अविनेंद्र शर्मा, विव्यांशु भूषण दत्त व अन्य न्यास सदस्यों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना से किया गया। इसके साथ ही 51 पुजारी और विद्वान पंडितों को माता के जप पाठ का विधिवत संकल्प भी दिलवाया गया।

### प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर जताया शोक

**धर्मशाला।** कृषि मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार, पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली, विधायक केवल सिंह पठानिया तथा विधायक संजय रतन ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री का गत देर सायं निधन हो गया। उन्होंने शोक संदेश में परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति से उबरने की प्रार्थना की है।

### होली महोत्सव की बैठक 16 फरवरी को


**पालमपुर।** राज्य स्तरीय होली महोत्सव-2024 की बैठक 16 फरवरी को निर्धारित की गई है। बैठक प्रातः 11 बजे एसडीएम पालमपुर एवं अध्यक्ष, राज्य स्तरीय होली महोत्सव नेत्रा मेती की अध्यक्षता में आत्मा परियोजना के सभागार में होगी। बैठक में राज्य स्तरीय होली महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर रूप रेखा तैयार की जाएगी। बैठक में उत्सव समिति के सभी सरकारी और गैरसरकारी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

### मटौर में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम मे बोले कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली

# समाजसेवा और सुशासन ही सरकार की प्राथमिकता : बाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि समाज सेवा तथा सुशासन ही सरकार की प्राथमिकता है तथा लोगों से किए गए सभी वादों को चरणबद्व तरीके से पूर्ण किया जाएगा।



शनिवार को कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के मटौर में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि कहा कि प्रदेश सरकार ने सत्ता में आते ही प्रदेश के कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की। आपदा से निपटने के लिए 4500 करोड़ का आपदा पैकेज जारी किया। अनाथ बच्चों के लिए सुख-आश्रय योजना शुरू कर 4000 अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया। बेरोजगार युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए से राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना शुरू की। गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र राजीव गांधी गवर्नमेंट मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने का निर्णय लिया। पहले चरण में प्रदेश में 18 स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। वहीं, मटौर में आयोजित हुए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में पर्यटन निगम के अध्यक्ष ने 192 से अधिक समस्याओं का सुना तथा उसमें अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया गया। जबकि अन्य शिकायतों के त्वरित निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को जमीनी स्तर पर काम करने के निर्देश दिए। वहीं, पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने विभिन्न स्कूलों के 65 मेधावी बच्चों को टैब वितरित किए तथा बेटी है अनमोल योजना के तहत 14 बेटियों को 21-21 हजार के चेक भी वितरित किए। इस अवसर पर आरएस बाली ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वोंगीण विकास तथा बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में सरकार अनेकों कार्यक्रम संचालित कर रही है।

### कार्यक्रम के दौरान जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**वहीं,** सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। इसमें 230 से अधिक लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया। इस शिविर में लोगों के ब्लड टेस्ट भी किए गए तथा निशुल्क दवाइयां भी वितरित कीं।

## पीओजे के तहत हर परिवार को साढ़े पांच लाख की अनुग्रह राशि की राहत

**अनंत ज्ञान, गगल**

पीओजे के संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवेंद्र कोहली ने कहा कि पोओजे के संघर्ष समिति द्वारा जम्मू-कश्मीर से बाहर बसे हुए उन विस्थापित परिवारों को न्याय तथा उनका हक मिला, जो वर्षों से इस लड़ाई को लड़ रहे थे। उन्होंने माननीय उच्च न्यायालय जम्मू कश्मीर द्वारा किए गए। फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह फैसला केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों का ही नहीं बल्कि 5300 परिवारों को भी साढ़े पांच लाख रुपए की अनुग्रह राहत दी गई। इन विस्थापित परिवारों को 1947 के बाद जम्मू-कश्मीर में बसे पीओजे के 26,319 परिवारों समान दर्जा और अधिकार प्राप्त हुआ।

इसमें पीओजे के विस्थापित परिवार 31619 जिसमें से 26,319 विस्थापित परिवार ऐसे थे जिनको जम्मू कैंप, कठुआ कैंप, और राजौरी कैंप में शरण मिली। 5300 विस्थापित परिवार ऐसे थे जिनको वहां सिर छुपाने की जगह न मिलने पर आसपास के प्रदेशों में रिफ्यूजी कैंपस, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में भेज दिया गया था। इसी के चलते यह माना जाता है कि लगभग 40000 हजार परिवार और 12 लाख लोग विभाजन के कारण भूमिहीन हो गए थे जो 5300 परिवार जम्मू-कश्मीर से बाहर जा बसे उनके द्वारा झेले गए यातनाएं और दुख बहुत ही अधिक थे।

इसमें पिछले 75 वर्ष में किसी भी सरकार ने कोई कार्रवाई और मदद नहीं की स्थानीय सरकार की नकारात्मक के कारण भारत सरकार द्वारा वन टाइम सेटलमेंट के तहत प्रति परिवार 25 लाख रुपए की सहायता की घोषणा की। इसकी पहली किस्त साढ़े पांच लाख रुपए के रूप में उन 26,319 परिवारों को जो जम्मू-कश्मीर में बसे हैं, उनको दिए गए। इसमें भारत के इतिहास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धारा 370 हटाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया गया। 75 बरसों के बाद पीओजे के परिवारों के लिए सरकार ने कुछ सोचा इसके लिए विस्थापित समाज की ओर से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार का आभार प्रकट करते हैं।

## मैक्लोडगंज शहर में लोसर पर्व की धूम, दिखी रौनक

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा की नगरी मैक्लोडगंज में लोसर पर्व पर तिब्बतियों की रौनक दिखी। तिब्बती धर्म के नए साल के रूप में मनाया जाने वाला लोसर शनिवार से शुरू हुआ।

तिब्बती लोसर के पहले दिन की सुबह, सूचना और अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के कार्यवाहक सिक्योंग नोरजिन डोलमा और निर्वासित तिब्बती संसद के उपाध्यक्ष डोलमा त्सेरिंग ने लोसर उत्सव की अध्यक्षता की। अनुष्ठान का आरंभ एक प्रार्थना सेवा के साथ हुआ।



इसके बाद कार्यवाहक सिक्योंग और उपाध्यक्ष की ओर से धर्मगुरु दलाई लामा के सिंहासन पर मंडला चढ़ाया गया। तिब्बती नव वर्ष (लोसर) को लेकर पर्यटन नगरी मकलोडगंज देश-विदेशों से बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा के अनुयायी पर्यटन नगरी का रुख कर रहे हैं। लोसर पर्व 13 फरवरी तक चलेगा।

## भेड़ पालकों को मिलेगी 60 प्रतिशत सब्सिडी

### भेड़ पालक अनुदानित मेढ़े के प्रावधान योजना का लाभ उठा कर ले सकते हैं फायदा

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

यदि आप भेड़ पालक हैं और भेड़ों की ऊन, भेड़ में उत्पादित मांस की गुणवत्ता व मात्रा में आनुवांशिक सुधार लाना चाहते हैं तो भेड़ पालकों को अनुदानित मेढ़े के प्रावधान योजना का लाभ उठा सकते हैं। पशु पालन विभाग की ओर से आवेदकों को उच्च आनुवांशिक योग्यता प्रजनन वाले रैंबूले और रशियन मेरिनो नस्ल के मेढ़े उपलब्ध करवाए जाएंगे।

इससे उच्च आनुवांशित योग्यता प्रजनन वाले मेढ़ों से देसी भेड़ की नस्लों का आनुवांशिक सुधार और प्रदेश में भेड़ के प्रवासी झुंडों के बीच उच्च जर्मप्लाज्म का प्रसार हो सकेगा। योजना का मुख्य उद्देश्य भेड़ों में उत्पादित होने वाले मांस, ऊन की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार करना है, जिससे भेड़ प्रजनकों को बेहतर आर्थिक लाभ सुनिश्चित हो सके। जनजातीय भेड़ प्रजनकों की प्रवासी भेड़ों के बीच अंतप्रजनन की समस्या को हल करने के लिए यह योजना कारगर साबित होगी। योजना के अंतर्गत राज्य एवं पड़ौसी राज्यों के भेड़ फार्मों से खरीद कर चरणबद्ध तरीके से रैम्बूले और रशियन मेरिनो नस्ल औन उनके क्रॉस के उच्च



आनुवांशिक योग्यता प्रजनन वाले मेढ़े, भेड़ प्रजनकों को 60 प्रतिशत सब्सिडी पर प्रदान किया जाएगा। किसी भी श्रेणी से संबंधित भेड़ पालक जिनके पास कम से कम 25 भेड़ों के झुंड हो, को एक मेढ़ा उपलब्ध करवाया जाएगा। एक लाभार्थी को अधिकतम दो मेढ़े आबंटित किए जाएंगे। लाभार्थी को एक समझौते पर हस्ताक्षर करना होगा कि वह मेढ़ा के प्रजनन जीवन के दौरान आबंटित मेढ़े को नहीं बेचेगा और न ही बधिया करेगा। उपनिदेशक पशु पालन विभाग संजीव धीमान ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक भेड़ पालक पशुपालन विभाग की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### देसी भेड़ों की नस्लों में होगा सुधार

**उन्होंने** बताया कि मेढ़े की खरीद पर लाभार्थी को 60 प्रतिशत सब्सिडी पदान की जाती है। उन्होंने बताया कि उच्च आनुवांशिक योग्यता प्रजनन वाले मेढ़ों से देसी भेड़ों की नस्लों में सुधार होगा, साथ ही मांस एवं ऊन की गणवत्ता व मात्रा में भी सुधार होगा, इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

## वीकेंड पर मैक्लोडगंज में ठंडा रहा पर्यटन कारोबार

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में वीकेंड के बावजूद माहौल ठंडा नजर आया।

पहाड़ों पर बिछी बर्फ की सफेद चादर तथा क्षेत्र में खिली धूप के बावजूद पर्यटन कारोबार में कोई तेजी नहीं दिखी। ऐसे में स्थानीय पर्यटन कारोबारी मायूस हैं। बताते चलें कि ऑफ सीजन होने के कारण यहां कम ही सैलानी यहां का रूख करते हैं तो वहीं इस बार लंबी देरी के बाद हुए हिमपात के कारण पर्यटन कारोबारियों को उम्मीद थी कि ऑफ सीजन में भी उनका कारोबार ठीक रहेगा।

हालांकि बर्फ गिरने के बाद शुरुआती दिनों में काफी संख्या में


मैक्लोडगंज बाजार।

पर्यटक यहां पहुंचे लेकिन धीरे-धीरे अब सैलानियों का आना कम हो रहा है। स्थानीय पर्यटन कारोबारियों अजय, कर्ण तथा बाला ने बताया कि जिस तरह से तेज धूप सदियों में पड़ रही है उससे लगता है कि ये बर्फ कुछ ही दिनों में पिघल जाएगी तथा बर्फ देखने यहां आने वाले सैलानियों की आमद थम जाएगी।

## शाहपुर में चिट्टे के साथ एक अरेस्ट

**शाहपुर।** पुलिस थाना शाहपुर की टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग पठानकोट मंडी, गटनाल्हू, थाना शाहपुर पर एक व्यक्ति विनय राणा पुत्र कप्तान सिंह राणा गांव सोल्दा की तलाशी ली और उसके पास से लगभग पुलिस टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग पठानकोट मंडी, गटनाल्हू, थाना शाहपुर पर एक व्यक्ति विनय राणा की तलाशी ली उसके पास से लगभग 10.72 ग्राम चिट्टा बरामद किया। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है। 10.72 ग्राम चिट्टा बरामद किया। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है। एएसपी वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है

## प्रदेश के कर्मचारी आज तक के सबसे बुरे दौर में : संजय शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश सरकार के 14 महीने के शासन के अंदर प्रदेश के कर्मचारी आज तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर बनी सरकार ने कर्मचारियों के जीवन को अव्यवस्थित करके रख दिया है। न तो कर्मचारी को उनका लंबित डीए मिल रहा है और न ही उनका एरियर का भुगतान सरकार कर रही है।

यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने प्रैस को जारी एक बयान में कही है। उन्होंने कहा कि आए दिन कर्मचारियों को अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। एक लाख नौकरियां पहली कैबिनेट में देने का वादा कांग्रेस पार्टी ने किया था, परंतु चयन आयोग की परीक्षा परिणाम को भी सरकार घोषित नहीं कर रही है। परिणाम घोषित करने के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को भी सरकार ठेंगा दिखा रही है। एसएमसी कर्मचारियों को आए दिन हड़ताल अपनी मांगों को लेकर करनी पड़ रही है। लेकिन सरकार उनकी वेतन वृद्धि की मांगों को दरकिनार कर रही है। उनकी हड़ताल का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। संजय शर्मा ने कहा कि शिक्षा विभाग में तीन सौ से अधिक स्कूल कैडर प्रधानाचार्य के पद खाली चल रहे हैं।

## द्रोणाचार्य कॉलेज में 85 ने किया रक्तदान, 200 का स्वास्थ्य जांचा

**अनिल छांगू, जवाली**

द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय रैत में रोटरी क्लब शाहपुर व एससीए तथा रोट्रेक्ट क्लब ऑफ द्रोणाचार्य कॉलेज रैत के सौजन्य से रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में लोगों के स्वास्थ्य, आंखों और दांतों की जांच की गई। कार्यक्रम के मुख्यतिथि डॉ. संदीप महाजन ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान- करना चाहिए। महाविद्यालय के कार्यकारिणी निदेशक बीएस पठानिया ने भी रक्तदान किया और कहा कि कुछ लोग रक्तदान करने से डरते हैं परंतु सभी को निसंकोच रक्त दान करना चाहिए। रक्तदान शिविर के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय कांगड़ा स्थित टांडा की टीम एवं आंखों की जांच के लिए एसएमआई हॉस्पिटल मटौर व दांतों की जांच के लिए वर्मा डेंटल क्लीनिक कांगड़ा से टीम महाविद्यालय में उपस्थित रही। वहीं, ब्लड डोनेशन कैंप में लगभग 70 के करीब छात्र-छात्राओं व 15 स्टाफ मेंबेर्स ने रक्तदान किया एवं 200 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य, आंखों एवं दांतों की जांच करवाई।

## विशाल नैहरिया ने किया धर्मकोट गांव का दौरा

**धर्मशाला।** नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए गांव की जनता में खासा उत्साह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासत्मक कार्यक्रमों और नीतियों के चलते गांव स्तर पर मोदी जी का जलबा है। भाजपा के चलो गांव की ओर कार्यक्रम के चलते पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला के बूथ नंबर एक धर्मकोट का दौरा किया। कार्यक्रम के प्रवासी प्रभारी के तौर पर पूर्व विधायक ने बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। साथ ही नरेंदर मोदी के कार्यकाल के दौरान सरकार की योजनाओं एंव कार्यक्रमों से आम लोगों को मिले लाभ की जानकारी प्रदान की।

## कांग्रेस आशा तो बीजेपी काजल या जेसी शर्मा पर खेल सकती है दांव

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस तथा भाजपा में माथापच्ची जारी है। हालांकि कांग्रेस सर्वे के आधार पर टिकट देने की बात कह रही है।

खास बात यह है कि लोकसभा चुनावों में प्रदेश में भाजपा को हमेशा से साथ मिलता आया है तथा यही कारण है कि कांग्रेस के लिए प्रत्याशी का चयन आसान नहीं होगा तो वहीं भाजपा में अंदरखाते टिकट के कई दावेदार हैं। राजनीतिक गलियारों की बात करें तो कांग्रेस चंबा-कांगड़ा संसदीय सीट से पूर्व मंत्री तथा डलहौजी हलके की पूर्व विधायक आशा कुमारी पर दांव खेला जा सकता है। इसके अलावा देहरा विधानसभा से चुनाव लड़े तथा हारे कांगड़ा के राजेश शर्मा पर भी पार्टी दांव खेल सकती है।



मजबूत प्रत्याशी की बात करें तो यहां दिग्गज नेत्री आशा कुमारी का पलड़ा उनके राजनीतिक कद के कारण भारी लगता है तो वहीं राजेश शर्मा के रूप में भी कांग्रेस अपना दांव खेल सकती है। दूसरी तरफ भाजपा की ओर से कांगड़ा के विधायक पवन काजल, पूर्व मंत्री तथा सुलाह के विधायक विपिन परमार, धर्मशाला के पूर्व विधायक के अलावा त्रिलोक कपूर आदि पर पार्टी दांव खेल सकती है। हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व प्रशासनिक अधिकारी जगदीश चंद्र शर्मा को प्रत्याशी बनाए जाने की संभावना सूत्र जता रहे हैं। हालांकि पांगी से संबंधित जगदीश शर्मा का पांगी हलका मंडी संसदीय सीट के तहत आता है। भले ही दोनों पार्टियों ने अभी अपने पत्ते न खोले हुए हैं लेकिन दोनों दलों में अंदरखाते प्रत्याशी के चयन पर मंथन जारी है। (अनंत ज्ञान)

## सरकार ने लाखों खर्चे बेफिजूल पर खिल न पाए ऑर्किड के फूल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

करीब दो दशक पहले धर्मशाला में ओकिर्डेरियम बनाने जाने को लेकर प्रयास शुरू हुए। वहीं लंबे अर्से के बाद विदेशों में इस किस्म के फूल उगाने के प्रशिक्षण समेत फूलों के लिए ग्लास हाउस बनाने पर लाखों रूपए खर्च करने के बावजूद न तो फूल खिले और न ही ये ध्येय पूरा हो सका।

जानकारी के अनुसार ऑर्किड किस्म का फूल देश उत्तरी-पूर्वी राज्यों सिक्किम तथा मणिपुर आदि में उगता है। भौगोलिक परिस्थितियों को साझा करने के कारण हिमाचल प्रदेश में भी इस फूल के उगने की संभावनाओं को देखते हुए वन विभाग ने इस फूल के यहां उत्पादन का खाका तैयार किया। जानकारी के अनुसार इसको लेकर वन विभाग की एक टीम ने विदेश तक का दौरा भी किया तथा इसके बाद ग्लास हाउस का निर्माण भी लाखों रुपए की लागत से किया गया। वहीं, आलम ये कि लाखों खर्च करने के बावजूद भी यहां न तो फूल खिले और न ही पर्यटन को कोई सहारा मिला। खास बात ये कि सरकारी विभाग कोई योजना बनाने के बाद लाखों रुपए तो खर्च डालते हैं लेकिन ये योजनाएं अपने मकसद को पूरा नहीं कर पाती तथा बात बजट को कुंए में डालने जैसा हो जाता है। उधर इस बारे में जब वन विभाग के रेंज ऑफिसर सुमित शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस ग्लास हाउस में फूल लगाए गए थे तथा इन्हें देखने के लिए लोग भी आते थे। वहीं, अब विभाग फिर से इस ग्लास हाउस को फूलों को प्रदर्शित करने के लिए शुरू करने के प्रयास कर रहा है तथा इसके लिए एक प्रस्ताव भी आलाधिकारियों को भेजा गया है।

**सियासत** बात निकली है तो दूर तलक जाएगी, सियासी पंडित निकाल रहे है मुलाकात के कई मायने

## जयराम और घनश्याम शर्मा की गुफ्तगू से चढ़ा सियासी पारा

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और कर्मचारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रहे घनश्याम शर्मा के बीच हुई गुफ्तगू से सियासी पारा चढ़ गया है। दरअसल, शनिवार को जयराम राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी के घर उनके पिता के देहांत पर संवेदना प्रकट करने पहुंचे थे।

इसके बाद जयराम कुछ देर के लिए बैजनाथ के विश्राम गृह में रुके। जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा, बैजनाथ के पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी तथा जयसिंहपुर हलके के पूर्व विधायक रवि धीमान भी उनके साथ थे। इन सबकी मौजूदगी में पूर्व मुख्यमंत्री ने कर्मचारी नेता के साथ कुछ देर बातचीत की। सियासी पंडित इस बातचीत के कई मायने निकाल रहे हैं। गौरतलब है कि इसी वर्ष होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए ब्राह्मण नेता घनश्याम शर्मा भी प्रबल दावेदारों में से एक हैं। ऐसे में जयराम के साथ उनकी गुफ्तगू कुछ कहने को मजबूर कर रही है। घनश्याम के साथ यह गुफ्तगू इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि उनका ताल्लुक प्रदेश के



सबसे बड़े कांगड़ा जिले से है और इसके साथ ही उनका संबंध ब्राह्मण समुदाय से भी है। सबसे बड़े कांगड़ा जिले में भाजपा को ब्राह्मण समुदाय की अनदेखी के कारण ही पिछले विधानसभा चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा था। तब से ही पार्टी गलियारे में किसी ब्राह्मण नेता को विशेष स्थान देने पर मंथन हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

### घनश्याम कर सकते हैं ब्राह्मण नेता की कमी पूरी

**वरिष्ठ** नेता शांता कुमार के बाद भाजपा में कोई भी ब्राह्मण नेता इस कमी को पूरा नहीं कर पाया है। ऐसे में मधुरवासी घनश्याम शर्मा ब्राह्मण नेता शांता कुमार की कमी पूरी कर सकते हैं। शिमला लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है तो वहीं, हमीरपुर से अनुराग ठाकुर का टिकट लगभग पक्का है। वहीं, मंडी से स्व. रामस्वरूप शर्मा के निधन के बाद कोई भी ऐसा ब्राह्मण नेता नजर नहीं आता है जो आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा का चेहरा हो सके।

### अनदेखी से बचने के लिए दावेदारी मजबूत

**ब्राह्मण** समुदाय की अनदेखी से बचने के लिए घनश्याम शर्मा की दावेदारी काफी मजबूत मानी जा रही है। यह भी जगजाहिर है कि सत्ता के समय से ही जयराम तथा घनश्याम के संबंध बहुत मधुर रहे हैं। ऐसे में यह लग रहा है कि अचानक हुई इस गुफ्तगू के माध्यम से जिले के ब्राह्मण नेता को पूर्व मुख्यमंत्री कोई शुभ संकेत ही तो नहीं दे गए। खैर, यह गुफ्तगू क्या गुल खिलाती है यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा, परंतु बात निकली है तो दूर तलक भी जाएगी जरूर।

### खड़गे और अन्य कांग्रेस सदस्यों ने राज्यसभा में किया हंगामा

# सदन में चौधरी चरण सिंह का नहीं होने दूंगा अपमान : धनखड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने को लेकर राज्यसभा में शनिवार को चर्चा चल रही थी। इस बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस के अन्य सदस्य हंगामा करने लगे। इसको देखते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने खड़गे का नाम लेते हुए कहा कि आप बैठ जाएं, मैं सदन में चौधरी चरण सिंह का अपमान नहीं होने दूंगा।

धनखड़ ने कहा कि आप को तो प्रसन्नता होनी चाहिए कि चौधरी साहब को भारत रत्न दिए जाने का फैसला हुआ है लेकिन आप लोग सदन की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं। सदन में बढ़ते हंगामे को देखते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विपक्षी दलों के सदस्यों ने चौधरी साहब का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। गोयल ने कहा यह गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय किया है। यह दिन कांग्रेस के लिए जश्न मनाने का था लेकिन वो चौधरी साहब को अपमानित कर रही है। इसके लिए कांग्रेस को माफी मांगनी होगी। सदन में चर्चा के दौरान आरएलडी के मुखिया चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत ने कहा कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का फैसला बहुत बड़ा है। इसके लिए वह प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हैं। इस फैसले से पूरे देश में खुशी का माहौल है।

## हमारे विधायक एनडीए के समर्थन में : मांझी

**पटना।** बिहार की सियासत में चल रही गहमा-गहमी के बीच एनडीए में शामिल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने शनिवार को स्पष्ट किया कि उनके चारों विधायक एनडीए सरकार के समर्थन में हैं और अगर जरूरत पड़ी तो फ्लोर टेस्ट में नीतीश सरकार के पक्ष में वोट देंगे। इससे पहले शनिवार को महागठबंधन में शामिल भाकपा माले के दो विधायक महबूब आलम और सत्यदेव राम पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी से मिलने पहुंचे थे, जिसके बाद कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थी। इसके बाद पत्रकारों से चर्चा के दौरान मांझी ने कहा कि लोग आते रहते हैं और मिलते-जुलते रहते हैं। किसी को मना नहीं कर सकते।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारत मंडपम में 52वें नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का किया शुभारंभ

# डिजिटल लाइब्रेरी लांच, 23 भाषाओं में मिलेंगी किताबें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को प्रगति मैदान के भारत मंडपम में 52वें नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला (एनडीडब्ल्यूबीएफ) का शुभारंभ किया। इस बार मेले की थीम 'बहुभाषी भारत : एक जीवंत परंपरा' है। उन्होंने इस मौके पर नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी का भी उद्घाटन किया।

केंद्रीय मंत्री प्रधान ने इस मौके पर कहा कि नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले के 52वें संस्करण के शुभारंभ की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विविधता और वैश्विक साहित्यिक परंपराओं का जश्न मनाते हुए, एनडीडब्ल्यूबीएफ 2024 साहित्य, विविध संस्कृतियों, कलात्मक अभिव्यक्तियों और ज्ञान का एक सामंजस्यपूर्ण सम्मेलन है। इस बार ई-लर्निंग के प्रति उत्साह को देखते हुए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत की गई है। नेशनल ई-लाइब्रेरी विभिन्न प्रकार की गैर-शैक्षणिक पुस्तकों तक पहुंचने के लिए अपनी तरह की पहली डिजिटल लाइब्रेरी है। बच्चों और किशोरों के लिए पुस्तकें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण कथन, जब नागरिक पढ़ते हैं, तो देश आगे बढ़ता है पर आधारित हैं। राष्ट्रीय ई-लाइब्रेरी छात्रों के बीच जीवन भर पढ़ने की आदत को बढ़ावा देगी। छात्र अपनी पसंद की भाषा में विभिन्न प्रकार के साहित्य का अध्ययन कर सकेंगे। यह भारतीय भाषाओं और विदेशी भाषाओं के साहित्य को उजागर करेगी और वसुधैव कुटुंबकम को साकार करने के इरादे से सांस्कृतिक जागरूकता, देशभक्ति और सहानुभूति के भाव को बढ़ावा देगी।



भारत मंडपम में 52वें नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले के शुभारंभ मौके पर गणमान्य।

### बी2सी स्तर का सबसे बड़ा पुस्तक मेला

नौ दिवसीय पुस्तक मेले में एक हजार से अधिक प्रकाशक हिस्सा ले रहे हैं। 40 से ज्यादा देशों के प्रकाशक एवं प्रतिनिधि विश्व पुस्तक मेले में हैं। यह बी2सी स्तर का सबसे बड़ा पुस्तक मेला है। विश्व की लगभग सभी भाषाओं के प्रतिनिधि यहां पाठकों के लिए उपलब्ध हैं। प्रगति मैदान के हॉल संख्या 1 से 5 में आयोजित इस पुस्तक मेले में पाठकों को हॉल 1 में विज्ञान, मानविकी और दर्शन की पुस्तकें हैं। हॉल 2 में भारतीय भाषाओं के लेखक विभिन्न साहित्यिक विषयों, पुस्तकों एवं विधाओं पर बात करेंगे। इसके लिए लेखक मंच बनाया गया है। हॉल 3 बच्चों के लिए है, जिसमें बच्चों से जुड़े हर विषय की पुस्तकें, स्टेशनरी, कला एवं शिल्प आदि सामग्री उपलब्ध है। बालमंडप में बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों की व्यवस्था है। हॉल 4 में अंतरराष्ट्रीय गतिविधियां आयोजित होंगी और हॉल 5 थीम मंडप का है।

## वर्ल्ड न्यूज

### मलेशिया में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया शरिया कानून

**कुआलालंपुर।** मलेशिया की सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला लेते हुए केलंतन राज्य में शरिया आधारित आपराधिक कानूनों को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह संघीय सरकार का अधिकार है और इस तरह के कानून उसका अतिक्रमण हैं। इस्लामवादियों ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की निंदा की है और कहा कि यह धार्मिक अदालतों को कमजोर कर सकता है। केलंतन राज्य सरकार विपक्ष की ओर से संचालित है। नौ सदस्यीय संघीय न्यायालय ने 8-1 के बहुमत से केलंतन राज्य सरकार की ओर से बनाए गए 16 कानूनों को अमान्य करार दिया, जिसमें कुकर्म, यौन उत्पीड़न, अनाचार और 'क्रॉस ड्रेसिंग' से लेकर झूठे सबूत देने तक के अपराधों के लिए दंड का प्रावधान किया गया था। अदालत ने कहा कि राज्य इन विषयों पर इस्लामी कानून नहीं बना सकते, क्योंकि वे मलेशियाई संघीय कानून के अंतर्गत आते हैं।

### बांग्लादेश में रुलाने लगा प्याज, 120 टका में एक किलो



**ढाका।** बांग्लादेश में आम आदमी के लिए प्याज खरीदना मुश्किल हो गया है। एक सप्ताह में प्रति किलोग्राम प्याज के मूल्य में 30 टका (बांग्लादेश की मुद्रा टका है ) का इजाफा हुआ है। भारतीय मुद्रा में एक टका का मूल्य 76 पैसे होता है। इस समय बांग्लादेश में एक किलोग्राम प्याज 120 टका में बिक रहा है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि पिछले सप्ताह रसोई की कई वस्तुओं की कीमत में कमी देखी गई है, लेकिन प्याज की कीमत अनियंत्रित बनी हुई है। पिछले हफ्ते प्याज का मूल्य प्रति किलोग्राम 90 टका था। सात दिन में यह बढ़कर 120 टका हो गया है।

### अमेरिका में भारतीय मूल के टेक अधिकारी की मौत

**न्यूयॉर्क।** वाशिंगटन में एक रेस्तरां के बाहर हमले के कुछ दिनों बाद अमेरिका में एक टेक कंपनी के भारतीय मूल के 41 वर्षीय अधिकारी की मौत हो गई है। डायनेमो टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष और सह-संस्थापक विवेक तनेजा ने 2 फरवरी को शोटो रेस्तरां के बाहर एक व्यक्ति द्वारा हमला किए जाने के बाद वीरवार को दम तोड़ दिया। एक मौखिक विवाद के बाद संदिग्ध ने तनेजा को जमीन पर गिरा दिया और उसका सिर फुटपाथ पर दे मारा। पुलिस घटना रिपोर्ट के अनुसार, तनेजा एक महिला साथी का बचाव कर रहे थे जिसे संदिग्ध परेशान कर रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को बार के बाहर घूमते हुए संदिग्ध का एक निगरानी वीडियो जारी किया। उसकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 25 हजार डॉलर तक का इनाम देने की पेशकश की गई है।

### पाकिस्तान में पीपीपी के हिंदू नेता महेश मलानी चुनाव जीते

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय बेनजीर भुट्टो की विरासत वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के हिंदू उम्मीदवार महेश कुमार मलानी सिंध प्रांत की एनए-215 सीट से चुनाव जीत गए हैं। 2018 के चुनाव में वह पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के टिकट पर दक्षिणी सिंध प्रांत में थारपारकर सीट (एनए-222) से चुने गए थे। मलानी उन नेताओं में शुमार हैं जिनकी पैठ थारपारकर में न सिर्फ हिंदू बल्कि मुस्लिम समुदाय के बीच भी अच्छी खासी है। वह पार्टी के पुराने नेता हैं। चुनाव में उन्हें करीब एक लाख 32 हजार से ज्यादा वोट मिले। उनके प्रतिद्वंद्वी ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस के अरबाब गुलाम रहीम को एक लाख 13 हजार 346 वोट मिले।

# हल्द्वानी हिंसा पर मजिस्ट्रेट जांच के आदेश, इलाका सेना के हवाले

## उपद्रवियों के खिलाफ सरकार की ओर से सुरक्षाबलों को सख्त एक्शन के आदेश

**एजेंसी, हल्द्वानी**

उत्तराखंड के हल्द्वानी में वीरवार शाम को भड़की हिंसा के मामले में अब मजिस्ट्रेट जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। वहीं हिंसाग्रस्त बनभूलपुरा थाना क्षेत्र और आसपास के इलाकों में सेना की तैनाती कर दी गई है। शनिवार को पूरे इलाके में चौकसी बरती गई। उपद्रवियों के खिलाफ सरकार की ओर से सुरक्षा बलों को सख्त एक्शन के आदेश दिए गए हैं। पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट है। धामी सरकार ने शांतिपूर्ण प्रदेश में इस प्रकार की हिंसा भड़काने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं।

शुक्रवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव और डीजीपी को हल्द्वानी हिंसा के एक-एक उपद्रवी को चिन्हित कर उसके विरुद्ध कड़ा एक्शन लेने का निर्देश दिया था। सीएम धामी ने सुबह देहरादून में हाई लेवल मीटिंग की। वहीं, शाम को हल्द्वानी पहुंचकर हिंसाग्रस्त क्षेत्र का जायजा लिया। घायलों का हाल जाना। उन्होंने कहा कि आगजनी और पथराव करने वाले एक-एक उपद्रवी की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीएम धामी के आदेश के बाद मुख्य सचिव राधा रतूड़ी हल्द्वानी पहुंचीं। उन्होंने हिंसा प्रभावित इलाके बनभूलपुरा थाने का निरीक्षण किया। थाने में किए गए नुकसान की जानकारी ली। साथ ही, हिंसा में घायल हुए पुलिसकर्मियों से बातचीत की। मुख्य सचिव ने कहा कि क्षेत्र की शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को मुख्य सचिव ने कुमायूं मंडल के आयुक्त को आदेश जारी कर घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए हैं। मुख्य सचिव ने नैनीताल जिले के हल्द्वानी शहर के थाना बनभूलपुरा में 8 फरवरी को हुई घटना की विस्तृत जांच का आदेश जारी किया है। सरकार की ओर से इस संबंध में निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा है कि घटना की निष्पक्ष मजिस्ट्रेट जांच कर 15 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट सरकार को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने इस मामले में कुमाऊं मंडल के आयुक्त को व्यक्तिगत तौर पर ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।



### क्या है मामला

हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में रेलवे की जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन अभियान चला रहा है। वीरवार शाम जैसे ही मदरसे को तोड़ने का काम शुरू किया गया, बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर आ गए और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसके बाद पत्थरबाजी शुरू हो गई जिसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की। नाराज भीड़ ने बनभूलपुरा थाने पर भी हमला बोल दिया और पुलिस की कई गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।

### बजट सत्र के आखिरी दिन राज्यसभा में बोलीं वित्त मंत्री

# कांग्रेस ने गुड़ का गोबर ही किया, पूर्वोत्तर को भुला दिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट सत्र के आखिरी दिन राज्यसभा में श्वेत पत्र पर चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने एक बार फिर यूपीए सरकार पर निशाना साधा। वित्त मंत्री ने कहा- कांग्रेस को गुड़ का गोबर करना आता है। इन्होंने यूपीए शासनकाल में पूर्वोत्तर को पूरी तरह से भुला दिया था। पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह 28 साल असम से राज्यसभा सांसद रहे, वहीं कुछ कर लेते।



सीतारमण ने 8 फरवरी को लोकसभा में भारतीय अर्थव्यवस्था पर 59 पेज का श्वेत पत्र पेश किया था। जिस पर उन्होंने 9 फरवरी को स्पीच दी। इसमें बताया गया है कि जब 2014 में मोदी सरकार ने सत्ता संभाली, तो अर्थव्यवस्था नाजुक स्थिति में थी। बाद में मोदी सरकार ने कठोर फैसले लिए, जिससे अर्थव्यवस्था पटरी पर आई। सत्र के आखिरी दिन भी वित्त मंत्री ने यूपीए सरकार के दौरान खराब अर्थव्यवस्था का जिक्र किया। राज्यसभा में निर्मला सीतारमण ने कहा- बार-बार हमारे सामने आंकड़े उछाले जाते हैं। मुद्रास्फीति यह है, मुद्रास्फीति वह है। मैं सिर्फ यह बताना चाहती हूं कि अटल बिहारी वाजपेयी की एनडीए सरकार के आखिरी साल में मुद्रास्फीति 4 फीसदी से नीचे थी। लापरवाह राजकोषीय नीति और फिजूलखर्ची ने इसे बर्बाद कर दिया। वित्त मंत्री ने कांग्रेस पर पूर्वोत्तर राज्यों की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया। सीतारमण ने कहा- स्वतंत्र भारत के इतिहास में मोदी शासनकाल में पूर्वोत्तर हिस्से में देश को दूसरा रेलवे स्टेशन मिला।

### बॉलीवुड में काम मांग कर थक गई मृणाल

## अब न्यूट्रल रहना चाहती हैं ताकि डायरेक्टर रोल के हिसाब से ढाल सकें



**तेलुगु** फिल्म हाय नन्ना के लिए मृणाल ठाकुर की जमकर तारीफ हो रही है। 2022 में रिलीज हुई तेलुगु फिल्म सीता रामम के लिए भी उन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिला था। फैंस का मानना है कि जिस तरह का काम मृणाल को साउथ सिनेमा में मिल रहा है, वैसा बॉलीवुड ने उनके साथ न्याय नहीं किया है। फैंस की इन बातों से मृणाल भी सहमत नजर आई हैं। हाल ही में निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा है कि वो बॉलीवुड फिल्म मेकर से काम मांग-मांग कर थक गई हैं। मृणाल ने कहा कि हिंदी सिनेमा में उन्हें काम करने का मौका मिला है, लेकिन उस तरह का नहीं जैसा उन्हें हाय नन्ना और सीता रामम में मिला था। वो अब किसी भी चीज पर समझौता भी नहीं करना चाहती हैं। वो ऐसा रोल करना चाहती हैं जो उन्हें बतौर एक्ट्रेस इंडस्ट्री में आगे बढ़ाए। ऐसे में वो पर्दे पर मां या बहन का रोल करने में भी सहज हैं इस इंटरव्यू के दौरान मृणाल ने बॉडी शेमिंग पर भी बात की है। उन्होंने बताया कि एक फिल्म में डायरेक्टर ने इसलिए कास्ट नहीं किया क्योंकि उनके मुताबिक मृणाल रोल के हिसाब से सेक्सी नहीं दिख रही थीं। उन्होंने आगे कहा कि वह न्यूट्रल रहना चाहती हैं, ताकि डायरेक्टर उन्हें रोल के हिसाब से ढाल सकें। वह टाइपकास्ट का शिकार नहीं होना चाहती हैं।

### 17 फिल्मों में मृणाल ने किया है काम

मृणाल ने 2018 की फिल्म लव सोनिया से बॉलीवुड डेब्यू किया था। फिल्म में उनके काम को क्रिटिक्स ने बहुत सराहा था। वह अब तक 17 फिल्मों में नजर चुकी हैं।

### किसान आंदोलन के मद्देनजर कैथल में धारा 144 लागू

**कैथल।** किसान आंदोलन के तहत 13 फरवरी को दिल्ली कूच को लेकर जिला प्रशासन ने शनिवार को कैथल में धारा 144 लागू कर दी है। जिस पर तुरंत प्रभाव से अमल शुरू हो गया है। यह आदेश 10 फरवरी से आगामी आदेशों तक जारी रहेंगे। जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। जिला उपायुक्त प्रशांत पवार ने बताया कि विभिन्न किसान संगठनों की ओर से अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में 13 फरवरी को दिल्ली कूच का कार्यक्रम प्रस्तावित है। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरियाणा सरकार और गृह विभाग ने पठित दंड प्रकिया संहिता, 1973 की धारा 144 के आदेश पारित किए हैं। यह आदेश कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल और अन्य लोक सेवकों, दिव्यांग व्यक्तियों और उन समुदायों द्वारा हथियार ले जाने पर लागू नहीं होगा, जो कानून द्वारा हथियार प्रदर्शित करने के हकदार है, बशर्ते यदि वे हिंसा में लिप्त पाए जाते है या कानून व्यवस्था, शांति और सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव के लिए खतरा पैदा करते पाए जाते है तो यह छूट समाप्त समझी जाएगी। जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त कर दिए हैं। एडीसी को ओवर ऑल इंचार्ज बनाया गया है।

# गुरुग्राम में डीटीसीपी की कार्रवाई 12 अवैध कॉलोनियां तोड़ी गईं

**एजेंसी, गुरुग्राम**

हरियाणा के गुरुग्राम जिले के फर्रुखनगर में लगभग 61 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही 12 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिला नगर एवं ग्राम नियोजन (डीटीसीपी) विभाग की एक टीम ने यह कार्रवाई की।

जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) मनीष यादव ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र में अवैध कब्जा हटाने का अभियान चलाया। डीटीसीपी अधिकारियों ने कहा कि ये कॉलोनियाँ संबंधित विभाग की पूर्व अनुमति के बिना अवैध रूप से विकसित की जा रही थीं। अभियान के दौरान मौके पर 1,400 मीटर सड़क नेटवर्क और करीब 100 घरों की चारदीवारी को ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि प्रवर्तन दल ने सुल्तानपुर क्षेत्र में लगभग 11 एकड़ में फैले चबूतरे, चारदीवारी और एक निर्माणाधीन संरचना को भी ध्वस्त कर दिया। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सैकड़ों पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे। यादव ने बताया, कि विभाग ने संबंधित तहसीलदार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इन कॉलोनियों में रजिस्ट्रियां नहीं की जानी चाहिए, अगर ऐसा किया गया तो संबंधित तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हमने लोगों से इन अवैध कॉलोनियों में निवेश न करने की भी अपील की। ये अवैध कॉलोनियां हरियाणा विकास और शहरी क्षेत्र विनियमन अधिनियम की धारा 7ए के तहत आती हैं। किसी भी गतिविधि से पहले टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य है।

**1,400 मीटर सड़क नेटवर्क और करीब 100 घरों की चारदीवारी ध्वस्त**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कोहला
विकास खंड नादौन जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोहला में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सभी शीर्षों से संबंधित विकास कार्यों में उपयोग होने वाली सामग्री हेतु पंजीकृत फर्मों/सप्लायर जिसका जीएसटी नंबर हो, से निविदाएं दिनांक 18.02.2024 तक आमंत्रित की जाती हैं। सामग्री का ब्यौरा निम्न प्रकार से है।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | मानक |
|---|---|---|
| 1 | रेता/डस्ट क्रैशर, बजरी क्रैशर 10एमएम, 20एमएम, 40एमएम | प्रति घन मीटर |
| 2 | बजरी, 20एमएम, 40एमएम) रेता, गोला पत्थर व तुड़वा पत्थर खड्ड व नदी | प्रति घन मीटर |
| 3 | पक्की ईंटें अव्वल | प्रति ईंट |
| 4 | शटरिंग स्टील व फट्टे | प्रति वर्ग फुट |
| 5 | पेवर इंटरलॉक फलोर टाईल 40एमएम, 60एमएम, 80एमएम | प्रति पीस |
| 6 | जे सी वी मशीन | प्रति घंटा |
| 7 | मिक्सचर मशीन तेल सहित | प्रति दिन |
| 8 | पानी टैंक | प्रति दिन |
| 9 | सामग्री ढुलाई लोकल फेरा | प्रति फेरा |

**नियम व शर्तें:-** 1. निविदाएं 18.02.2024 तक सील बंद लिफाफे में पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। खुली हुई व अस्पष्ट निविदा मान्य नहीं होगी। 2. निविदाएं 20.02.2024 को कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी। 3. केवल जीएसटी/सीएसटी के निविदा के मालिकों की निविदाएं ही मान्य होंगी, कॉपी साथ संलग्न करें। 4. निविदाधारक को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगें। 5. पारित निविदाधारक को मु. 10,000/- रू. धरोहर राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगें। 6. निविदाधारक सामग्री आपूर्ति समय पर नहीं कर पाता है जो उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी तथा धरोहर राशि भी वापिस नहीं की जाएगी। 7. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक की मूल्य देय होगा। अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 8. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूरा अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत कोहला, विकास खंड नादौन**
**जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(11 फरवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि :** द्वितीया 21.10 बजे समाप्त। **नक्षत्र :** शतभिषा 05:40 शाम तक। **पक्ष :** शुक्ल, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13 से 12:57 दोपहर तक) **राहुकाल :** 04:44-06:08 शाम तक।

**विशेष दिन**

- रविवार 2024 वर्ष का 42वां दिन
- चंद्र दर्शन
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि।

**मेष :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**वृषभ :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**मिथुन :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्क :** आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**सिंह:** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी। कुछ कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**कन्या :** आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**तुला :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**वृश्चिक:** मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी।

**धनु:** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त होगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम संपन्न होंगे।

**मकर :** किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**कुंभ :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को आसान करेगा। आशा, उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मीन :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

# जनजातीय जीवनशैली जलवायु परिवर्तन का समाधान : राष्ट्रपति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि जनजातीय समुदाय की जीवनशैली ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की वैश्विक समस्या का समाधान प्रदान करती है।



राष्ट्रपति ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन करने के बाद जनजातीय समुदायों से प्रकृति के साथ सद्भाव से रहना सीखने की जरूरत पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने का प्रयास कर रहा है, तब जनजातीय समुदाय की जीवनशैली और भी अनुकरणीय हो जाती है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की अंधी दौड़ ने धरती मां और प्रकृति को बहुत नुकसान पहुंचाया है। अंधाधुंध विकास की होड़ में एक ऐसा वातावरण बना दिया गया, जिसमें यह सोच उत्पन्न हुई कि बिना प्रकृति को नुकसान पहुंचाए प्रगति संभव ही नहीं है। हालांकि सच्चाई इसके विपरीत है। दुनिया भर में जनजातीय समुदाय सदियों से प्रकृति के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में रह रहे हैं। हमारे जनजातीय भाई-बहन अपने जीवन के हर पहलू में आसपास के परिवेश, पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं का ध्यान रखते रहे हैं। हमें उनकी जीवनशैली से प्रेरणा लेनी चाहिए।

> जिंदा इंसान को गिराने में और मरे हुए इंसान को उठाने में गजब की एकता दिखाते हैं लोग। –अज्ञात

# पेयजल योजना पर दो जिलों में सियासी घमासान

**हिमाचल** में अभी पानी का संकट कहीं भी नहीं है, लेकिन प्रदेश के दो जिले बिलासपुर और सोलन पानी को लेकर अभी से आमने-सामने हो गए हैं। दरअसल, यह मामला पेयजल किल्लत का नहीं है, बल्कि सोलन-बिलासपुर जिले की सीमा पर त्रिवेणी खड्ड में बन रही कीकर-नवगांव योजना का है। विवाद इतना बढ़ गया है कि इस मामले ने राजनीतिक रूप लेना शुरू कर दिया है और अच्छा-खासा सियासी घमासान मच गया है।

भाजपाई और कांग्रेसी इस मामले को अपने-अपने स्तर पर भुनाने लगे हैं। बिलासपुर में लोग योजना के विरोध में पिछले पंद्रह दिन से तंबू लगाकर धरने पर बैठे हैं। माहौल न बिगड़े, इसके लिए प्रशासन को वहां पुलिस बल भी तैनात करना पड़ा है। मामले में जांच कमेटी भी गठित कर दी गई है। बिलासपुर की अली खड्ड पर सोलन जिले के अर्की हलके की नवगांव पंचायत में कीकर-नवगांव उठाऊ पेयजल योजना का काम पिछले साल दिसंबर में शुरू हुआ था। इससे अर्की की सात पंचायतों कशलोग, सेवड़ा चंडी, पारनू, संघोई, मांगू, नवगांव व दाड़लाघाट के लोगों को सीधा लाभ मिलना है। इस योजना को लेकर बिलासपुर के नयना देवी हलके के लोगों का आरोप है कि अगर यह योजना बनती है तो उनकी तीन दर्जन पेयजल व सिंचाई योजनाएं प्रभावित हो जाएंगी।

यही नहीं, कई घराटों का अस्तित्व भी खतरे में आ जाएगा। लोगों को आटा पिसाई के लिए दूरदराज जाना पड़ेगा। इन लोगों का यह आरोप भी है कि पंचायतों के बहाने अंबुजा सीमेंट उद्योग को पानी दिया जा रहा है। बिलासपुर की अली खड्ड बचाओ संघर्ष समिति कहती है कि यदि योजना बनती है तो उनके क्षेत्र में गर्मियों में पेयजल और सिंचाई का संकट खड़ा हो जाएगा।

इसके विपरीत अर्की हलके के नुमाइंदे यह तर्क दे रहे हैं कि यह योजना हमारे अर्की क्षेत्र में बन रही है। बिलासपुर वाले बेवजह मामले को तूल दे रहे हैं। पानी अर्की क्षेत्र की खड्डों का ही इसमें जाता है। सात पंचायतों को पानी दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई भी लड़नी पड़े, तो लड़ेंगे। गर्मियों में हर साल पानी को लेकर कहीं न कहीं गरमागरमी भरा माहौल रहता है। बहरहाल, जल शक्ति विभाग के अधिकारी मौका-ए-मुआयना कर रहे हैं। हिमाचल ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में पेयजल संकट एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। बेशक इसके लिए इंसान ही जिम्मेदार है और उसे ही इस समस्या का हल निकालना होगा

कई भविष्यवाणियां भी हो चुकी हैं कि अगर अब विश्व युद्ध हुआ तो केवल पानी की वजह से ही होगा। पानी को लेकर कई देश आमने-सामने हो जाएंगे। यह मामला इतना तूल पकड़ सकता है कि परमाणु युद्ध तक की नौबत भी आ सकती है जिससे मानव जाति का विनाश निश्चित है, अगर अब भी हम सचेत न हुए तो भविष्य डराने वाला होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि यह मामला जल्द ही सुलझ जाएगा।

# कभी-कभी खोटे सिक्के भी बन जाते हैं कोहिनूर के हीरे



नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

**भाग्य** बदलते देर नहीं लगती, वक्त एक जैसा नहीं रहता, इसलिए कभी किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। कभी-कभी खोटे सिक्के भी कोहिनूर के हीरे बन जाते हैं। समाज में रहकर अच्छे कर्म करने चाहिएं। भगवान के पास हर चीज का लेखा -जोखा है। मानव सेवा ही नारायण सेवा है। यह अटल सत्य है। भगवान व श्मशान को हर रोज याद करना चाहिए। किसी को दुखी नहीं करना चाहिए।

आज लोगों को लूटा जा रहा है, सताया जा रहा है। गरीबों की बद्दुआ से लोहा भी भस्म हो जाता है, इसलिए गरीबों को कभी नहीं सताना चाहिए। मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। कहते अपने ही काम आते हैं। पैसा ही सब कुछ नहीं होता, मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते हैं, अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है।

वक्त बदलते देर नहीं लगती, इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए ताकि विपत्तियों का अहसास होता रहे। आज कुछ लोग विरासती सेठ बनते हैं। बाप-दादा की कमाई अकूत धन-दौलत पर ऐश कर रहे हैं, जब खुद कमाओगे तब पता चलेगा कि मेहनत के बल पर कमाई दौलत पर कैसे ऐश होती है। ईश्वर की लाठी जब पड़ती है तो उसकी आवाज नहीं होती। ईश्वर इस धरा के कण-कण में विद्यमान है धन-दौलत,महल व आलीशान मकान सब यही धरा रह जाएगा। बुरा करोगे तो सजा जरूर मिलेगी, यह अटल सत्य है। मानव जीवन एक बार ही मिलता है।

मानव को ऐसे कार्य करने चाहिएं कि जीवन यादगार बन जाए। लोग जीवन से प्रेरणा लें, जबकि कुछ अमीर लोग नमक हराम होते हैं। अमीर आदमी तो यूज ऐंड थ्रो करता है। आज लोगों को अय्याशियां करने के लिए समय है, मगर एक गरीब के लिए समय नहीं है। चंद स्वार्थों के लिए गरीबों का गला घोंटते हैं, दूसरों के भविष्य से खिलवाड़ करते हैं। अहंकार में अंधे हुए यह लोग दूसरों को हर समय दबाने की फिराक में रहते हैं। जान-पहचान तो बड़े लोगों से है, मगर किसी का अच्छा तक नहीं करवा सकते। समय-समय पर इन लोगों को सजा मिलती रहती है, मगर अहंकार नहीं टूटता। रस्सी जल गई पर ऐंठ नहीं गई, कहावत इन पर सटीक बैठती है। आज बुरे कर्मों के लिए समय है।

आज लोग चरित्रहीन का साथ देते हैं जबकि एक ईमानदार को दरकिनार करते हैं। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते हैं परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है। दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए,खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाए कुछ भी नहीं मिला।

आप महसूस करेंगे कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनिया भर की दौलत से भी महंगी होगी। आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है, तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। आज अपने ही अपनों के दुश्मन बन गए हैं। जर, जोरू, जमीन ही सर्वोपरी हो गई है। बच्चों के मन में विष घोला जा रहा है। जीवन के कुछ अटल सत्य हैं कि रात के बाद दिन का उजाला जरूर होगा। सूर्य उदय के बाद अस्त होगा। जवानी के बाद बुढ़ापा भी सबको आएगा।

आज लोग अपनी मन्नतें पुरी होने पर बकरों की बलियां दे रहे हैं। क्या बलियों के बगैर कोई विकल्प नहीं है? सादा खाना भी बनाया जा सकता है, मगर मानव खुशी में पागल है। लोहा लकड़ी का कुछ नहीं बिगाड़ सकता, अगर हथा लकड़ी का न हो। आज समय ऐसा आ गया है कि आप लोगों को जितना स्वादिष्ट खाना खिला दो, मगर शराब न पिलाएं तो कहते हैं, कदर ही नहीं हुई।

गरीबों का मजाक उड़ाया जाता है। गरीबों रिश्तेदारों के घर जाना अपनी तौहीन समझते हैं। अमीरी-गरीबी का पता नहीं चलता। राजा से रंक बनने में जरा देर नहीं लगती। खुदा की मार पड़ती है तो अर्श से फर्श में पहुंच जाते हैं। कुछ लोग इतने चतुर बनने की कोशिश करते हैं कि दोहरा चरित्र अपनाते हैं, ऐसे लोग ज्यादा दिन तक नहीं चल सकते क्योंकि अति हर चीज की बुरी होती है।

चालाकियां करने वाले लोग नजरों से गिर जाते हैं। एक बार कोई नजर से गिर जाता है तो उससे विश्वास उठ जाता है। पापियों का हर युग में सर्वनाश हुआ है। बुरे कर्म करने वालों को उनके कर्मों की सजा जरूर मिलती है। जब ईश्वर की चक्की चलती है तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है।

आदमी को सादगी व उच्च विचारों में विश्वास रखना चाहिए। जीवन एक बार मिलता है, बार-बार नहीं अतः प्रत्येक इंसान की जितनी सहायता हो सके, करनी चाहिए। मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिएं क्योंकि अगर तुम अच्छा करोगे, अच्छाई ही मिलेगी। दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगी, अमर हो जाओगे। अगर तुम किसी का अच्छा नहीं कर सकते तो बुरा भी मत करो। किसी को मत सताओ। पैसे से गुजरा हुआ समय खरीदना नामुमकिन है।

आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए, प्रत्येक मानव का आदर-सत्कार करना चाहिए। स्वाभिमान व चरित्र से बड़ा कोई आभूषण नहीं है, अगर आपका चरित्र बेदाग है तो आप दुनिया के महान आदमी हैं, अपनी महानता से आप जग को जीत सकते हैं। अपने स्वाभिमान का आस्तित्व बनाए रखें। हर इंसान का स्वाभिमान होता है उसे बनाए रखना चाहिए, भले ही कितनी ही विपत्ति आ जाए, अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए। मानव को अपने स्वाभिमान के आंसू हर जगह नहीं बहाने चाहिएं। बंद कमरे में आंसू बहा लो, मन हल्का हो जाएगा। अपने स्वभिमान को मरने न दो रूखी-सूखी रोटी खा लेनी चाहिए। नमक से रोटी खाओ, मगर किसी के आगे हाथ मत फैलाओ, अगर एक बार हाथ फैला दिया तो सारी उम्र उनके कर्जदार हो जाओगे।

आज लोग ऐसे लोगों के पैर छूते हैं, जिनके वे काबिल नहीं हैं। चरित्रहीन लोगों के पांव छूने से परहेज करें। गरीब आदमी की जितनी सहायता हो सके, करनी चाहिए क्योंकि गरीब आदमी हमेशा याद रखता है कि बुरे समय में मेरी किसने सहायता की और किसने नहीं, किसने गरीबी का मजाक उड़ाया और किसने मजबूरी में साथ दिया। गरीब आदमी विश्वासघात नहीं करता।

आज कुछ लोग अपना अतीत भूल चुके हैं, मगर अतीत की परछाइयां मरते दम तक साथ रहती हैं। समय बहुत ही बलवान है। वक्त के थपेड़ों से कोई नहीं बच पाया है, इसलिए आदमी को नीच कर्मों से बचना चाहिए और अच्छे कर्म करके समाज की सेवा करनी चाहिए।

## नजरिया: बेसहारा पशुओं के आतंक से जनता और किसान परेशान



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

**बेसहारा** पशुओं का आतंक अब दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। इस बिकराल समस्या के चलते किसान खेतीबाड़ी करने से तौबा कर चुके हैं। बेसहारा पशु राहगीरों पर जानलेवा हमला करके उन्हें मौत के घाट उतार रहे हैं।

सड़कों, पुलों और फसलों से लहलहाते खेतों पर बेसहारा पशुओं ने अपना कब्जा जमा रखा है। गाय माता जब तक दूध देती रहे तो माता, जैसे ही वह दूध देना बंद कर दे तो स्वार्थी लोग उसे कुमाता बना देते हैं। ठीक जिस तरह की सोच हम अपने दुधारू पशुओं प्रति रखते हैं, वही नीति हम अपने अभिभावकों के प्रति भी लागू करते जा रहे हैं। शिक्षित होने का हक आम आदमी किस तरह अदा कर रहा, गाय माता की बढ़ती बेकदरी से ही अंदाजा लगाया जा सकता है। आजकल का किसान मॉडर्न बनता जा रहा और पशुपालन करना शर्म का कार्य महसूस करता जा रहा है।

महिलाओं को गोबर उठाने में अब लज्जा आने लगी है। किसानों पास जमीनें तो हैं, मगर दुधारू पशुओं का अभाव है। ऐसे में किसान बाजारों से केमिकल युक्त दूध और दही खरीदकर उसको खाना स्वास्थ्य लिहाज से बेहतर समझ रहे हैं। देसी गाय का दूध सबसे अधिक पौष्टिक आहार बाला माना जाता है। आखिर देसी गाय की अनदेखी क्यों हो रही, इस बारे चिंतन करने की जरूरत है? हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में गाय को हरा घास सदैव नहीं मिल पाता, जिसके चलते उसमें गर्भधारण सफल नहीं हो पा रहा है। इसकी अनदेखी शुरू हो जाती है। गाय जब घरों में वांझ बनकर रह जाती तो उसकी बदनसीबी की दास्तान लिखना शुरू हो जाती है। हिमाचल प्रदेश के सर्वोच्च न्यायालय ने पूर्व सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि पंचायतें क्यों बेसहारा पशुओं की मतगणना किए जाने में पीछे हट रही हैं?

केंद्र सरकार की ओर से चलाई गई गोबर धन योजना बड़ी ही कारगार साबित हो रही है। पशु पालकों ने देसी गाय की गोशालाएं खोलकर उनके दूध से घी निकालकर और गोबर से उपले बनाकर बेचना अपनी आजीविका का साधन बना लिया है। किसानों को अपने पशु बेसहारा छोड़ने से परहेज करना चाहिए।

## अंदाज-ए-बयां
### पगडंडी

*आगे ही आगे है सदैव बढ़ती*
*कहीं आड़े कहीं तिरछी बल खाती*
*टेढ़ी मेढ़ी कहीं संकरी कहीं खुली*
*पहाड़ के आंचल से गुजरती पगडंडी।*
*देखी है ना जाने कितनी सर्दियां*
*कोहरा पलरू धुंध ठिठुरती दुपहरिया*
*घास काटती धूप सेंकती नारियां*
*गीत प्यार सुने हैं पहाड़ की पगडंडी।*
*ना जाने देखी है कितनी गर्मियां*
*नाच नचाए पेड़ हवा तूफान आंधियां*
*ठंडी छांव बैठ बतियाती जोड़ियां*
*चिलारू संग जली पहाड़ की पगडंडी।*
*बरसी जब जब बारिश की बूंदें*
*सहन की जल धारा आंखें मूंदें*
*हर मौसम में बरकरार रही चूंके*
*सीना ताने रही पहाड़ की पगडंडी।*
*खुशबू महकाए जब जब बसंती रीत*
*ग्वाल बाल सब गाए प्रेम गीत*
*झूलों संग पले दिल में प्रीत*
*पुष्प पुलकित हुई पहाड़ की पगडंडी।*
*चहल पहल जहां लगी रहती थी*
*गाय भैंस भेड़ बकरी कतार रहती थी*
*रहती अब सूनी-सूनी वीरान सी*
*भूली बिसरी यादें हैं पहाड़ की पगडंडी।*

अनिल शर्मा नील
निचली भटेड़, बिलासपुर

# किसानों को ऋण माफी या नकद अनुदान के स्थान पर उतनी राशि का कुछ अंश खाद-बीज के रूप में दिया जाए



डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार का अंतरिम बजट प्रस्तुत खेती-किसानी को बूस्ट देने वाला है। राज्य की उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री दीया कुमारी ने इसे केवल तीन-चार माह के सरकार चलाने के खर्चों को पारित कराने तक ही सीमित नहीं रखकर सर्वस्पर्शी अंतरिम बजट प्रस्ताव प्रस्तुत कर साफ संदेश दे दिया है।

उन्होंने राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं और विकास का रोडमेप सामने रखा है। केंद्र सरकार की तरह ही यह अंतरिम बजट युवा, महिला, गरीब और किसान केंद्रित है। लगभग सभी पक्षों को लेकर राज्य सरकार की इच्छाशक्ति को सामने रख दिया गया है। इसमें खेती-किसानी पर खास जोर दिया गया है। वित्तमंत्री दीया कुमारी ने बजट प्रस्तावों को पीएम किसान सम्मान निधि को बढ़ाने तक ही सीमित नहीं रहकर कृषि क्षेत्र में अल्पकालीन और दीर्घकालीन विकास का रोडमैप सामने रखा है। इनसे निश्चित रूप से अल्पकालीन नहीं अपितु खेती किसानी में दीर्घकालीन सुधार होगा, वहीं किसानों को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होगा। अर्थशास्त्रियों व विशेषज्ञों द्वारा जिस बात पर जोर दिया जाता रहा है, लगता है उस पर कोई सरकार पहली बार इतनी गंभीर नजर आ रही है। भजन लाल सरकार के पहले अंतरिम बजट में श्री अन्न योजना को लेकर सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है।

सरकार ने 12 लाख किसानों को मक्का बीज, आठ लाख काश्तकारों को बाजरा व एक लाख काश्तकारों को ज्वार के उन्नत गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। तिलहन और दलहन को बढ़ावा देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रतिबद्धता को ही ध्यान में रखते हुए सात लाख काश्तकारों को सरसों और चार लाख किसानों को मूंग व एक लाख किसानों को मोठ के उन्नत बीज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। अब इससे साफ हो जाता है कि इससे किसान, खेती ओर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को ही सीधा-सीधा लाभ मिलेगा। बीज वितरण होगा तो वह खेती में ही काम आएगा। उन्नत बीज होगा और उससे बाजरा, मक्का, ज्वार, सरसों, मूंग मोठ आदि का उत्पादन बढ़ेगा और इसका लाभ भी किसान और साथ-साथ देश और प्रदेश को मिलेगा। मेरा आरंभ से ही मानना रहा है कि किसानों को ऋण माफी या नकद अनुदान के स्थान पर उतनी राशि का कुछ अंश भी यदि इनपुट यानी कि खाद-बीज के रूप में दिया जाए तो सही मायने में यह काश्तकार की सहायता है।

दरअसल अनुदान के रूप में नकद राशि मिलना चाहे, वह ऋण माफी हो या अन्य तो उसका उत्पादकता से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं रहता और इससे काश्तकार को जो लाभ पहुंचाने की सरकार की मंशा होती है, वह पूरी भी नहीं हो सकती। भले ही ऋण माफी या नकद राशि से किसान खुश हो जाए पर जो खेती-किसानी को वास्तविक लाभ इनपुट वितरण से हो सकता है, वह किसी दूसरे विकल्प से नहीं।

# बेरोजगारी-देश का ज्वलंत मुद्दा आखिर कब तक रहेगा?



हंसराज ठाकुर
लेक्चरर फिजिक्स
बग्गी, सुंदरनगर

**जब** कोई व्यक्ति, जिसके पास रोजगार नहीं है और वह रोजगार की तलाश में है, उसे काम नहीं मिल पाता है तो वह बेरोजगार कहलाता है। बेरोजगारी किसी भी अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य का प्रमुख संकेतक है। कम बेरोजगारी दर, एक मजबूत अर्थव्यवस्था जबकि उच्च बेरोजगारी दर एक कमजोर अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करती है।

बेरोजगारी एक ऐसी परिस्थिति को कहा जा सकता है, जब प्रचलित मजदूरी की दर पर काम करने की इच्छुक लोग रोजगार नहीं पाते हैं अथवा यह भी कह सकते हैं कि एक शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम व्यक्ति जो काम करने का इच्छुक है, उसमें उस काम के लायक योग्यता भी है, लेकिन उसे काम नहीं मिल पाता है। अब यह प्रश्न उठता है कि यह काम के अवसर कौन उपलब्ध करवाएगा? सभी सरकारें संवैधानिक रूप से शिक्षा तो सबके लिए अनिवार्य कर देती हैं परंतु रोजगार संवैधानिक उपक्रम क्यों नहीं बन पाता? एनएसएसओ द्वारा भारत की बेरोजगारी दर जुलाई 2022 से जून 2023 में छह साल के निचले स्तर पर आंकी गई। भारत में पुरुषों की बेरोजगारी दर 2017-18 में 6.1 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 3.3 प्रतिशत हो गई। वहीं, महिलाओं में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत से घटकर 2.9 प्रतिशत रही। सेंटर फॉर मोनिटरिंग इंडियन इकॉनमी की रिपोर्ट के आंकड़ों के आधार पर लॉकडाउन की समय रोजगार की दर मार्च 2021 में 37.6 प्रतिशत से गिरकर 36.8 प्रतिशत हो गई।

हालांकि समय-समय पर बेरोजगारी के आंकड़े और बेरोजगारी कम करने के लिए सरकार की पहल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। यह विभिन्न सरकारी परीक्षाओं जैसे एसएसबी परीक्षा, बैंक परीक्षा, आरबी परीक्षा, नीट, जेईई इत्यादि के सामान्य जागरूकता अनुभाग में प्रासंगिकता रखता है। भारत में बेरोजगारी के मुद्दे पर यूपीएससी जैसी परीक्षाओं में भी प्रश्न पूछे जाते हैं। परीक्षाथी संतोषजनक उत्तर के बाद उत्तीर्ण होकर नियुक्त भी हो जाते हैं, मगर बेरोजगारी की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। ब्यूरोक्रेसी सरकारें चलाती हैं या सरकारें ब्यूरोक्रेसी को, विचारणीय पहलू है? 15 से 29 वर्ष की आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर 8.3 प्रतिशत व शहरी क्षेत्रों में 13.8 प्रतिशत है। बेरोजगार, सरकार की हर वर्ष दो करोड़ नौकरियां प्रदान करने की बाट जोह रहे हैं। भर्ती परीक्षाओं से नौकरी मिलने तक का समय, भ्रष्टाचार ने जटिल कर दिया है। हिमाचल प्रदेश में बेरोजगारी की दर 33.9 प्रतिशत है जो कि देश में सब से ऊंची बेरोजगारी दर है।


इसके बाद राजस्थान बेरोजगारी की दर में 30.2 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में महिलाओं की बेरोजगारी दर 49.2 प्रतिशत, जबकि राजस्थान में 39.4 प्रतिशत है। भारत में बेरोजगारी दर 13.4 प्रतिशत, एक सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार बताई गई है। पिछली बार 2021-22 में यह दर 14.9 प्रतिशत थी। बिजनेस स्टैंडर्ड में छपी रिपोर्ट के मुताबिक यह दर 10.05 प्रतिशत है, वहीं सितंबर 2023 में 7.09 प्रतिशत थी। बेशक पर्यावरण स्वच्छता व भ्रष्टाचार भी देश के ज्वलंत मुद्दों में से एक है। आज देश का पढ़ा-लिखा युवा देश से बाहर पलायन करने को विवश क्यों है? वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स के आंकड़ों के मुताबिक भारत में बेरोजगारी दर 7.01 प्रतिशत है और दुनिया में सातवां सबसे बड़ा बेरोजगार देश है। भारत में आंकड़ों के मुताबिक सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर हरियाणा में है, जो 37.4 प्रतिशत है। बेरोजगारी के मुख्य कारक अधिक जनसंख्या, निम्न कौशल स्तर, नियोजन की विफलता, दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली, धीमी आर्थिक वृद्धि, विकास और पूंजी की कमी व कृषि क्षेत्र से दूर होते युवा हैं। दुनिया में सबसे कम बेरोजगारी कतर में है मात्र 0.1 फीसदी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन एंड भारत में रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े संकलित करने और प्रकाशित करने के लिए उत्तरदायी हैं।

दुनिया के सबसे बेरोजगार देश बॉस्निया और हर्जनगोविना हैं, जहाँ बेरोजगारी दर 44 प्रतिशत है। बेरोजगारी दर की गणना अंतरराष्ट्रीय दिशा-निर्देशों के अनुसार, बेरोजगार लोगों की जनसंख्या को आर्थिक रूप से सक्रिय आबादी (रोजगार में रहने वाले और बेरोजगार लोगों) से विभाजित करके की जाती है। बेरोजगारी की समस्या के समाधान हेतु समाज और सरकार दोनों को जागरूक होना पड़ेगा। सरकार की शिक्षा नीति में स्वरोजगारपरक शिक्षा की गुंजाइश हो, समाज के लोग भी इसके लिए जागरूक रहें।

लोगों में शिक्षा व नीतियों का प्रचार-प्रसार होना चाहिए। 1960 के दशक से ही भारत में बेरोजगारी की शुरुआत हुई, जिसे पहली बार 1950 में पहचाना गया था। सरकारी क्षेत्रों में रोजगार धीरे धीरे कम होते जा रहे हैं और सरकारें प्राइवेट सेक्टर या स्वरोजगार की ओर युवाओं को प्रोत्साहित कर रही हैं। इसी दिशा में तीन चरणों के अंतर्गत राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप की योजना हिमाचल प्रदेश में शुरू की जा रही है। इसके अंतर्गत युवा 20 से 40 हजार आय प्राप्त कर सकेंगे। पहले चरण में 500 ई-टैक्सी के लिए बेरोजगारों के 1250 आवेदन हिमाचल में आए हैं। बंजर भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया जा रहा है। दूसरे चरण में 100 किलोवॉट से एक मेगावॉट तक की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने पर 40 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी व तीसरे चरण में कृषि बागवानी करने वाले युवाओं को कृषि संबंधी कार्यों के लिए उपदान की सुविधा है।

बेरोजगारी कम करने के लिए प्रदेश सरकार की सराहनीय पहल है। बेशक देश में बेरोजगारी की कई प्रकार हैं, मगर इसे कम करने के लिए देश व्यापी कार्यक्रम शुरू करने की आवश्यकता वर्तमान में सभी युवाओं को है। बेरोजगारी कम करने की दिशा में सरकारी पहल व नीतियां सुगमता से युवाओं को फलीभूत करें, यही वर्तमान की आवश्यकता है। हर योजना पारदर्शितापूर्वक युवाओं को लाभान्वित करें, इस बात की आज हर युवा बेरोजगार को आवश्यकता है।

# आत्महत्या से आहत होता हिमाचल प्रदेश का शांत वातावरण



ब्लॉगर

लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर जिला मंडी

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**मनुष्य** योनि 84 लाख योनियों में जन्म के बाद प्राप्त होती है। यह मानव जीवन उत्कृष्ठ व सर्वोपरि है। इसमें इस धरती लोक में देवता भी अवतरण लेने के लिए तरसे हैं। अच्छे कर्मों व सद्कर्मों के बाद ही मनुष्य का चोला मिलता है। फिर हम यूं ही इस जीवन को चंद मिनटों में आत्महत्या जैसा घिनौना कुकृत्य कर खत्म कर देते हैं।

यह सामाजिक परिवेश में आज के समय में एक चिंतनीय व विचारणीय मुद्दा है। क्या इतना सस्ता हो गया है, यह जीवन। यह प्रश्न हमें समाज से नहीं, बल्कि खुद से चिंतन मनन कर पूछना चाहिए। वर्ष 2023 में बढ़ते मानसिक व अन्य कारणों से पूरे हिमाचल प्रदेश में 723 लोगों ने आत्महत्या कर मृत्यु का वरण किया। 54 मामले इसमें से आत्महत्या को उकसाने, प्रेरित करने के पुलिस द्वारा दर्ज किए गए हैं। यह आंकड़ा उस शांत, सुरम्य,मेहनतकश देवभूमि, वीरभूमि का है। जहां के लोग हिंसक की श्रेणी में नहीं आते। जहां के लोग वीर हैं, धीर हैं।

समस्त हिंदुस्तान में अगर सैन्य बहादुरी पदकों को प्राप्त करने की बात करें तो हिमाचल की झोली में बलिदानी वीर सैनिकों के पराक्रम से यह गाथा अविस्मरणीय रूप से अमिट है। जहां हर तीसरे घर से बहादुर मां ने एक सैनिक के रूप में अपने बेटों को इस माटी की रक्षा के लिए अर्पित किया है। फिर आज यह धैर्य सहनशीलता के वंशीय जन्मजात गुण क्षीणता को क्यों? कहासुनी, छोटी-मोटी पारिवारिक कलह हर परिवार,समाज में घटित होती है, फिर इन क्षणिक संकटों से लड़खड़ा कर, विचलित होकर अपने बहुमूल्य जीवन को नष्ट कर देना स्थायी समाधान नहीं है। बदलते सामाजिक परिवेश में मानव असंवेदनशीलता की ओर लालायित हुआ है। आज कहीं मानवीय दुर्घटना हो जाती है। आसपास खड़े व्यक्ति तुरंत मोबाइल निकाल कर तड़पते, घायल को सहायता प्रदान करने की बजाय वीडियो में कैद करने लग जाते हैं। आत्महत्या करना या आत्महत्या के लिए उकसाना दोनों ही जुर्म हैं।

किसी भी इंसान की सहन करने की एक सीमा होती है। जिस तरह से एक रबड़ को एक हद तक ही खींचा जा सकता है, उसे उस तयशुदा लंबाई से अधिक खींचा जाए तो वह टूट जाता है। उसी अनुरूप यह नियम मानवीय मानसिक संरचना के ऊपर भी लागू होता है। हमारे परिवार, आसपास, रिश्तेदारों में ऐसे बहुत से दुखी हृदय के व्यक्ति चिन्हित हो जाएंगे जो आत्महत्या जैसे घृणित अपराध को अंजाम देने या उकसाने के कुछ समय तक कुछ न कुछ संकेत देते है। स्वार्थपन से लोलुप आजकल के सभी रिश्ते उन संकेतों को अनदेखा कर आगे बढ़ जाते हैं। कुछ समय उपरांत आत्महत्या की वारदात घटित हो जाती है, तब इन्हें उस व्यक्ति का दुख समझ आता है।

मृत्यु को गले लगाने के बीज को कोई भी व्यक्ति एक बार आपसी लड़ाई, तनाव को प्राप्त होने के बाद एकदम मन में रोपित नहीं करता। यह एक लंबी एकात्मक, आंतरिक प्रक्रिया होती है। ऐसे व्यक्ति अंदर ही अंदर बहुत बार, बार-बार सहनशीलता की हद से बाहर होकर टूट गए होते हैं। जब कोई भी नजदीकी इनकी उस अंत मन स्थिति तक पहुंच बनाकर भांप नहीं पाता या उसे समझने का प्रयास नहीं कर पाता तो सीमाएं टूट जाने के पश्चात अंतिम पड़ाव,जो जीवन को खत्म करके समस्या से स्थायी मुक्ति को प्राप्त कर जाते हैं। वर्ष 2021 में 67 मामले, वर्ष 2022 में 74 मामले और साल 2023 में 54 मामले आत्महत्या के लिए उकसाने के पुलिस द्वारा दर्ज किए गए।

व्यवहारिक रूप से सर्वप्रथम हम इंसान हैं,सामाजिक प्राणी हैं। हम जंगल में नहीं रहते बल्कि एक सभ्य और शिक्षित, सुसंस्कृत समाज का हिस्सा हैं। हमें दूसरे का जीवन लेने,मारने के कारणों को बढ़ावा देने का अधिकार नही है। संवेदनशीलता, सतर्कता,दूसरे व्यक्ति की मन स्थिति को, दुख को, हताश होने के कारणों को समय रहते जान लिया जाए या महसूस कर लिया जाए तो समाज में मूलरूप से आत्महत्या जैसे घृणित कृत्य को अवश्य कम किया जा सकता है।

## अपनी बात

**आजकल** नशा युवा पीढ़ी को खोखला करता जा रहा है। आमतौर पर आज के समय में नशे से होने वाले नुकसान के बारे में हर कोई जानता है, फिर भी इसे बड़े शौक के साथ लेता है। युवा शराब, सिगरेट, ड्रग्स सहित न जाने कितनी जहरीली चीजों का सेवन करते हैं। वह इन चीजों के इतने ज्यादा आदी हो जाते हैं कि इसके बिना शायद ही वे रह पाते हैं। इस कारण वे चोरी-चकारी या अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल हो जाते हैं। इसलिए युवाओं को हमेशा नशे से बचके रहना होगा। मादक द्रव्य का दुरुपयोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह एचआईवी, हेपेटाइटिस, तपेदिक जैसे गंभीर रोगों का कारण है, इसके अलावा इसके आर्थिक हानि और असामाजिक व्यवहार जैसे कि चोरी, हिंसा और अपराध एवं सामाजिक कलंक तथा समाज का समग्र पतन कई रूपों में दुष्प्रभाव भी हैं। हम किसी भी नशे को अपनी प्रबल इच्छाशक्ति से स्वयं को शिकार बनने से रोक सकते हैं। नशा करने से शरीर को अंदर से नुकसान होता है। इससे व्यक्ति में कमजोरी आने लगती है। नशे की लत एक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक समस्या है जो युवाओं को प्रभावित कर रही है, इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को ऐसा करने से रोकें।

–अजय शर्मा, कांगड़ा

## आपकी डायरी

आप सब कहते हो अब
गुलामी के दिन गए
अजर अमर है यारो
गुलामी तौर -तरीके हों
चाहे नए।
पत्नी के कहने पे जो चले
जोरू का गुलाम
कहलाता है।
मां का कहा ही माने
जो गोदी से बाहर नहीं
आता है।।
लोगों की बातों में आ
जाते बहुत ऐसे लोग
भी होते हैं।
अपना खुद नहीं
सोचते जो
फिर जीवन भर वो
रोते हैं।।

सुरेंद्र मिन्हास
बिलासपुर

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## दूसरा दिन

### मेरठ में स्थित स्वयंभू शिवलिंग का रावण ने किया था सबसे पहले जलाभिषेक

# पुरा महादेव के रूप में बाबा भूतनाथ का शृंगार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

तारा रात्रि से चल रहे बाबा भूतनाथ के अद्भुत माखन रूपी शृंगार में शनिवार को बाबा भूतनाथ का मेरठ स्थित पुरा महादेव के रूप में शृंगार किया गया। छोटी काशी में पुरा महादेव के दर्शन करने के लिए शनिवार को दिन भर भक्तों का सैलाब उमड़ा रहा।

बाबा भूतनाथ के महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि पुराणों के अनुसार समुद्र मंथन से निकले विष को पी लेने से भगवान शिव का कंठ नीला हो गया और वे नीलकंठ कहलाए। विष के प्रभाव को खत्म करने के लिए लंका के राजा रावण ने कांवड़ में जल भरकर बागपत स्थित पुरा महादेव में भगवान शिव का जलाभिषेक किया था। यहां से ही कावड़ यात्रा की परंपरा की शुरुआत हुई हैं। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि जहां पर परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर है, यहां काफी पहले कजरी वन हुआ करता था। इसी वन में जमदग्नि ऋषि अपनी पत्नी रेणुका सहित अपने आश्रम में रहते थे। प्राचीन समय में एक बार राजा सहस्त्रबाहु शिकार करते हुए ऋषि जमदग्नि के आश्रम में पहुंचे। रेणुका ने कामधेनु गाय की कृपा से राजा का पूर्ण आदर सत्कार किया।

राजा उस अद्भुत गाय को बलपूर्वक ले जाना चाहते थे पर सफल न होने पर राजा ने गुस्से में रेणुका को ही बलपूर्वक अपने साथ हस्तिनापुर महल में ले जाकर बंधक बना लिया, लेकिन राजा की महारानी ने उसे मुक्त करा दिया। रेणुका ने वापस आकर सारा



मेरठ स्थित परशुरामेश्वर पुरा महादेव के रूप में बाबा भूतनाथ के दर्शन।

वृतांत ऋषि को सुनाया, परंतु ऋषि ने एक रात्रि दूसरे पुरुष के महल में रहने के कारण रेणुका को आश्रम छोड़ने का आदेश दिया। ऋषि के चौथे पुत्र परशुराम ने पितृ आज्ञा को अपना धर्म मानते हुए अपनी माता का सिर धड़ से अलग कर दिया। बाद में पश्चाताप हुआ तो शिवलिंग स्थापित कर महादेव की भक्ति में लीन हो गए। भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने परशुराम को प्रत्यक्ष दर्शन दिए और वरदान में उन्होंने अपनी माता को जीवित करने का वर मांगा जिसे भगवान शिव ने तथास्तु कह कर उन्हें युद्ध में विजय होने का आशीर्वाद भी दिया। भगवान परशुराम वहीं पास के वन में एक कुटिया बनाकर रहने लगे थे। थोड़े दिन बाद ही परशुराम ने अपने फरसे से संपूर्ण सेना सहित राजा सहस्त्रबाहु को मार दिया। जिस स्थान पर शिवलिंग की स्थापना की और वहां एक मंदिर भी बनवाया। देवानंद सरस्वती ने बताया कि शनिवार को छोटी काशी में सभी भक्तों ने पुरा महादेव के रूप में दर्शन किए।

# मेघा मिस, रुद्राक्ष मिस्टर फेयरवेल

## माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर में कार्यक्रम



माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर में फेयरवेल पार्टी के दौरान स्टूडेंट्स शिक्षकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर में जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने बताया कि जमा एक कक्षा की छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। इस दौरान मिस्टर व मिस फेयरवेल का चयन भी किया गया। जिसमें मेघा राणा को मिस व रुद्राक्ष मुदगल को मिस्टर फेयरवेल, परवेश ठाकुर को मिस्टर व श्रेया को मिस पर्सनेलिटी व आयुर को मिस्टर व आकांक्षा को मिस प्लस टू के खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ भी विशेष रूप से उपस्थित रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत रत्न सम्मान प्रदान करने पर गदगद

**मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा व पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और किसानों को आधुनिक कृषि ज्ञान एवं विज्ञान के साथ-साथ नवीन व अति उन्नत आर्थिक सुधार के नायक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को सर्वोच्च सम्मान भारत र प्रदान करने के लिए बधाई दी है। यूनियन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार और साथ ही गुणवत्ता युक्त कृषि प्रोत्साहन के लिए मुख्यमंत्री व हिमाचल प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया है। यूनियन के सभी जिलों की कार्यकारिणी ने संयुक्त वक्तव्य में प्रधानमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री के साथ प्रदेश सरकार से मांग की है कि किसानों के कल्याण के लिए भारतवर्ष के हिमाचल राज्य सहित सभी राज्यों में डॉ. स्वामी नाथन रिपोर्ट लागू की जाए और ऐसे राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज उन सभी किसानों को प्रधानमंत्री किसान निधि योजना सहायता राशि प्रदान की जाए ताकि किसान सम्मान से किसानी करते हुए अपने पांव पर खड़े हो सके। जिससे सरकार की कल्पना एवं सोच को भी साकार रूप मिल सके। सीताराम वर्मा प्रदेश अध्यक्ष व तेजनाथ शर्मा राज्य महामंत्री, सहित पूरी हिमाचल किसान यूनियन ने केंद्र और प्रदेश सरकार का आभार जताया है।

### मैरामसीत स्कूल के होनहार नवाजे



मैरामसीत स्कूल के वार्षिक समारोह के दौरान मंच पर मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य।

**नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मैरामसीत में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकाश चौधरी ने शिरकत की। प्रधानाचार्य मीनाक्षी जोशी ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर स्कूल की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में अवगत करवाया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गई। प्रकाश चौधरी ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रही है। वार्षिक समारोह स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए एक यादगार पल होता है। उन्होंने अकादमिक और खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कैलाशी अभिलाषी, ललित अभिलाषी, प्रोमिला अभिलाषी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### सामुदायिक भवन का उद्घाटन कल

**मंडी।** ग्राम पंचायत भरौण दुदर में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का विधिवत उद्घाटन 12 फरवरी को प्रातः 10 बजे जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन के पश्चात वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडोग में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगी। यह जानकारी पंचायत प्रधान विजेंद्र चंदेल ने दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ललित ठाकुर विशेष अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इस मौके पर विद्यालय के मेधावियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### अपर बाड़ी से चलेला सड़क का शिलान्यास



अप्पर बाड़ी से चलेला सड़क का शिलान्यास करते हुए पंचायत प्रधान।

**मंडी।** ध्वाल पंचायत के अपर बाड़ी से चलेला सड़क का शिलान्यास पंचायत प्रधान प्रोमिला देवी व वार्ड सदस्यों द्वारा किया गया। इस सड़क के निर्माण से बाड़ी व चलैला के सैकड़ों लोगों को लाभ पहुंचेगा। इस अवसर पर पंचायत प्रधान ने कहा कि सरकार ने जरूरतमंद बीपीएल परिवारों के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया है, जिसका लाभ उठाना चाहिए। इस सड़क निर्माण के लिए समस्त गांववासियों ने सुंदरनगर के पूर्व विधायक एवं मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर का धन्यवाद किया। इस मौके पर वार्ड सदस्य रीना, सरला, प्रेम लाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य संतराम, पूर्व प्रधान नंद लाल, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सहलो राम, पूर्व प्रधान डहलु राम, सन्नी, रामपाल, काकू, राकेश आदि उपस्थित रहे।

### मिलन राजपाल यादव के साथ करेंगे अभिनय

**मंडी।** जिला मंडी के गांव भांबला से नए उभरते हुए कलाकार मिलन सिंह राणा फिल्म अभिनेता राजपाल यादव के साथ फिल्म में अभिनय करते नजर आएंगे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी मिलन सिंह अभिनय के साथ मार्शल आर्ट और संगीत के क्षेत्र में भी आगे है। मिलन सिंह ने अपने प्रोडक्शन हाउस एमपीएजीआर के बैनर तले मां वैष्णो देवी और शिव शक्ति मिलन जैसी लघु फिल्मों में भी कार्य किया है। मिलन सिंह राणा जैसे युवा सभी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने है। इस अवसर पर गांव के व्यक्तियों ने फिल्म अभिनेता मिलन सिंह के परिजनों को घर जाकर बधाई दी।



मिलन सिंह को पुष्प गुच्छ देते स्थानीय लोग।

### सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर शोक

**मंडी।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मप ी सिम्मी अग्निहोत्री के आकस्मिक निधन पर पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। सिम्मी अग्निहोत्री मंडी शहर से संबंध रखती थी। अग्निहोत्री परिवार के लिए यह अपूर्णीय क्षति है। मंडी जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, सदर कांग्रेस प्रत्याशी व जिला परिषद चंपा ठाकुर, कांग्रेस उपाध्यक्ष तोष कुमार, महामंत्री जिला कांग्रेस राम लाल शर्मा, कांग्रेस पार्टी जिला मंडी के तमाम पदाधिकारियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की है।

# शहीद राइफलमैन अंकेश की पुण्यतिथि पर नहीं आया प्रशासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन ने जताया विरोध**

आओ झुक कर करें सलाम उन्हें जिनके हिस्से में यह मुकाम आता है, कितने खुश नसीब है वह जिनका खून वतन के काम आता है। इस प्रकार के देशभक्ति के स्लोगन जब भी शहीदों के लिए श्रद्धांजलि समारोह किए जाते हैं उन में बोले जाते हैं, लेकिन बहुत ही जल्दी इन स्लोगनों को व शहीदों को भूला दिया जाता है।

इसका जीता जागता उदाहरण नौ फरवरी को तहसील घुमारवीं से लगभग पांच किलोमीटर दूर सेउ गांव में शहीद राइफलमैन अंकेश भारद्वाज की दूसरी पुण्यतिथि के समारोह में देखने को मिला, जहां प्रशासन व पुलिस का कोई भी प्रतिनिधि पुष्पांजलि देने के लिए नहीं पहुंचा था।

यह बात संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन जेसीओ ओआर हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कै. जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त व अन्य सदस्यों कै. बालक राम शर्मा, कै. संजय कुमार, सूबेदार मेजर नानक चंद, नायब सूबेदार रामानंद ने संयुक्त विज्ञप्ति में कही। उन्होंने बताया कि नौ फरवरी के समारोह को देखने से ऐसा लगता था कि यह समारोह सिर्फ और सिर्फ पूर्व सैनिक उनके परिवार व वीर नारियों का ही है और स्थानीय प्रशासन, पुलिस तथा दूसरे गांव वालों का नहीं था।

राइफलमैन अंकेश भारद्वाज ने अपने परिवार या पूर्व सैनिकों के लिए ही अपने जीवन का बलिदान 22 वर्ष की उम्र में नहीं दिया था, बल्कि उसने कुर्बानी पूरे देश के लिए दी है। कै. जगदीश वर्मा ने बताया कि वह 19 जैक राइफल बटालियन के बहुत आभारी हैं, जिन्होंने 19 जैक राइफल से एक कंटिजेंट 15 सेवार्थ सैनिकों का शहीद को सलामी देने व श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए अपनी यूनिट से सेउ गांव में भेजा था। उन्होंने बताया कि शहीद के पिता बंचाराम से बात करने पर पता चला कि उन्होंने पुलिस प्रशासन, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों, एसडीएम घुमारवीं आदि से भी संपर्क किया था, लेकिन किसी ने जेसीबी तक नहीं भेजी। उन्होंने अपना खर्च करके रास्ते को ठीक करवाया और उसे समारोह में लोगों के आने जाने के काबिल करवाया।

# मंडी में नशा माफिया पर होगी सर्जिकल स्ट्राइक

## एसपी साक्षी वर्मा ने बनाया प्लान, कई संस्थाओं ने भी दिया समर्थन पत्र

**अनिल शर्मा, मंडी**

**विशेष बातचीत**

हिमाचल प्रदेश में बढ़ते नशे पर नुकेल लगाने के लिए सरकार और पुलिस प्रशासन को जनता के सहयोग की कमी खल रही है। हाल ही में कार्यभार संभालने वाली मंडी एसपी साक्षी वर्मा ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में कहा कि नशा माफिया का सबसे बड़ा टारगेट स्कूली बच्चे हैं। ऐसे में अभिभावकों को नशा बेचने वालों की जानकारी तुरंत पुलिस को देनी चाहिए, ताकि पुलिस समय रहते कार्रवाई कर सके और नशा माफिया की रीढ़ को तोड़ सके।

एसपी साक्षी वर्मा ने कहा कि नशा आ कहां से रहा है, इसकी तह तक पहुंचा जाएगा, ताकि भावी पीढ़ी को बचाया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित गुटखा और खैनी बेचने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। कोई भी दुकानदार प्रतिबंधित गुटखा और खैनी नहीं बेच सकता है। नशा बेचने की सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखने के साथ उन्हें उचित इनाम भी दिया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि पुलिस नशा बेचने वालों पर किस तरह शिकंजा कसेगी, तो उन्होंने कहा कि पुलिस ने एक गुप्त प्लान तैयार किया है, जिसे समय आने पर ही सार्वजनिक किया जाएगा, ताकि नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा सके। उन्होंने शाम ढलते ही मयखानों में तब्दील होती चाय की कुछ दुकानों पर भी शिकंजा कसने की बात कही। (अनंत ज्ञान)



एसपी मंडी साक्षी वर्मा।

### खेल से रुकेगा नशा

साक्षी वर्मा ने कहा कि पांचवी कक्षा से ही बच्चों को खेलों की ओर ले जाने से नशे पर नुकेल लग सकती है। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो शिक्षा उपनिदेशक के सहयोग से सरकारी स्कूलों में खेल गतिविधियों और उनके परिणाम पर भी फोकस किया जाएगा, ताकि युवा खेलों में भाग ले सकें। पुलिस नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत समय-समय पर स्कूलों में जागरूकता शिविर आयोजित करेगी, जिससे बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव बताए जाएंगे।

### कई संस्थाओं ने भरी हामी

जिला मंडी में एसपी मंडी साक्षी वर्मा के आह्वान पर संकल्प युवक मंडल छोटा समाहल सरकाघाट के पदाधिकारी राजीव कुमार, सामाजिक क्रांति संगठन के संयोजक सोनू भटोउ, आजाद छात्र संगठन के संयोजक महेंद्र गुलेरिया, प्राचीन आरोग्य बीज भंडार संस्था के प्रधान नरेंद्र वशिष्ठ ने अपना समर्थन पत्र जारी करते हुए कहा कि हम नशे के खिलाफ एसपी मंडी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जन जागरण अभियान छेड़ेंगे, जो बच्चों और समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

# गैहरा पंचायत को लाखों की सौगात

## विधायक दिलीप ठाकुर ने विकास कार्यों के लिए दी राशि

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत गैहरा के गांव पन्याली सवाणी और गैहरा के स्थानीय लोगों ने अपनी पंचायत में पहुंचने पर सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर का भव्य स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने सामुदायिक भवन सवाणी के लिए एक लाख, गांव परसवाण के श्मशानघाट के लिए एक लाख, महिला मंडल भवन सवाणी के लिए एक लाख, महिला स्नानागार रोपड़ी, महिला स्नानागार नौण व महिला स्नानागार शैलग की कंप्लीशन के लिए 20-20 हजार रुपए, जालपा महिला मंडल सवाणी, महिला मंडल शैलग, महिला मंडल टकरेहड, महिला मंडल गदयाहडू, महिला मंडल रोपड़ी, महिला मंडल कूफरू, महिला मंडल डवरोग, महिला मंडल गैहरा, महिला मंडल अपर जनीहण, महिला मंडल खंडाहर, महिला मंडल कास और महिला मंडल खंडाहरू को 15-15 हजार, कूडू की बावड़ी गैहरा को 50 हजार और प्राकृतिक स्रोत जरलू गैहरा की मरम्मत के लिए 20 हजार, भारी बारिश से प्रभावित परिवार जिन्हें प्रशासन की तरफ से मदद नहीं मिल पाई है, उन्हें दैनिक जीवन के लिए आवश्यक घरेलू सामान वितरित किया व 10-10 हजार रुपए देने की घोषणा की। साथ ही विधायक ने रिहडी, सड़वाल, खंडाहर, गैहरा, शैलग, कहूगांव, सवाणी, वाया लागस को विधायक प्राथमिकता में डालने की घोषणा की। इसके साथ भरयाई बावड़ी से निचला शैलग सड़क व जनीहण से कोलनी सड़क को पीडब्ल्यूडी बजट में डालने और कुफरू, डबरोग, गैहरा, गोबड़ता की डीपीआर तैयार करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदेश चंदेल, भाजपा मंडल महामंत्री संदीप जसवाल, स्थानीय पंचायत प्रधान, उपप्रधान और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



जनता को संबोधित करते विधायक दिलीप ठाकुर।

### साढ़ला में देव श्री देव टुंडी वीर का भंडारा आज

**मंडी।** श्री देव टुंडी वीर मूल स्थान साढ़ला इलाका द्रंगसिरा में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं द्वारा स्वेच्छा से दी गई सहयोग राशि से श्री देव आदि टुंडी वीर प्रबंधक और भंडार निर्माण कमेटी मूल स्थान साढ़ला द्वारा लगभग 85 लाख की सहयोग राशि से गांव साढ़ला में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस नवनिर्मित मंदिर की प्रतिष्ठा एवं भंडारे का आयोजन 11 फरवरी को श्री देव टुंडी वीर नवनिर्मित मंदिर के नजदीकी प्रांगण में रखा गया है। मंदिर प्रबंधन ने सभी श्रद्धालुओं से विनम्र आग्रह किया है कि सभी भक्त इस धार्मिक आयोजन में सुबह 10 बजे से सायं छह बजे तक भारी संख्या में पहुंचे और देव श्री टुंडी वीर का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण करके पुण्य के भागी बने।



### दौरा करवाने से नहीं बनती सड़कें : जम्वाल

**सुंदरनगर।** विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने गांव चलो अभियान के तहत क्षेत्र के बरोटी बूथ में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय कांग्रेस नेता पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सड़कें शिलान्यास पट्टिकाएं लगाने मात्र से नहीं बना करती हैं बल्कि उसके लिए बजट का प्रावधान करना जरूरी होता है। उन्होंने कांग्रेस नेता से सवाल किया है कि इस कार्य को करवाने के लिए आज तक कितने बजट का उन्होंने प्रावधान किया है। कांग्रेस नेताओं के ब्यान को हास्यास्पद बताते हुए राकेश जम्वाल ने कहा कि सड़कों का श्रेय लेने से बेहतर आज अपनी सरकार में बरसात के दौरान खराब हुई सड़कों को ठीक करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आज भी बरसात के बाद सुंदरनगर विधानसभा में टूटी हुई सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाई है। कई रूटों पर बसें नहीं शुरू हो पाई हैं। प्रदेश के लिए ये सब से ज्यादा दुर्भाग्य की बात है कि बरसात को बीते नौ महीने से अधिक का समय बीत गया पर आज भी सलवाना वाया खनौखर मार्ग, सिंहली स्कूल से बायला, जदरौण से घेरा मार्ग पर बस नहीं चल पाई है।

### नाले में बह रही सीवरेज की गंदगी

**मंडी।** नगर निगम के तहत रामनगर वार्ड में सीवरेज टैंक की लीकेज से आसपास के बाशिंदे परेशान हैं। हालांकि यह लीकेज विशाल मैगा मार्ट के पास वाले नाले में है। गंदगी तो नाले में ही बह रही है, लेकिन हवा में उड़ती उसकी बदबू परेशानी का पहला कारण है। यह लीकेज काफी लंबे समय से बावड़ी के नजदीक है। स्थानीय बाशिंदों नवजोत, अनिल, रामपाल, गीतू राम और पुष्पराज ने बताया कि इस ओर न ही नगर निगम ध्यान दे रहा है और न सीवरेज महकमा। इस लापरवाही का दूसरा पहलू यह है कि गंदगी इस नाले से बहते हुए सीधे सुकेती खड्ड में जाकर मिल रही है। सुकेती खड्ड आगे चलकर ब्यास नदी में मिल रही है। मतलब स्वच्छ मंडी की यह गंदगी ब्यास को गंदा कर आगे की पेयजल योजनाओं में कई तरह की बीमारियां परोस रही है। वाशिंदों की मांग है कि इसे तुरंत ठीक किया जाए। रामनगर वार्ड के पार्षद योगराज योगा ने बताया कि यह सीवरेज लाइन ऊपर से हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी से आ रही है। इसमें सुधार के लिए सीवरेज महकमे से तुरंत मामला उठाएंगे ताकि स्थानीय बाशिंदों को इस समस्या से निजात मिल सके।

### चौंतड़ा में ईसीसीई कार्यक्रम की धूम



ईसीसीई दिवस पर कार्यक्रम पेश करते नौनिहाल।

**मंडी।** शिक्षा खंड चौंतड़ा एक का राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला चौंतड़ा में खंड स्तरीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा ईसीसीई दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी राजूराम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में खंड की 33 पाठशालाओं के पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले चयनित बच्चों और उनकी माताओं ने भाग लिया। इस दौरान अनेक स्पर्धाएं आयोजित की गई, जिसमें माताओं की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता, नौनिहालों की बैलेंसिंग गेम, बॉल थ्रो गेम, चित्रकला व समूह नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान बीईईओ राजूराम ने मौजूद लोगों से भी आग्रह किया कि अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिल करवाएं। संघ के महासचिव कपिल राव ने कहा कि समारोह को सफल बनाने में स्थानीय जनता, पीटीएफ प्रधान संजय कुमार, शिक्षा खंड के सभी केंद्रीय मुख्य शिक्षक, शिक्षकों, मल्टीटास्क वर्कर्स ने अपना सहयोग प्रदान किया।

### अग्निवीर भर्ती को 13 फरवरी से करें आवेदन

**मंडी।** सेना भर्ती निदेशक से प्राप्त जानकारी अनुसार मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों के युवा 13 फरवरी से 22 मार्च तक अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क अग्निवीर स्टोरकीपर, अग्निवीर ट्रेडमैन और अग्निवीर टेक्निकल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन किए जा सकेंगे। इसके लिए उम्मीदवारों को joinindianarmy.nic.in वेबसाइट पर लॉग इन करके आवेदन करना होगा। भर्ती निदेशक ने बताया कि उम्मीदवारों के सुविधा के लिए वेबसाइट में विडियो लिंक है, जिसमें उम्मीदवार पंजीकरण कैसे करे और ऑनलाइन परीक्षा में कैसे उपस्थित हो की सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रैक्टिस टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध है।

## ट्रेनिंग: पायलट प्रोजेक्ट के तहत फसल विविधीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम

# सुंदरनगर में किसानों ने सीखी मशरूम की खेती

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 किसानों ने लिया भाग**

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के अंतर्गत राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो क्षेत्रीय केंद्र दिल्ली द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर में तीन दिवसीय फसल विविधीकरण को लेकर पायलट योजना में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, क्षेत्रीय केंद्र दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार ने किया और मंडी जिला के किसानों को फसल विविधीकरण को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न हितधारकों मुख्य रूप से धान के लिए कम उपयुक्त क्षेत्रों में फसल विविधीकरण के बारे प्रशिक्षित करना रहा। इस कार्यक्रम में विधिकरण के साथ-साथ सघन खेती पर भी चर्चा तथा वैकल्पिक भूमि उपयोग के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इसके अतिरिक्त फसल विविधिकरण उद्यानिकी एवं कृषि वानिकी उद्यमों द्वारा खाद्य, पोषण एवं आजीविका सुरक्षा, सतत मृदा स्वास्थ्य एवं भू-दक्षता क्षमता वृद्धि पर बल दिया गया। वहीं कार्यक्रम में जिले भर के 50 किसानों ने भाग लिया। स्थानीय किसानों सविता ठाकुर और परम राम चौधरी का कहना है कि फसल विविधीकरण पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बहुत कुछ सीखने को मिला है। इसके तहत मशरूम सहित अन्य फसलों के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। इससे भविष्य में किसानों को उनकी पैदावार बढ़ाकर अच्छा लाभ प्राप्त करने में लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र मंडी के प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पंकज सूद ने कहा कि जिला मंडी में फसल विविधीकरण की अपार संभावनाएं हैं। इसमें अग्रणी किसान, कृषि प्रसार अधिकारी, विकास अधिकारी तथा इनपुट डीलर्स किसानों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंडी जिला के किसानों को फसल विविधीकरण को लेकर प्रशिक्षित किया गया है। इससे किसानों के उत्पादन से उनके लाभ को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि किसानों को पारंपरिक तौर पर उगाई जाने वाली फसलों को बदलकर विविधिकरण की ओर जाकर लाभ को बढ़ाया जा सकता है।




प्रशिक्षण लेने के बाद प्रशिक्षु सामूहिक चित्र में।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कीइंग एंड स्नो बोर्ड चैंपियनशिप 12 से

**मनाली।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोलंगनाला की राष्ट्र स्तरीय स्कीइंग ढलान राज्य स्तरीय स्कीइंग एंड स्नो बोर्ड चैंपियनशिप के लिए तैयार है। चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए शनिवार को प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन की मनाली में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर ठाकुर ने की। बैठक में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में अध्यक्ष लुदर ठाकुर ने कहा कि विधायक भुवनेश्वर गौड़ 12 से 14 जनवरी तक चलने वाली स्कीइंग एंड स्नो बोर्ड चैंपियनशिप का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि तीन दिन तक चलने वाली चैंपियनशिप में प्रदेश भर से लगभग 300 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के दमखम दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि टीडीसी व अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतरोहण संस्थान का उन्हें सहयोग से मिल रहा है। इस चैंपियनशिप के दौरान प्रदेश की टीम का चयन किया जाएगा। यह टीम खेलो इंडिया के तहत आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। लुदर ठाकुर ने कहा कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर मनाली में बैठक की गई। बैठक में एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

### कुल्लू में हिमाचल व केरल की संस्कृति से होंगे रू-ब-रू

**कुल्लू।** कुल्लू में हिमाचल और केरल की संस्कृति और खानपान से रू-ब-रू होने का मौका मिलेगा। 12 व 13 फरवरी को कुल्लू के ढालपुर मैदान में आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी 12 जिलों के आठ-आठ विद्यार्थी भाग लेंगे। ढालपुर मैदान में 12 व 13 फरवरी को। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत कल्चरल एक्सचेंज कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के हर जिला से आठ-आठ स्टूडेंट्स और दो-दो अध्यापक हिस्सा लेंगे। कुल्लू में होने वाले इस कार्यक्रम में हिमाचल और केरल और राज्य की संस्कृति और खानपान को एक्सचेंज करना मुख्य उद्देश्य है जिसके माध्यम से हिमाचल प्रदेश के स्टूडेंट्स केरल और हिमाचल की संस्कृति के साथ-साथ दो राज्यों की खान-पान के बारे में भी जानकारी हासिल कर सकेंगे। इस कार्यक्रम को-ऑर्डिनेटर जीत राणा ने बताया कि इस बार कार्यक्रम के आयोजन का जिम्मा कुल्लू के जरड़ स्थित डाइट को मिला है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 13 फरवरी को छह जिलों के स्टूडेंट्स केरल की संस्कृति पेश करेंगे, जबकि छह जिला के स्टूडेंट्स हिमाचल की संस्कृति पेश करेंगे।

### नेहरू युवा केंद्र करेगा युवा संसद उत्सव का आयोजन

**कुल्लू।** नेहरू युवा केंद्र कुल्लू की ओर से जिला स्तरीय युवा संसद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। युवा केंद्र संगठन, युवा मामले विभाग द्वारा हर वर्ष राष्ट्रीय युवा संसद उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसका आयोजन तीन चरण में किया जाता है जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर। इसी कड़ी में इस वर्ष जिला स्तरीय युवा संसद उत्सव का आयोजन नेहरू युवा केंद्र कुल्लू द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा जिसमें एक फरवरी तक 18-25 की आयु पूर्ण कर चुके युवा भाग ले सकते हैं। नेहरू युवा केंद्र कुल्लू की जिला युवा अधिकारी ने बताया कि सोनिका चंद्रा नेहरू युवा केंद्र कुल्लू जिला स्तरीय युवा संसद का विषय भारत को एक वैश्विक गुरु बनाना है। भारत की आर्थिक शक्ति बढ़ाने में युवा उद्यमियों की भूमिका, युवाओं द्वारा संचालित प्रक्षेपवक्र (ट्रैजेक्टरी) विकास द्वारा भारत को आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत की तरफ ले जाना, सशक्त भविष्य-युवा नेतृत्व पहल के माध्यम से जिम्मेदार समुदाय के लिए मार्ग प्रशस्त करना। तीन उल्लेखित विषयों में से किसी भी एक विषय पर प्रतिभागी द्वारा चार मिनट का भाषण दिया जाएगा। पांच सदस्यों के निर्णायक मंडल द्वारा प्रतियोगिता में निर्णय दिया जाएगा एवं निर्णायक मंडल का फैसला ही अंतिम एवं मान्य होगा। जिला स्तर पर प्रथम तथा द्वितीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तर की राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए किया जाएगा। राज्य स्तर पर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा संसद में भाग लेंगे। पंजीकरण के लिए इवेंट में जाकर जिला युवा संसद उत्सव में पंजीकरण करे पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 13 फरवरी है अधिक जानकारी के लिए नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के कार्यालय में संपर्क करें।

### व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन 12 को

**कुल्लू।** नगर परिषद कुल्लू के अंतर्गत व्यापार मंडल का पुनर्गठन करने के लिए 12 फरवरी सोमवार को अखाड़ा बाजार स्थित ट्रक यूनियन कुल्लू के भवन में व्यापारियों की आम सभा का आयोजन किया जाएगा। व्यापार मंडल के वर्तमान तीन अध्यक्ष राकेश कोहली, रितेश कायस्था व राजेश सेठ ने सामूहिक रूप से निर्णय किया है कि कुल्लू शहर के जितने भी विभिन्न व्यापारी वर्गों के प्रतिनिधि तथा सभी व्यापारी इस बैठक में शामिल हों ताकि नए अध्यक्ष व कार्यकारिणी का चुनाव हो सके। नए अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी आगामी समय में व्यापारियों को आने वाली विभिन्न समस्याओं और शहर के विकास के बारे में भी चर्चा करके उसका समाधान करवा सके। इस सभा में शासन व प्रशासन से सहयोग लेने बारे तथा सहयोग देने के बारे चिंतन किया जाएगा, इसलिए सभी व्यापारी बैठक में उचित समय में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करें।

# लाहुल घाटी में फागली उत्सव का आगाज

## देवी-देवताओं से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद ले रहे लोग, पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू से महक उठी घाटी




लाहुल घाटी में अपने सगे-संबंधियों के साथ फागली उत्सव मनाते लोग। इस रिवाज को स्थानीय बोली में ढाल कहा जाता है।

**कमलेश वर्मा, केलांग**

लाहौल घाटी में वरदान एवं अभिवादन का पर्व फागली, कुह, कुस, जुकारु उत्सव की धूम शुरू हो गई है। फागली उत्सव के शुरू होते ही सम्पूर्ण घाटी लजीज व्यंजनों मन्ना, चुम, सिड्डू, मोगमोग, छती व चिल्लडॉ, नुदु मर, झीहत, कुरकुर मरचू आदि पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू से महक उठे हैं। शनिवार को उम्र व रिश्ते में छोटे लोगों ने सजधज कर यौरा, ज्युब के साथ बड़े लोगों का आदर, सम्मान, नमस्कार एवम श्रद्धा को अभिव्यक्त करने की रस्म निभा रहे हैं।

इस रिवाज को स्थानीय बोली में ढाल कहा जाता है। लाहुल के ग्रामीण जगदीश, लाल चंद, सोमदेव व रणवीर ने बताया कि फागली के तीन दिन पहले घुनतरेंइन, घुनु, कुहयग मनाया गया। घरों के दीवारों पर विशेष आकृतियां, चित्रित कर बलिराजा की पूजा-अर्चना हेतु बराजा बनाया गया। आज उजाले से पूर्व घर का मुखिया ने देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद गृहणी के साथ कल्पेतंग की रस्म पूरी की। जिस में यौरा तथा घी को दरवाजों के ऊपर चिपका कर महादानी राजा बलि से धन संपत्ति का वरदान मांगा। लाहौल घाटी के इतिहासकार मोहन लाल ने बताया कि घाटी के लोगों ने देवी देवताओं से मनचाहा वरदान ओर मुराद पूरी करने बारे वरदान मांगने की परंपरा सभी घाटी में विभिन्न है।

देवी देवताओं से भेड़ बकरियों का वरदान दें, ऊंट ओर हाथियों का वरदान दें, सोना चांदी का वरदान दे, तांबा और कांस्य का वरदान दें, मूंगा और मोतियों का वरदान दें, अन्न और दाने का वरदान दें, शराब और मदिरा का बरदान, गिलिंग नामक अश्व का वरदान, गृह भर मानवों का वरदान, स्वर्ण स्तंभ का वरदान, खेत भर अनाज का वरदान मांगा। (अनंत ज्ञान)

### लाहुल सहित कुल्लू व पांगी में भी मनाया जाता है उत्सव

**लाहौल** घाटी के पट्टन के अलावा चंबा के पांगी तक फागली का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाता है यह त्यौहार लाहौल सहित किन्नौर व बौद्ध धर्म के अनुयायी लगभग एक महीना और कुल्लू घाटी में एक सप्ताह तक चलता है। इस साल किन्नौर, लाहौल, तिब्बती इस त्योहार को एक साथ मना रहे हैं। बौद्ध धर्म के कैलेंडर के अनुसार यह त्योहार मनाया जाता है। इसके ठीक 15 दिन पहले घाटी में खोगल उत्सव मनाया जाता है। कुछ सालों के बाद यह त्यौहार सभी बौद्ध धर्मों को एक साथ मनाने को मिलता है। इस दिन लोग अपने-अपने ईष्ट देवता की पूजा अर्चना करते हैं। ये त्योहार नए साल में घाटी में अच्छी फसल की कामना के लिए करते हैं। इस त्योहार के खत्म होते ही लोग अपने अपने खेत खलियान में नई फसल की बुआई करते है। फागली में जनजातीय लोग अपने से बड़ों को ध्रुव फूल देकर सम्मानित करते हैं और बड़े बुजुर्गों को ध्रुव और फूल देकर उन से आशीर्वाद लेते हैं। एक घर से दूसरे के घर जाकर ध्रुव्र दी जाती है जिस भी घर में मेहमान आता है उस की खातिरदारी देसी व्यंजनों के साथ और माथे पर देसी घी का तिलक लगा कर की जाती है। एक घर से दूसरे घर नाचते गाते ही जाया जाता है। आज के दिन फागली उत्सव पर पारंपरिक व्यंजनों में मारछू, सत्तू की पीनी जो विशेष तौर से देवता को प्रसाद के रूप में भोग लगाया जाता है के अलावा कई तरह के व्यंजन मेहमानों को परोसे जाते हैं।

### क्या है मान्यता


**मान्यता** है कि सर्दियों में बर्फ अधिक पड़ती थी, लोग एक-दूसरे से कट जाते थे। सर्दियों में राक्षस का आतंक अधिक बढ़ जाने से लोग घरों से बाहर नहीं निकलते थे। लोग ईष्ट देवों से प्रार्थना करते थे कि सुरक्षित रहे तो चंद्रमास की प्रथम तिथि को एक-दूसरे के हाल से अवगत होंगे और देवी-देवताओं सहित बुजुर्गों से सुख व समृद्धि का आशीर्वाद लेंगे। परंपरा को निभाते हुए लाहुली तीज त्योहार फागली के दिन अपने इष्ट देवों से सुख स समृद्धि का आशीर्वाद लेंगे। घाटी में अलग अलग नाम से जाना जाता है यह पर्व लाहुल के विभिन्न घाटी के लोगों ने इस त्योहार को अलग नाम दिए हैं। जैसे कुंहन, कुस, फागली, लोसर तथा जुकारी आदि। आज फागली त्योहार के दिन सभी कनिष्ठ लोग अपने निकट संबंधियों, गांववासियों, बुजुर्गों तथा ज्येष्ठ लोगों को जातीय तथा आयुगत वरियता के मुताबिक आदर सम्मान, नमस्कार एवं श्रद्धा को अभिव्यक्त करने कि रस्म निभा रहे है। इस सभी प्रकिया को ढाल कहा जाता है, जो लोग इस दिन घर से बाहर है उन्हें इस उत्सव के बाद प्रथम मिलन पर ढाल करना आवश्यक होता है। अपने से ज्येष्ठ एवं बुजुर्ग व्यक्ति ढाल ग्रहण कर छोटे को आशीर्वाद देता है। फागली के दिन दीवार के कोने में बराजा स्थापित किया जाएगा। जिसमें राजा बलि राज, चांद, सूरज, स्थानीय देवता, लक्ष्मी, तथा स्वास्तिक आदि अंकित कर पूजा-अर्चना की जाती है।

# हंस फाउंडेशन ने लगाया तलाड़ा में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

**अनंत ज्ञान, सैंज**

आंख है तो जहान है, कार्यक्रम के तहत बंजार ब्लॉक में कार्यान्वित संस्था द हंस फाउंडेशन ने शनिवार को तलाड़ा गांव में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस नेत्र चिकित्सा शिविर में घाटी के सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर आंखों की जांच करवाई। हंस फाउंडेशन के को-ऑर्डिनेटर अरुण कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण व सामाजिक जन चेतना चिकित्सा शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर कमल कपूर तथा आप्थेलमिक निर्मल शर्मा मौजूद रहे। हंस फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए गए इस शिविर में 132 से अधिक लोगों की नेत्र जांच की गई तथा आवश्यकता अनुसार मुफ्त चश्मे भी वितरित किए गए।

शिविर के दौरान द हंस फाउंडेशन के संपूर्ण स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शिविर के दौरान जनरल ओपीडी भी की गई। जनरल ओपीडी के दौरान एमएमयू के मेडिकल ऑफिसर ने लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच की। ग्राम पंचायत तलाड़ा के ग्रामीणों ने द हंस फाउंडेशन के इस अभियान की सराहना की।



कैंप में मरीज की जांच करता डॉक्टर।

पंचायत प्रधान मोहर सिंह, उपप्रधान सुभाष ठाकुर, पूर्व प्रधान शिवराम शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, शेर सिंह नेगी, दीनानाथ शर्मा, काकू शर्मा, भीमसेन, जोगिंद्र सिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि हंस फाउंडेशन जहां सैंज घाटी में महीने में दो बार ग्रामीण क्लीनिक के जरिए लोगों को घर द्वार ही ओपीडी की सुविधा दे रहा है, वहीं अब ग्रामीणों को आंखों का मुफ्त चिकित्सा शिविर लगाकर सामाजिक कल्याण का कार्य कर रहा है। संस्था रविवार को गुशेनी डिस्पेंसरी में बंजार ब्लॉक के अंतर्गत दूसरे बड़े आई कैंप का आयोजन करने जा रही है। संस्था के प्रबंधन वर्ग ने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि भारी संख्या में इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लें।

# पर्यटन स्थल से बर्फ हटाने में जुटा बीआरओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल व पर्यटन नगरी मनाली और इसके आसपास रोहतांग टनल की राह में अलग अलग स्थानों में पर्यटक वाहनों के लिए पार्किंग का प्रावधान किया जा रहा है। बर्फ से ढके पार्किंग स्थलों से बीआरओ ने बर्फ हटानी शुरू कर दी है, ताकि यहां गाड़ियां पार्क की जा सकें और सड़क पर जाम की स्तिथि पैदा न हो।

बीआरओ पर्यटन स्थल सोलंगनाला में पार्किंग से बर्फ हटाने में भी जुटा गया है। ऐसे में पर्यटक अब पार्किंग व्यवस्था होने से अपने वाहनों में सोलंगनाला तक जा सकेंगे। हाल में हुई बर्फवारी से सोलंगनाला की पार्किंग चार फीट बर्फ की मोटी परत से ढकी हुई है। हालांकि पर्यटन स्थल सोलंगनाला तक फोर बाई फोर वाहन ही जा रहे हैं, लेकिन दो दिन मौसम साफ रहा तो सभी प्रकार के वाहन सोलंगनाला तक जा सकते हैं। पिछले कुछ दिनों से सोलंगनाला आने वाले पर्यटक वाहनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। पार्किंग की व्यवस्था न होने से पर्यटक वाहन चालकों सहित पर्यटकों को दिक्कत हो रही है। ऐसे में मनाली प्रशासन ने बीआरओ की मदद से पार्किंग से बर्फ हटाने का काम शुरु कर दिया है।



पार्किंग स्थलों से बर्फ को हटाती बीआरओ।

सोलंग में फास्ट फूड का कारोबार करने वाली महिला पर्यटन कारोबारी सुषमा, तुली व उर्मिला ने बताया कि फोर बाय फोर वाहन चलने से बहुत कम पर्यटक सोलंगनाला पहुंच रहे हैं लेकिन सभी वाहनों के सोलंग पहुंचने से उनका भी कारोबार चल पड़ेगा। शनिवार को मनाली सहित लाहौल घाटी में धूप खिली। पर्यटकों ने खिली धूप के बीच बर्फ का आनंद लिया। शनिवार को पर्यटकों ने नेहरूकुंड से लेकर सोलंगनाला तक बर्फ का आनंद लिया।

### क्या बोले- एसडीएम मनाली

**एसडीएम** मनाली रमण शर्मा ने बताया कि सोलंगनाला में पार्किंग से बर्फ हटाने का कार्य शुरू है। एक दो दिन के भीतर सड़क की हालत सुधरते ही व पार्किंग की व्यवस्था होते ही सभी पर्यटक वाहनों को सोलंगनाला तक जाने की अनुमति दी जाएगी।

# चार महीने बाद अब बागवानी के सारे काम एक साथ

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

अक्तूबर से घाटी का किसान व बागवान वर्षा व बर्फबारी की राह देखता रहा ताकि बागवानी कार्य को समय पर निपटा सके। अक्तूबर, नवंबर व दिसंबर व जनवरी पूरी तरह से सूखा रहने पर घाटी का किसान किसी भी कार्य नहीं कर पाए। हालांकि लोगों को पौधों की काट छांट के लिए तो समय मिला मगर बागवानों में खादें डालने व नए सेब के पौधों को लगाने के लिए चार समय नहीं मिला, क्योंकि चारों व खुश्की का माहौल था और खेतों व बागानों से नमी पूरी तरह से गायब थी।

**सेब की नर्सियों को अब पौधों की बिकने की जगी आस**

फरवरी के महीने में जिस तरह से कुदरत ने पहाड़ों का श्रृंगार व निचले क्षेत्रों में नमी का संचार किया है उससे लोगों को भारी राहत मिली है। हालांकि घाटी में दिसंबर व जनवरी महीने में सेब के पौधों को लगाने का कार्य शुरू हो जाता था, मगर इस बार दिसंबर व जनवरी के महीने में खुश्क रहने पर बागवानों को सेब के बागानों में गड्ढे नहीं पाए क्योंकि जमीन के सत होने पर खुदाई का कार्य कठिन हो गया और लोग वर्षा के इंतजार में रहे ताकि जमीन में नमी का संचार हो। अब फरवरी के पहले सप्ताह में जिस तरह से घाटी में बर्फबारी व बारिश हुई है उससे लोगों को बड़ी राहत मिली है।

लोगों का कहना है कि यदि 15 फरवरी तक वर्षा नहीं होती तो इस वर्ष सभी फसलों से हाथ धोना पड़ता। बागवान दिलीप, मुकेश, सुरेश, अहमद, मोहन, करतार, जीवन, पालू, देवेंद्र ने बताया कि घाटी में फरवरी महीने में वर्षा होने से सभी कार्यों के लिए माहौल बढ़िया बन गया है, लेकिन जो कार्य अक्तूबर से जनवरी तक पूरे होते रहे हैं वह कार्य इन चार महीनों मे न होने से कार्य का सारा का सारा दारोमदार फरवरी के महीने पर ही पड़ गया है। लोगों प्रूनिंग, चौबाटिया पेस्ट लगाना, नए पौधों के लिए गड्ढे बनाना, पौधों पर ग्राटिंग करना, बागानों में खाद देना यह सभी कार्य फरवरी महीने में ही पूरे करने हैं। हालांकि चार महीने सभी किसान व बागवान वर्षा व बर्फबारी का इंतजार करते रहे। अब संपूर्ण माहौल खुशगवार होने पर फरवरी के महीने पर सारा का सारा काम का दबाव आ गया है जिसके लिए घाटी का किसान बागवानी कार्य को पूरा करने में लीन हो गया है।

# रंगोली के माध्यम से पढ़ाया सड़क सुरक्षा पाठ






कुल्लू महाविद्यालय में मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के दौरान प्राचार्य डॉ. रोशन लाल व अन्य शिक्षक तथा स्टूडेंट्स द्वारा बनाई गई रंगोली।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा कोलिन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत स्टूडेंट्स को जागरूक करने के लिए 'पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, जिसमें स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोशन लाल के द्वारा किया गया।

सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक प्रो. ज्योति चरण ने कहा कि लगभग 55 स्टूडेंट्स ने बहुत ही सुंदर पोस्टर बनाकर सड़क सुरक्षा की महत्ता को दर्शाया। शनिवार को महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्टूडेंट्स ने बहुत सुंदर रंगोली तैयार करके 'सड़क सुरक्षा' का संदेश दिया।

प्रो. ज्योति चरण ने बताया कि महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब के अंतर्गत जो भी कार्य अथवा कार्यक्रम किया जा रहा है इसमें रोटरी क्लब कुल्लू भी इसके सदस्य के रूप में शामिल है और अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोशन लाल के द्वारा किया गया और विशेष अतिथि के रूप में रोटरी क्लब कुल्लू के सचिव अभिषेक सूद तथा रोटेरियन राजीव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के द्वारा बनाए जा रहे रंगोली की प्रशंसा की। रोटरी क्लब कुल्लू की ओर से अभिषेक सूद एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोशन लाल ने कॉलेज के सड़क सुरक्षा क्लब को भावी कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दीं। सड़क सुरक्षा महीना के अंतर्गत अगले सप्ताह नेचर पार्क मौहाल का एकदिवसीय भ्रमण होगा। जिसमें स्टूडेंट्स को ट्रैफिक पार्क को दिखाया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम दिन सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

# बंजार में खोला जाए वन निगम का लकड़ी डिपो

**शीला कौल, बंजार**

जिला के उपमंडल बंजार में सर्दियों के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों के साथ बंजार नगर वासियों को लकड़ी की किल्लत से भी दो चार होना पड़ता है। बंजार क्षेत्र की बढ़ती आबादी सहित बढ़ते पर्यटन व्यसाय को देखते हुए लकड़ी की खपत सर्दियों के मौसम में बढ़ती नजर आ रही है। अगर हम पर्यटन की दृष्टि से देखे तो बंजार क्षेत्र के जीभी, सोझा , बाहु, तीर्थंन घाटी सहित काफी संख्या में गेस्ट होम, होम स्टे, होटल खुल चुके हैं व घाटी की सुंदरता को निहारने के लिए पर्यटकों की आमद भी हर वर्ष बढ़ती जा रही है। खासकर सर्दियों में बर्फ देखने के लिए भी पर्यटक रुख करने लग गए हैं।

वहीं, अगर बात की जाए बंजार नगर वासियों की तो करीब करीब हर घर में सर्दी से बचने के लिए तंदूर का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन जलाने के लकड़ी की कमी से हर व्यक्ति को जूझना पड़ रहा है। लकड़ी का डिपो न होने के कारण बंजार घाटी के पर्यटन व्यवसायियों से लेकर हर घर के लोगों को लकड़ी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। आलम यह है कि लोगों को उपयोग के लिए लकड़ी कुल्लू या भुंतर से लकड़ी डिपो से लानी पड़ रही है, जिसमें धन की अधिक बर्बादी हो रही है।

**डिपो न होने के कारण अंतिम संस्कार के लिए भी नहीं मिल पाती है लकड़ी**

वहीं, बंजार नगर में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो अंतिम संस्कार के लिए भी लकड़ी के लिए परेशान होना पड़ता है। नगर वासियों डोला राम, हेमराज शर्मा, मनुज, बलजीत राय आदि द्वारा सरकार व वन विभाग से मांग की गई है बंजार नगर में एक लकड़ी का डिपो स्थापित किया जाए, ताकि लोगों को जरूरत के समय लकड़ी के लिए अन्य स्थानों का रुख न करना पड़े। लोगों के अनुसार यदि लकड़ी का डिपो स्थापित होता है वन संपदा का नुकसान भी नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

> **बालन** की लकड़ी के डिपो लिए सरकार को अनुमति के लिए पत्र भेजा जाएगा। इसके लिए फॉरेस्ट कॉर्पोरेशन निगम द्वारा कार्य किया जाता है।
> -मनोज, डीएफओ वन मंडल सराज बंजार

# दो समझौता ज्ञापनों पर किए हस्ताक्षर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा है कि निर्वाचन विभाग द्वारा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के साथ दो विभिन्न समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

**ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मतदाता जागरूकता अभियान जन-जन तक पहुंचाने में करेंगे सहयोग**

पहले समझौता ज्ञापन के तहत निर्वाचन विभाग तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग मतदाता जागरूकता अभियान जन-जन तक पहुंचाने हेतु पारस्परिक सहयोग करेंगे। जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर स्वयं सहायता समूहों, युवक मंडलों, समुदाय आधारित संगठनों तथा महिला मंडलों के सहयोग से स्वीप कमेटियों का गठन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त युवक मंडलों तथा स्वयं सहायता समूहों की मासिक बैठकों की कार्यसूची में मतदाता जागरूकता को सम्मिलित किया जाएगा तथा इसे जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए विशेष ग्राम सभाओं का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा दूसरे ज्ञापन के तहत निर्वाचन विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, मतदाता जागरूकता अभियान जन-जन तक पहुंचाने हेतु पारस्परिक सहयोग करेंगे, जिसके अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, निर्वाचन विभाग को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके दिव्यांगजन तथा तृतीय लिंग नागरिकों की सूची प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, निर्वाचन विभाग को दिव्यांगजन व्यक्तियों से जुड़े नागरिक सामाजिक संगठनों तथा गैर-सरकारी संस्थाओं की सूची भी प्रदाय करेगा ताकि उक्त संगठनों से भी मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग प्राप्त किया जा सके। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, निर्वाचन विभाग को मतदान दिवस पर व्हील चेयरज भी उपलब्ध करवाएगा।

समझौता ज्ञापन में जिला कल्याण अधिकारियों व तहसील कल्याण अधिकारियों को जिला तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में नोडल ऑफिसर नियुक्त करने का भी निर्णय लिया गया है। विदित रहे कि गत 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्वाचन विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ भी एक ऐसे ही समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

**अव्यवस्था** | चिकित्सकों के डेपुटेशन रद्द करने के फरमान आम लोगों के गले की फांस बने

# नगवाई अस्पताल के चिकित्सक अवकाश पर, स्वास्थ्य सेवा चरमराई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

चिकित्सकों के डेपुटेशन रद्द करने के फरमान आम लोगों के गले की फांस बनने लगे हैं। डाक्टरों की कमी की मार झेल रहे सरकारी अस्पतालों में पहले से स्वास्थ्य सेवाएं हाशिये पर थीं, रही-सही कसर अब सरकार के ऐसे बेतुके फरमानों ने पूरी कर दी है। लिहाजा जो स्वास्थ्य संस्थान एक या दो चिकित्सक के सहारे चल रहे हैं, वहां एक के अवकाश पर चले जाने या बीमार होने की सूरत में अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराने लगी हैं, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

आपातकालीन सेवाएं और रात्रि सेवा अस्पताल में उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जिस कारण मरीजों को भारी परेशानी होती है। ऐसी ही परेशानी आजकल नगवाईं सिविल अस्पताल में मरीजों को झेलनी पड़ रही है। हादसों के लिए संवेदनशील कीरतपुर-मनाली एनएच पर मंडी से नगवाईं तक यह अस्पताल सबसे अहम है। आपातकाल में यह अस्पताल कई जिंदगियां बचा सकता है, लेकिन इस अस्पताल में छह में से महज दो चिकित्सक ही हैं। आजकल दोनों चिकित्सक अवकाश पर हैं, लिहाजा, बीएमओ को ही ओपीडी देखनी पड़ रही है। वहीं, रात्रि सेवा व एमरजेंसी पूरी तरह ठप हो गई है। ऐसे में अस्पताल में मरीजों को उपचार के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। बता दें कि रोजाना इस अस्पताल में 150 से 200 के करीब ओपीडी होती है, लेकिन डॉक्टर न होने के कारण मरीजों को रोजाना दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।



नगवाईं अस्पताल में अपनी व्यथा सुनाते मरीज व अन्य।

उधर, भाजपा नेता और मंडी संसदीय क्षेत्र में लोकसभा उपचुनावों में प्रत्याशी रहे बिग्रेडियर खुशाल ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि सरकार की ओर से स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की बड़ी-बड़ी बातें कही जा रही हैं, लेकिन हालात बिलकुल विपरीत हैं।

उन्होंने कहा कि कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित नगवाईं अस्पताल बेहद अहम है। फोरलेन पर हादसों के बाद आपात स्थिति में घायलों को इसी अस्पताल में लाया जाता है। खुशाल ठाकुर का कहना है कि हाई-वे पर स्थित 50 बेड का यह अस्पताल सफेद हाथी बन गया है। गौर रहे कि ईद अस्पताल में स्नोर घाटी, कुल्लू जिला के बंजार के अलावा बालीचौकी के क्षेत्र के मरीज भी उपचार के लिए आते हैं लेकिन मरीजों को सही उपचार नहीं मिलने से लोगों में भारी रोष है। उन्होंने सरकार से नगवाईं अस्पताल में चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने की जल्द मांग की है।

> **अस्पताल** में रोजाना मरीजों की काफी भीड़ होती है। यहां छह में से दो चिकित्सकों के पद भरे हुए हैं। दोनों चिकित्सक अवकाश पर हैं। मैं खुद भी ओपीडी ले रहा हूं। इस स्थिति बारे आला अफसरों को अवगत करवा दिया है।
> -डा कर्णजीत सिंह, बीएमओ नगवाईं

# नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर बोला हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक एवं नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा ने पिछले साल आपदा के दौरान केंद्र पर हिमाचल की मदद न करने का आरोप लगा रही कांग्रेस पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि आपदा से निपटने और उबरने के लिए केंद्र ने इस पर्वतीय राज्य को हजारों करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दी।

इसके बावजूद कांग्रेस नेता केंद्र पर हिमाचल की अनदेखी के झूठे आरोप लगा रहे हैं। रेलवे प्रोजेक्टों को लेकर भी वे बेसिर-पैर की बयानबाजी कर रहे हैं। केंद्र ने तो बजट का प्रावधान किया है, लेकिन प्रदेश सरकार अपने हिस्से का पैसा नहीं दे रही है। झूठे आरोप लगाकर कांग्रेस नेता प्रदेश सरकार की नाकामियों पर पर्दा डालना चाहते हैं, लेकिन हिमाचल की जनता उनकी रग-रग को पहचान चुकी है। एक बार झूठी गारंटियों से ठगे जा चुके लोग अब किसी झांसे में आने वाले नहीं है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को इसका अहसास बखूबी हो जाएगा। रणधीर शर्मा ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार का अब तक का कार्यकाल बेहद निराशाजनक रहा है। कोई नया काम शुरू करना तो दूरए उसने चुनावी गारंटियां तक पूरी नहीं की हैं। अब लोकसभा चुनाव नजदीक आते देख कांग्रेस नेता अपनी सरकार की नाकामियां छिपाने के लिए केंद्र पर हिमाचल की अनदेखी के झूठे और तथ्यहीन आरोप लगा रहे हैं। आपदा के दौरान हिमाचल को केंद्र से मदद नहीं मिलने का राग अलापने वाले कांग्रेस नेताओं को आंकड़ों के साथ आइना दिखाते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल को मनरेगा में 1000 करोड़, आवास योजना में 100 करोड़, राष्ट्रीय आपदा रिस्पांस फंड में 403.53 करोड़, राज्य आपदा रिस्पांस फंड के तहत 360.80 करोड़ तथा राज्य आपदा मिटिगेशन फंड के तहत 85.60 करोड़ रुपए की राशि केंद्र से सीधी हिमाचल को प्रदान की गई है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हिमाचल की सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए लगभग 2700 करोड़ रुपए भेजे गए। इसी योजना के फेज-तीन में केंद्र से हिमाचल को 2372.59 करोड़ की राशि जारी की है। इससे अढ़ाई सौ की आबादी वाले गांव सड़क सुविधा से जुड़ेंगे।



### किस मुंह से केंद्र पर आरोप लगा रहे कांग्रेस नेता

**आपदा** की दृष्टि से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कुल्लू दौरे के दौरान 400 करोड़ रुपए अलग से दिए थे। सड़कें ठीक करने पर हो रहा खर्च भी केंद्र सरकार ही वहन कर रही है। इसके बावजूद कांग्रेस नेता किस मुंह से केंद्र पर हिमाचल की अनदेखी के आरोप लगा रहे हैं।

## बिलासपुर शहर में पुलिस ने बिगड़ैल चालकों के लिए चलाया अभियान, की सख्त कार्रवाई

# 30 से अधिक स्पीड तो कटेगा चालान

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर में दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने सख्त अभियान शुरू किया है। पुलिस प्रशासन की टीम शहर के विभिन्न स्थानों पर नाका लगाकर वाहन चालकों की पूरी जांच कर रही है। अगर कोई भी वाहन चालक नियमों की अवहेलना करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को सदर थाना प्रभारी रूपलाल कथानिया सहित उनकी टीम ने कॉलेज रोड़ पर नाका लगाया हुआ था। यहां से कॉलेज को जाने वाले वाहन चालकों को रोककर उनके दस्तावेज देखे जा रहे है।

अगर कोई भी वाहन चालक बिना हेल्मेट सहित बिना दस्तावेजों से वाहन चलाता हुआ पाया जा रहा है तो उसके खिलाफ मौके पर ही सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसी के साथ सदर थाना की टीम ने उसके बाद गुरुदारा चेक, कॉलेज चेक, डियारा सेक्टर, रौड़ा सेक्टर सहित बामटा में भी नाका लगाकर वाहनों की जांच की है। थाना प्रभारी कथानिया का कहना है कि बिलासपुर पुलिस ने टैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत अगर कोई भी वाहन चालक नियमों की अवहेलना करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर शहर में कुछ वाहन चालक ऐसे भी है तो बिना दस्तावेज से वाहन चला रहे हैं, इस संदर्भ में पुलिस प्रशासन को जानकारी प्राप्त हुई, ऐसे में नाका लगाकर सभी वाहनों की चेकिंग की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### बिना दस्तावेज होने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

**उधर,** बिलासपुर सदर थाना प्रभारी रूपलाल कथानिया का कहना है कि बिलासपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर नाका लगाकर दोपहिया वाहन चालकों की चैकिंग की जा रही है। अगर कोई भी वाहन चालक नियमों की अवहेलना व दस्तावेज पूरे नहीं होते हैं तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



बिलासपुर शहर में सदर थाना प्रभारी रूपलाल कथानिया व उनकी टीम वाहन चालकों के दस्तावेज जांचते हुए।

### ओवरस्पीड-ओवरटेक करने के कारण हो रहे सबसे ज्यादा चालान

**गौरतलब** है कि बिलासपुर शहर में वैसे तो बस अड्डा चैक के समीप आईटीएमएस कैमरे भी स्थापित किए गए है। अगर कोई वाहन चालक 30 से अधिक स्पीड से वाहन चलाता हुआ वहां से जाता है तो उसको ऑनलाइन चालान कट जाता है। ऐसे में पुलिस प्रशासन द्वारा शहर के अन्य विभिन्न स्थानों पर स्पीडो मीटर लगाकर भी वाहनों की स्पीड चैक की जा रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि दोपहिया वाहनों के अधिक चालान ओवरस्पीड व गलत ओवरटेक करने के कारण हो रहे है। ऐसे में इन हादसों को कम करने को लेकर यह अभियान शुरू किया गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पुलिस प्रशासन लोगों को इस संदर्भ में जागरूक भी कर रही है।

## बाड़नू में गिरा ट्रक चालक की मौत



**बिलासपुर।** बरमाणा थाना के तहत आने वाले जुखाला क्षेत्र के गांव बाड़नू में ट्रक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। इस मौके पर ट्रक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जुखाला क्षेत्र के गांव बाड़नू में देर रात के समय ट्रक चालक अपने घर की तरफ जा रहा था। ऐसे में ट्रक अनियंत्रित हो गया और गहरी खाई में जा गिरा। ट्रक चालक की पहचान सुमन कल्याण पुत्र रतन लाल गांव बाड़नू डाकघर सुई सुरहाड़ तहसील सदर जिला बिलासपुर उम्र 40 साल के रूप में हुई है। खबर की पुष्टि बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने की।

## सरकार पेंशनरों को महंगाई भत्ते की किस्त जल्द करे जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



हिमाचल प्रदेश पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन सदर खंड बिलासपुर एवं सदर इकाई की संयुक्त बैठक बाबा विश्वकर्मा मंदिर डियारा सेक्टर बिलासपुर में संरक्षक ओपी गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक आरंभ करने से पहले दिवंगत पेंशनरों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

खंड सचिव राम प्रकाश ने बैठक के मुद्दों के बारे में बताया। इसके बाद सुशील पुंडीर ने बताया कि प्रदेश सरकार ने पूर्ण राजस्व दिवस पर न ही वेतन निर्धारण का बकाया दिया और न ही पेंशनरों को महंगाई भत्ते की किस्त जारी की। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से पेंशनरों की देनदारी के समय पर आर्थिक संकट बताया जाता है, जोकि अत्यंत चिंताजनक है। बावजूद इसके पूर्व विधानसभा सदस्य व मंत्री पद पर रहे लोग तीन या चार पेंशन एक समय में ले रहे हैं जो कि बिलकुल गलत है। कहा कि सरकार उनको एक ही पेंशन अदा करे, ताकि प्रदेश की माली हालत को पटरी पर लाया जा सके। पुंडीर ने बताया कि विभाग द्वारा उनका वेतन निर्धारण मामला मई 2023 को महालेखाकार कार्यालय शिमला को भेजा गया है, परंतु आज तक यह मामला एजीएचपी की ओर से वापस नहीं आया है।

बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से इस प्रकार धीमी गति से पेंशनरों के बकाया की अदायगी प्रदेश सरकार पर और ज्यादा बोझ बनती जा रही है, इसलिए सरकार महंगाई भत्ते की लंबित किस्तों को तुरंत जारी कर वेतन निर्धारण के बकाया को एकमुस्त जारी करे।

## पंजाब-हिमाचल-हरियाणा व दिल्ली से आए श्रद्धालुओं ने लिया मां का आशीर्वाद

# श्रीनयना देवी मंदिर में गुप्त नवरात्र शुरू



शनिवार को गुप्त नवरात्र शुरू होते ही श्रीनयना देवी मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की लाइनें।

**अनंत ज्ञान, श्रीनयना देवी**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्रीनयना देवी में शनिवार को माघ मास के गुप्त नवरात्र शुरू हो गए। शनिवार को शुरू हुए नवरात्र में श्रद्धालुओं की संख्या भी अधिक रही।

इन गुप्त नवरात्र में पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से काफी संख्या में श्रद्धालु माता जी के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सुरक्षा कर्मियों के द्वारा पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं और श्रद्धालुओं को लाइनों में ही माता जी के दर्शनों के लिए भेजा जा रहा है। पुजारी नीलम शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि गुप्त नवरात्र के दौरान पूजा पाठ हवन यज्ञ का विशेष महत्व है। जो भी श्रद्धालु पूजा अर्चना विधिपथ रूप से करते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं माता रानी पूर्ण करती है। उधर, मंदिर प्रशासन ने भी इस नवरात्र को लेकर पूरी तैयारी की हुई है। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह से कोई दिक्कत न हो, इसके लिए विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# बिलासपुर पुलिस ने पकड़े नशे के सौदागर, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, श्री नयनादेवी**

बिलासपुर जिला में नशे के खिलाफ जारी अभियान के तहत पुलिस ने चरस और हेरोइन के तीन मामलों में तीन आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इसमें चरस का एक मामला स्वारघाट पुलिस थाना कर तहत सामने आया है। वहीं, चिट्टे के मामले पुलिस थाना सदर, घुमारवीं के तहत दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार स्वारघाट थाना के अंतर्गत पुलिस ने एक किलोग्राम 542 ग्राम चरस सहित कुल 2.23 ग्राम चिट्टा भी बरामद किया है। पुलिस ने मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि स्वारघाट पुलिस द्वारा भटेड़ बल्ली के पास वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक मारुति टैक्सी आल्टो कार को चेकिंग के लिए रोका गया। एक व्यक्ति सवारी के तौर पर कीरतपुर जा रहा था। कार चालक व कार में सवार व्यक्ति दोनों ही लोग मंडी जिला से संबंधित हैं। पुलिस की ओर से संदेह के आधार पर जब इस व्यक्ति के बैग की चैकिंग कह गई तो इसके कब्जे से चरस बरामद की गई। इसके अलावा सदर पुलिस ने कंदरौर धार के पास नाका लगाया हुआ था। इस दौरान जिला मंडी के अंतर्गत सुंदनगर तहसील के एक 24 वर्षीय युवक को 0.84 ग्राम चिट्टे के साथ दबोचा गया।

साथ ही घुमारवीं पुलिस द्वारा भी नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक के कब्जे से 1.39 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस की ओर से स्कूटी सवार युवक को चैकिंग के लिए रोका गया तो इसके कब्जे से चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस नजर रख रही है। खबर की पुष्टि बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चैधरी ने की।



## न्यूज ब्रीफ

### कान्हा के रंग में रंगा बैहल कंडेला



**बिलासपुर।** बिलासपुर नगर से लगती ग्राम पंचायत बामटा के बैहल कंडेला में श्रीमदभागवत कथा के पांचवें दिन श्री कृष्ण जन्म के बाद सभी भग्वत्भगत श्री कृष्ण भगवान की कृपा से आनन्दित हुए और सारा क्षेत्र कृष्णमय हो गया। शुक्रवार को प्रख्यात कथा वाचक व्यास श्रेष्ठ आचार्य मनोज शास्त्री ने भगवान श्री कान्हा के जन्म के बाद गोकुल और वृंदावन में जन्मोत्सव के उल्लास का सुंदर, सटीक और सजीव चित्रण प्रस्तुत करके श्रोता भक्तजनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अपनी ओजस्वी और आकर्षक वाणी में मनोज शास्त्री ने आगे कहा कि जहां गोकुल और नंद गावं में सभी नर नारियां पुलकित और आनंद से सराबोर थे और नंद जी लोगों को अपना सब कुछ बधाई में देने को तत्पर थे। उधर, वृंदावन में भी श्री कान्हा के अवतरण के बाद सारा धाम कान्हा के रंग में रंग गया।

### हिम आंचल स्कूल में सालाना समारोह की धूम



कार्यक्रम के दौरान हिम आंचल स्कूल के छात्रों को सम्मानित करने का दौर।

**दधोल।** हिम आंचल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल दधोल सत्र 2023-24 का पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुलदीप कश्यप ने मुख्यातिथि के रूप में शिकरत की। पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बलवंत कमल एवं पाठशाला की प्राधानाचार्य कुशम लता ने शाल टोपी और स्मृति चिन्ह देकर मुख्यातिथि को सम्मानित किया। समारोह में मंच संचालन का कार्य अश्वनी शर्मा ने बखूवी से निभाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पहाड़ी गिद्दा, एकल नृत्य, पंजाबी बोलियां, कॉमेडी डांस व नन्हें नन्हे बच्चों ने नाटी डालकर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर मुख्यातिथि द्वारा विद्यालय उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी व विद्यार्थियोंको सम्मानित किया गया।

### प्रोफेसर सिम्मी के निधन पर जताया दुख

**बिलासपुर।** प्रदेश में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री की अकस्मात मृत्यु पर बिलासपुर जिला के कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने गहरा दुख जताया है और मुकेश जी के शोक संतृप्त पर परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की है। प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा, हाउसिंग एवं टाउन एंड कंट्री प्लानिंग मंत्री राजेश धर्माणी, पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर, पूर्व विधायक डॉ. बाबू राम गौतम, पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान, जिला शिकायत समिति निवारण के सदस्य हेम राज ठाकुर, जिला कांग्रेस अनुसूचित विभाग के अध्यक्ष रमेश चंद कौंडल, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष ठाकुर, धीरज शर्मा, लक्षण दास कौशल, सुरेंद्र ठाकुर, संदीप ठाकुर, ओमप्रकाश शर्मा, कांता शर्मा, निक्का राम मेहता अन्य कांग्रेस जनों ने दुख व्यक्त किया है और शोक संतृप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की है।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंडल भाजपा बिलासपुर ने की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर सदर मंडल भाजपा ने संगठन को चुस्त-दुरुस्त और मजबूत बनाने की कवायद तेज कर दी है। इसके तहत शनिवार को बिलासपुर में सदर मंडल कार्यकारिणी के साथ ही महिला मोर्चा की बैठक भी आयोजित की गई। अलग-अलग सत्रों में आयोजित इन बैठकों में सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान तथा सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर ने विशेष तौर पर भाग लिया।

पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्हें चुनाव को लेकर टिप्स भी दिए। इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाए गए नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला भी आयोजित की गई। त्रिलोक जमवाल ने कहा कि महिलाओं के बगैर समाज की कल्पना तक नहीं की जा सकती।



चुनावों को लेकर महिला मोर्चा की बैठक में उपस्थित महिलाएं।

वर्तमान में महिलाएं घर में चूल्हा-चैका संभालने तथा बच्चों और परिवार की सही ढंग से देखभाल करने से लेकर शिक्षा, खेलकूद, विज्ञान, तकनीक तथा सूचना-प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा की चमक भी बखूबी बिखेर रही हैं।

आधी आबादी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में महिलाओं के हित में उज्ज्वला, प्रधानमंत्री आवास, जनधन, सुकन्या समृद्धि, मातृ वंदन तथा स्वच्छ भारत मिशन जैसी कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाने के साथ ही संसद व विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान करके उनका मान-सम्मान बढ़ाया गया है। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के साथ ही महिलाओं के लिए लखपति दीदी योजना भी चलाई गई है।

# 12 को प्रदेशभर में पेशनर्स करेंगे मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की विशेष बैठक भाषा एवं संस्कृति भवन के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेशाध्यक्ष आत्माराम शर्मा ने की। बैठक में सबसे पहले दिवंगत पेंशनर की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। प्रदेश महासचिव ठाकुर हुकुम सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार से चार माह पूर्व आश्वासन मिलने पर भी पेंशनर की किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ उपप्रधान सुरेश ठाकुर, हरिदत्त शर्मा, मुख्य संगठन सचिव रेवती राम शर्मा, जिला बिलासपुर के प्रधान जगदीश दिनेश, शिमला से बिहारी लाल जस्टा, कांगड़ा से मनमोहन पठानिया, राजेंद्र कौशल, ऊना से हरमेश राणा, कुल्लू से सेस राम ठाकुर, किन्नौर से मोहन सिंह नेगी, लाहौल स्पीति से राम नाथ और सोलन से जगदीश पंवर ने रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जीवन के अंतिम पड़ाव में पहुंचे पेंशनर अभी भी छठे वेतन आयोग के एरियर और 12 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त से वंचित हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हक की प्राप्ति के लिए पेंशनर सरकार के विरुद्ध संघर्ष का मार्ग अपनाएंगे। इसके अनुसार पेंशनर 12 फरवरी को प्रदेश के प्रत्येक जिले के मुख्यालय में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेगे। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से अनुरोध किया जाएगा कि वह 17 फरवरी को पेश किए जाने वाले बजट में पेंशनर के लंबित आर्थिक लाभों की अदायगी के लिए विशेष बजट का प्रावधान करें। प्रदेश अध्यक्ष आत्माराम शर्मा ने भरोसा दिलाया कि संगठन पेंशनर हित के लिए कृत संकल्पित है। बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के प्रधान, महासचिव और प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लोगों ने फ्लाई ओवर बनाने की उठाई मांग

**बिलासपुर।** किरतपुर-मनाली फोरलेन पर थापना टनल के पास गांव पंचायत मझेड़ के लोगों ने फोरलेन पर फ्लाईओवर बनाने की मांग उठाई है।स्थानीय लोगों के साथ जिला परिषद उपाध्यक्ष मान सिंह धीमान ने केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार से मांग की है कि यहां पर स्थानीय लोगों को स्कूल जाने वाले बच्चों को फोरलेन के निर्माण के बाद से आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इसमें लिंक रोड काफी आगे जाकर मुडता हैं, जिससे कई बार दुर्घटना का खतरा भी रहता है। जिला परिषद के उपाध्यक्ष मानसिंह धीमान ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश सरकार जिला प्रशासन से मांग की है कि इसे गंभीरता से लेते हुए इस पर फ्लाईओवर का निर्माण किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

**मांग** प्रदेश डेंटल डॉक्टर्ज एसोसिएशन ने सरकार से उठाई मांग

# अन्य विभागों की तरह मिले पदोन्नति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश डेंटल डॉक्टर्ज एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार से दंत चिकित्साधिकारियों को अन्य विभागों की तर्ज पर पदोन्नति अवसर प्रदान करने की मांग की हैं। सरकार की उपेक्षा के कारण दंत चिकित्साधिकारी एक ही पद ड्यूटी ज्वॉइन करते है। और एक ही पद पर रिटायर हो जाते हैं।

इसलिए दंत चिकित्सकों की मांगों पर सरकार को गौर करना चाहिए। बिलासपुर में मीडिया को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के प्रदेश प्रधान डा. कमलजीत एवं महासचिव डा. प्रशांत आचार्य ने कहा कि एसोसिएशन इस मांग को पिछले काफी समय से उठा रहा है। लेकिन आज तक उनकी मांग पर सरकार कोई गौर नहीं कर रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार से दंत चिकित्साधिकारियों को पदोन्नति अवसर पर प्रदान करने के लिए सीएमओ की तरह जिला दंत चिकित्साधिकारी का पद सरिजत किया जाए। इसके अलावा मेडिकल कालेजो में दंत चिकित्सा में उच्च शिक्षित चिकित्सकों को ऐकडिमक गतिविधियों में अवसर पदान करने के उद्देश्य से सीनियर रेजीडेंट के पदों को बढाया जाए। क्योंकि अभी तक नेरचैक व टांडा मेडिकल कालेज में दो दो पद ही सरिजत हैं। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि पंजाब व हरियाणा की तर्ज विभिन्न कार्यक्रमों में पब्लिक हेल्थ में डिप्लोमा धारक दंत चिकित्साधिकारियों को भी कार्यक्रम अधिकारी के पद पर तैनाती व नई नियुक्ति वाले दंत चिकित्सकों को 14-9-14 व एनपीए का लाभ देने की मांग की है। उन्होने मेडिकल आफिर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों से भी आग्रह करते हुए कहा कि उनकी मांगों का विरोध न करें। क्योंकि दंत चिकित्सक एसोसिएशन ने हमेशा ही उनकी मांगों का समर्थन किया है।



पत्रकारवार्ता के दौरान बातचीत करते हिमाचल प्रदेश डेंटल डॉक्टर्ज एसोसिएशन के सदस्य।

# प्रधानमंत्री ने हस्तियों को भारत रत्न देकर की अनोखी पहल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा कृषि, आर्थिक सुधारो और कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रमुख हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित करके किसानों के कल्याण के प्रति अपनी सरकार के समर्पण को रेखांकित कर किया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय विकास में योगदान करने वाली विभूतियों को यह प्रतिष्ठित सम्मान देकर इसे नया अर्थ और प्रासंगिकता दी है ।

उन्होंने कहा कि भारत रत्न देने में पहले एक विशेष राजनीतिक दृष्टि से परखा जाता था लेकिन नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय राजनीति व उच्च परंपराओं को महत्व देकर एक नई और अनोखी पहल की है । महेंद्र धर्माणी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक विशेष परिवार से हटकर देश की महान विभूतियों को यह प्रतिष्ठित सम्मान देकर देश का आमजन अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

देश के पिछड़ों और गरीबों की लड़ाई लड़ने वाली वाले कर्पूरी ठाकुर, देश की अस्मिता और गौरव के प्रतीक राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रणेता लालकृष्ण आडवाणी, किसानों के हकों की लड़ाई लड़ने वाले और उनको अधिकार देने वाले चैधरी चरण सिंह तथा कृषि विज्ञान में अनुसंधान करने वाले तथा भारत को अनेक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने वाले डॉक्टर स्वामी नारायण को यह पुरस्कार देकर भारतीय राजनीति में एक अनूठा कार्य किया है।

### जिला मुख्यालय में गिफ्ट सेंटर, फूल विक्रेताओं की दुकानों पर उमड़ रही नौजवानों की खूब भीड़

# चंबा के युवाओं में बढ़ रहा वेलेंटाइन-डे का क्रेज

**एमएम डैनियल, चंबा**



शहर की एक दुकान पर वेलेंटाइन डे के लिए गिफ्ट खरीदती युवतियां।

जिला मुख्यालय में वेलेंटाइन डे को लेकर गिफ्ट सेंटर, फूल विक्रेताओं की दुकानों पर युवा वर्ग की काफी चहलकदमी देखेने को मिल रही है। वहीं वेलेंटाइन डे का क्रेज मोबाइल पर सिर चढ़ बोल रहा है। युवा फेसबुक, इंस्टाग्राम व व्हाट्सऐप के माध्यम से भी प्यार का इजहार कर रहे है। जिसे देख यह कोई नहीं कह सकता है कि पश्चिमी सभ्यता के रंग में युवा पीढ़ी न रंगी है।

बेशक आज युवा पीढ़ी प्राचीन संस्कृति की समझ रखे या न रखे मगर पश्चिमी सभ्यता का जादू युवाओं के सिर चढ़ बोल रहा है। गौर हो कि वेलेंटाइन डे को लेकर जिला चंबा के युवा वर्ग में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि युवा वर्ग की सोच भी जमाने की बढ़ती रफ्तार की तरह तेज हो चुकी है। जिससे पिछड़े जिलों में शुमार चंबा जिला भी अब पीछे नहीं दिख रहा है। वेलेंटाइन डे को लेकर मुख्यालय बाजार के हर दूसरे उपहार केंद्र व फूलों की दुकानों में लड़के-लड़कियों की भीड़ जगह-जगह देखने को मिल रही है।

वेलेंटाइन डे को प्यार का पर्व माना जाता है। हालांकि पूर्व में जिला चंबा में इसको लेकर युवाओं में कुछ खासा क्रेज नहीं था। वहीं बदलते वक्त के साथ-साथ अब यहां के युवाओं पर भी वेलेंटाइन डे का जादू सिर चढ़ कर बोल रहा है। जबकि इस दिवस को लेकर प्रेम विवाह के बंधन में बंधे प्रेमियों को तो इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है। जिसके आने पर कई खट्टी मीठी याद वह हर साल तरोताजा करते हुए नए सिरे से एक दूसरे को उपहार व वेलेंटाइन की रस्म को अदा करते है। (अनंत ज्ञान)

### कब से शुरू हुआ वेलेंटाइन डे का प्रचलन

संत वेलेंटाइन को जेलर की बेटी से प्यार हो गया था। जब 14 फरवरी को उन्हें मारने के लिए ले जाया गया तो जेलर की बेटी ने उन्हें एक प्रेम पत्र भेजा। जिसमें लिखा था तुम्हारे वेलेंटाइन की ओर से। संत वेलेंटाइन को 14 फरवरी 270 ईस्वी के दिन फांसी दी गई। तब से ही उनकी याद में 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे मनाने का प्रचलन शुरू हुआ और धीरे-धीरे इसे प्यार के दिन के रूप में पूरी दुनिया के लोग मनाने लगे। वेलेंटाइन डे की शुरूआत रोमन फेस्टिवल से हुई थी। दुनिया में पहली बार 496 ई में वेलेंटाइन डे मनाया गया। इसके बाद पांचवी शताब्दी में रोम के पोप गेलैसियस ने 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे के रूप में मनाने का ऐलान किया। इस दिन से रोम समेत दुनिया भर में हर साल धूमधाम से 14 फरवरी का दिन वेलेंटाइन डे के रूप में मनाया जाने लगा।

### वेलेंटाइन वीक में आने वाले दिन

वेलेंटाइन डे का सेलिब्रेशन एक हफ्ते पहले से ही शुरू हो जाता है। जिसे हम वेलेंटाइन वीक के रूप में जानते हैं। वैलेंटाइन वीक की शुरूआत सात फरवरी से होती है। इस दिन को रोज डे के रूप में मनाया जाता है। जिसमें कपल एक दूसरे को गुलाब का फूल देते हैं। इसके बाद आठ फरवरी को प्रपोज डे मनाया जाता है। जिसमें कपल एक-दूसरे को प्रपोज करते हैं। नौ फरवरी को चॉकलेट डे मनाया जाता है। जिसमें चॉकलेट दिया जाता है। 10 फरवरी को टेडी डे मनाया जाता है। इस दिन टेडी बियर देने का प्रचलन है। जबकि11 फरवरी को प्रॉमिस डे मनाया जाता है। जिसमें प्रेमी-प्रेमिका एक दूसरे के साथ रहने का वादा करते हैं। 12 फरवरी को हग डे मनाया जाता है। जिसमें कपल एक-दूसरे को हग करते हैं। वहीं 13 फरवरी को किस डे मनाया जाता है। अंत में 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे सेलिब्रेट किया जाता है।

# चार पहिया वाहन की सवारी चंबा के लोगों पर पड़ रही है भारी

## शहर के 11 वार्डों में कही भी पर्याप्त पार्किंग की सुविधा नहीं

**आरके रांगड़ा, चंबा**

चंबा मुख्यालय में निजी चार पहिया सवारी वाहन खरीदने के सपने पर पार्किंग भारी पड़ रही है। चंबा शहरवासी घर में वाहन तो लाना चाहते हैं, लेकिन उसे खड़ा करने के लिए जगह न होना उनकी हसरतों पर पानी फेर रही है। नगर परिषद के तहत 11 वार्ड हैं, लेकिन इनमें से किसी भी वार्ड में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। जो है वहां दो छोटी-छोटी पार्किंग हैं, इसमें एक पार्किंग में करीब 15 वाहन पार्क करने की सुविधा है।

गौर हो कि जहां शहर में सरकारी पार्किंग का अभाव है तो वहीं चंबा में निजी पार्किंग स्थान उपलब्ध हैं, लेकिन यह भी शहर में बढ़ती गाड़ियों का बोझ झेलने में अब नाकामयाब हैं। हालांकि सदर विधायक नीरज नैय्यर के आह्वान पर जिला प्रशासन व नगर परिषद चंबा द्वारा चौगान तीन को दोपहिया वाहनों की निशुल्क पार्किंग के लिए खोल दिया है, लेकिन चार पहिया वाहनों के लिए अभी भी पर्याप्त पार्किंग स्थल नहीं है।

जिसके चलते बेतरतीब पार्किंग से रास्तों व शहर परिसर के साथ लगते वार्डों की गलियों में चलना मुश्किल हो रहा है। दिन भर में सौ से अधिक गाड़ियां चंबा शहर पहुंचती हैं, लेकिन इनकी पार्किंग के लिए स्थान ही उपलब्ध नहीं है। चंबा शहर में ही पांच हजार के करीब गाड़ियों की पार्किंग के लिए स्थान चाहिए।

अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। अवैध पार्किंग से रास्ते, सड़कें व गलियां तंग हो चुकी हैं। बहरहाल, चंबा में पार्किंग स्थल न होना एक बड़ा मुद्दा है, ऐसे में यह मुद्दा किसकी तकदीर लिखता है और कुर्सी तक पहुंचाता है, यह आने वाला वक्त ही बताएगा। चंबा के बुद्धिजीवी रत्न सिंह, चमन लाल, किशोर सिंह, प्रकाश चंद, हेमराज, पुरुषोतम, राजेंद्र, सुरेश, बालकृष्ण, मनोज, ओंकार सिंह सहित अन्य ने बताया कि चंबा शहर में पार्किंग की समस्या है।

जिसका खामियाजा यहां के स्थायी निवासियों को उठाना पड़ रहा है। स्थिति यह हो जाती है कि घरों के मालिकों को स्वयं अपने घरों के बाहर या अहातों में अपने वाहन पार्क करने को नहीं मिल रही है। लिहाजा चंबा वासियों ने विधायक से मांग की है कि प्राथमिकता के आधार पर चंबा शहर में पार्किंग की समस्या का निवारण किया जाए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### भक्तों ने शनिदेव के दर्शन किए

**चंबा।** हरदासपुरा वार्ड में स्थित शनिदेव मंदिर में शनिवार को सैकडों भक्तों ने शीश नवाया और शनिदेव के दर्शन किए। मंदिर पुजारी अमित शर्मा ने शनि भक्तों को शनि महिमा के बारे में बताया। शनि महिमा पाठ प्रवचनों से अवगत करवाते हुए पुजारी ने बताया कि भाग्य विदाता ने हर एक व्यक्ति को अच्छे बुरे कर्म में पहचान करने के लिए बुद्धि को प्रदान किया है ताकि वह अच्छे व बुरे में अंतर ज्ञात कर सही राह का अनुसरण कर सके। इस मौके पर जिला के दूर-दराज क्षेत्रों से सैकडों भक्तों ने उपस्थिति दर्ज करवा भगवान शनिदेव के दर्शन किए।

### नाम ठीक करने को शिविर 13 फरवरी से

**भरमौर।** अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर नवीन तंवर ने बताया कि चमेरा चरण-तीन परियोजना के तहत लाडा प्रभावित क्षेत्र की पंचायतों के अधिसूचित परिवारों की सूची में मुखिया के नाम व उनके बैंक खातों को ठीक करने के लिए 13 फरवरी से विभिन्न पंचायतों घरों में संबंधित पंचायत सचिवों व प्रतिनिधियों के माध्यम से शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि विकास खंड भरमौर के तहत 13 फरवरी को उल्लांसा, 15 फरवरी को गरोला,17 फरवरी को खणी, 19 फरवरी को पूलन, 21 फरवरी को औरा पंचायत घरो में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह विकास खंड मैहला के अंतर्गत 13 फरवरी को किलोड, 14 फरवरी को खुंदेल, 15 फरवरी को राडी, 16 फरवरी को लोथल, 17 फरवरी को लेच, 18 फरवरी को गैहरा, 19 को सुनारा, 20 को ब्रेही और 21 फरवरी को छतराडी पंचायत घरो में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिनकी लाडा सूचियों में त्रुटि हैं वे शिविर में आना सुनिश्चित बनाएं ताकि त्रुटि को सही किया जा सके।

### डिप्टी सीएम की पत्नी के निधन पर शोक

**चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मप ी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक-संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। वहीं सदर विधायक चंबा नीरज नैय्यर ने भीउपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मप ी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के आकस्मिक निधन पर शोक जताया है।

### एनपीएस कर्मचारी महासंघ ने जताया शोक

**चंबा।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के असमय निधन से जहां अग्निहोत्री परिवार शोक में डूब गया है, वहीं एनपीएस कर्मचारी महासंघ जिला चंबा परिवार ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। महासंघ जिलाध्यक्ष सुनील जरियाल ने बताया कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ साथ उनकी धर्मप ी ने भी पुरानी पेंशन बहाली में उन सभी का पक्ष हमेशा रखा है । उनके अकस्मात निधन से सभी स्तब्ध हैं परमपिता परमेश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

### चांजू पंचायत में मूलभूत सुविधाओं की दरकार

**तीसा।** विधानसभा चुराह के अधीन पंचायत चांजू के करीब पांच हजार आबादी को मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। हालात यह है कि मौजूदा समय में उक्त पंचायत व आसपास की किसी पंचायत में न तो कोई स्वास्थ्य केंद्र है और न ही बैंक सुविधा है। इस कारण ग्रामीणों को लेन-देन संबधी कार्यों के लिए व स्वास्थ्य जांच के लिए लंबा सफर करके तीसा जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन व राजनेताओं से बार-बार उक्त समस्य का सामाधान करने के बारे में गुहार लगाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। जिसके चलते क्षेत्र के लोगों में प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन के प्रति गहरा रोष है। ग्रामीण अमर सिंह, कमल कुमार, मनोज कुमार, राकेश कुमार, राजेश कुमार, दुनी चंद, चमन सिंह, अजय कुमार और प्रकाश ने बताया कि ग्राम पंचायत चांजू में स्वास्थ्य व बैंक सुविधा न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस समस्या का हल करवाने के लिए राजनेताओं व जिला प्रशासन से गुहार लगाने के बाद भी कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द इस पंचायत में उक्त समस्या का हल नहीं किया गया तो ग्रामीण सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने से गुरेज नही करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन की होगी।

# कूंर बस स्टैंड से लेकर रेस्ट हाउस तक सड़क खस्ता

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

वाहन चालकों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना



पिछले छह महीने से क्षतिग्रस्त सड़क व डंगा।

कूंर बस स्टैंड से लेकर रेस्ट हाउस तक सड़क पिछले छह महीने से खराब होने के कारण वहां से गुजरने वाले लोगों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतने महीने बीत जाने के बाद भी सड़क पर डंगा न लगने के कारण लोगों ने विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

सड़क के खराब हो जाने के कारण अब यहां पर स्कूल जाने वाले बच्चों व स्टाफ के लिए भी मुसीबत खड़ी हो गई है। क्योंकि 12 फरवरी को यहां पर स्कूल खुल जाएंगे लिहाजा बच्चे भी इसी रास्ते से होकर स्कूल तक पहुंचेंगे, लेकिन रास्ता खराब होने के कारण यहां पर इन बच्चों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि पिछले साल जुलाई महीने में भारी बारिश के कारण यहां पर स्कूल का भवन क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसे अनसेफ घोषित कर दिया गया है।

इसके बाद बच्चों की कक्षाएं भी यहां बनाए गए पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लगाई जा रही हैं, लेकिन रास्ता खराब होने के कारण यहां पर कभी भी अनहोनी घटना घट सकती है। स्थानीय लोगों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर क्षतिग्रस्त हुई सड़क को बनाया जाए ताकि लोगों व वाहन चालकों को आने-जाने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उधर सहायक अभियंता सबडिवीजन राख राज मरोल ने कहा कि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है। यदि ऐसी समस्या है तो जल्द से जल्द इस सड़क को ठीक कर दिया जाएगा ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# लूणा-दूंदा पुल से गुजरेंगी 87 टन तक भारी गाड़ियां

## दिल्ली से आई इंस्पेक्शन टीम ने पास किए दोनों पुल, एक माह में हुआ निर्माण

**ओपी शर्मा, भरमौर**



पुल से भारी वाहनों के गुजरने की अनुमति देने के बाद टीम व विभाग के कर्मचारी।

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत आने वाले लूणा पुल व खड़ामुख के दूंदा पुल को भारी गाड़ियों के लिए दिल्ली से आई इंस्पेक्शन टीम ने पास कर दिया है। पुल के एक्सपर्ट संतोष सिंह जीता की अगुआई में न्यू टेक्नो डिजाइन कंसलटेंट एजेंसी ने इन पुलों पर 87 टन तक भारी गाड़ियों को गुजारने की अनुमति दे दी है।

इस कंसलटेंट एजेंसी को जेएसडब्ल्यू कंपनी द्वारा हायर किया गया था। कंसल्टेंट एजेंसी ने इन पुलों पर भारी भरकम लोडेड गाड़ियां पहले गुजारी, उसके बाद भारी भरकम वाहन गुजरने की अनुमति दी है। अब इन पुलों से 87 टन के करीब भारी भरकम वाहन आसानी से गुजर सकते हैं। गौरतलब है कि इन पुलों की स्ट्रैंथनिंग का काम जेएसडब्ल्यू कंपनी ने विभाग की देखरेख में करवाया था। परियोजना का निर्माण अंतिम चरण में है लिहाजा पावर हाउस से संबंधित ट्रांसफार्मर व दूसरी भारी भरकम मशीनरी को यहां पर लाना है।

लिहाजा पुलों की कैपेसिटी कम होने के कारण यहां पर इस तरह के सामान को नहीं पहुंचाया जा सकता था। इसके बाद इन पुलों को मजबूती देने के लिए जेएसडब्ल्यू कंपनी ने संबंधित विभाग को पैसा दिया था। गौरतलब है लूणा ब्रिज पिछले साल फरवरी महीने में पहाड़ी से भारी लैंड स्लाइड के चलते पूरी तरह से टूट गया था। जिसके कारण जनजातीय क्षेत्र भरमौर का संपर्क शेष विश्व से पूरी तरह से कट गया था। तकरीबन एक महीने की कड़ी मशक्कत के बाद इस पुल का निर्माण हुआ था। इस पुल के निर्माण में भी परियोजना प्रबंधन की अहम भूमिका रही थी तो वहीं पर खड़ामुख के दूंदा ब्रिज को भी विभाग व दिल्ली से आई इंस्पेक्शन टीम ने भारी गाड़ियों की आवाजाही के लिए पास कर दिया है। अब इन पुलों से 87 टन तक भारी गाड़ियां आसानी से गुजर सकती है।

वही इन पुलों पर भारी भरकम वाहन गुजरने की अनुमति मिलने के बाद बड़े वाहन चालकों ने भी राहत की सांस ली है। इस मौके पर एजेंसी विभाग व जेएसडब्ल्यू के कर्मचारी भी मौजूद रहे। पुल के एक्सपर्ट संतोष सिंह जीता ने बताया कि दिल्ली से आई इंस्पेक्शन टीम ने दोनों पुलों को पास कर दिया है।

वहीं दूसरी ओर एनएच विभाग भी पठानकोट भरमौर 154 ए मार्ग पर तीन जगह नए पुल को बनाने के लिए पूरी तरह से जुटा हुआ है। जिसका निर्माण भी जोरों पर हो रहा है और जल्द ही चंबा से भरमौर तक जनता को तीन में बड़े पुल समर्पित हो जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# सलूणी में हड़ताल को लेकर की चर्चा

**अनंत ज्ञान,डलहौजी**



सलूणी में बैठक के दौरान मौजूद मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन के सदस्य।

मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन ने बनाई रणनीति

मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की बैठक सलूणी में हुई। बैठक में जिला सीटू अध्यक्ष नरेंद्र शामिल रहे। यूनियन के जिला अध्यक्ष जगदीश ने बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में 16 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल के बारे में चर्चा की गई।

यूनियन के जिला अध्यक्ष जगदीश ने बताया कि अभी पूरे जिला में बैठकों का दौर चला है। जिसमें 16 फरवरी को होने वाली हड़ताल के बारे में चर्चा व प्रचार हो रहा है। बता दें कि मिड-डे मील वर्कर्स कई वर्षों से शिक्षा विभाग में काम कर रहे हैं, लेकिन अभी तक सरकारें इनके मुद्दे को लेकर चुप्पी साधे हैं। केंद्र सरकार लगातार बजट में कटौती कर रही है। देश कई जगह पर मिड-डे मील को एनजीओ प्राइवेट कंपनियों के हवाले कर दिया है। आज मिड-डे मील वर्कर्स के सामने अपनी नौकरी को बचाने का प्रश्न खड़ा हो गया है। मिड-डे मील वर्कर्स पर 25 बच्चों की शर्त को थोंपा गया है। जिसके परिणामस्वरूप 15 वर्षों से काम करने वाला व्यक्ति भी स्कूल से निकाला जा रहा है।

केवल मिड-डे मील वर्कर ही देश का ऐसा तबका है जो केवल 10 महीने का मानदेय पा रहा है। हिमाचल हाई कोर्ट ने निर्णय दिया था की मिड-डे मील वर्कर को 12 महीने का मानदेय मिलना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से इस निर्णय को लागू नहीं किया जा रहा है। सीटू जिला अध्यक्ष नरेंद्र ने कहा मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन ने पूरे देश में आह्वान किया है कि इस हड़ताल को पूरे देश में करेंगे। मिड-डे मील वर्कर्स पूरे जिले में 16 तारीख को चंबा में रैली करेंगे। बैठक में जगदीश, नेहा, कौशल्या, व्यासदेव, माया, पानो, माला देवी, अंजू देवी, भावना, इच्छो देवी, चीनो देवी, नीलम, महेंद्र, बालो, पुष्पा, चंबी देवी आदि शामिल रहे।

# डॉ. दिनेश कांग्रेस सेंट्रल वार रूम कांगड़ा चंबा लोस क्षेत्र के को-ऑर्डिनेटर नियुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**



पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी चंबा व वीरभद्र सिंह सरकार में दो बार ओएसडी आयुष रहे डॉ. दिनेश कुमार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सेंट्रल वार रूम में कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र का को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति व जिम्मेदारी के लिए डॉ. दिनेश कुमार ने प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का धन्यावाद किया है। उन्होंने बताया इस संबंध में 15 फरवरी को प्रदेश कार्यालय में अमित पाल अध्यक्ष सेंट्रल वार रूम प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई है। जिसमें भाग लेने के बाद वह सौपे गए दायित्व को सक्रिय रूप से निभाने के लिए जुट जाएंगे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वह विधानसभा चुनाव में चुराह विधानसभा क्षेत्र में को-ऑब्जर्वर व नगर निगम शिमला चुनाव में को-इंचार्ज वार्ड विकास नगर में कांग्रेस नेतृत्व में कार्य किया है। वहीं डॉ. दिनेश कुमार ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी सिम्मी अग्निहोत्री के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी मे पूरा कांग्रेस परिवार व प्रदेश की जनता की गहरी संवेदनाएं उपमुख्यमंत्री व उनके परिवार के साथ हैं।

# पॉलीथिन बैग में आ रही सब्जियां

## डलहौजी में पड़ोसी राज्य पंजाब से बेखौफ पहुंच रही खेप

**मुकेश कुमार, डलहौजी**





प्लास्टिक की थैलियों एवं पॉलीथिन बैग में भरी सब्जियां।

प्रदेश सरकार द्वारा बीते काफी समय से पॉलीथिन बैग एवं प्लास्टिक की थैलियों पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, लेकिन इसके बावजूद जिला चंबा के ज्यादातर क्षेत्रों में धड़ल्ले से पॉलीथिन कैरी बैग का इस्तेमाल हो रहा है। इस पर जिला प्रशासन, जिला प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

बताते चलें कि पड़ोसी राज्य पंजाब से इन प्लास्टिक की थैलियों एवं पॉलीथिन बैग में सब्जियां हिमाचल की सीमा में बेखौफ बिना रोक-टोक चंबा के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही है। ऐसा नहीं है कि इन लोगों पर कभी प्रशासन की लाठी नहीं चली है, लेकिन भारी जुर्माना भरने के बावजूद कुछ समय बाद इन लोगों के हौसले फिर से बुलंद हो जाते हैं। इस बारे में जब प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी जिला चंबा राहुल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न थानों के प्रभारियों को नोडल ऑफिसर के रूप में चुना गया है। उन्हें पॉलीथिन या प्लास्टिक की थैलियां इस्तेमाल करने वालों पर भारी जुर्माना एवं न मानने पर कानूनी कार्रवाई करने की शक्तियां प्रदान की गई हैं। इस बारे में डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने बताया कि पुलिस प्रशासन समय-समय पर क्षेत्र के बाजारों में दबिश देता रहता है। प्रतिबंधित पॉलीथिन को इस्तेमाल करने वाले लोगों पर जुर्माना भी लगाया जाता है।

पहली बार पकड़ने पर जुर्माना एवं दूसरी बार पकड़ने पर कानूनी कार्रवाई करते हुए सजा का प्रावधान भी है। रही बात प्लास्टिक की थैलियों में सब्जियों के जिला चंबा एवं डलहौजी क्षेत्र में पहुंचने की तो चंबा पुलिस प्रतिबंधित पदार्थों को इस्तेमाल करने वालों पर सजग है और समय-समय पर कार्रवाई को भी अमल में लाती है। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से पूर्ण उम्मीद है कि बहुत जल्द जिला की स्वच्छ साफ सुथरी प्रकृति को ध्यान में रखते हुए पंजाब राज्य से आ रही बड़ी-बड़ी प्लास्टिक की थैलियों एवं चोरी छिपे स्थानीय बाजारों में इस्तेमाल हो रही पॉलीथिन कैरी बैग पर कड़ा संज्ञान लेते हुए शिकंजा कसेंगे। (अनंत ज्ञान)

### तीसा में नहीं मिल रही अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**तीसा।** चुराह विस क्षेत्र के सिविल अस्पताल तीसा में सरकार व स्वास्थ्य विभाग द्वारा लाखों खर्च कर अल्ट्रासाउंड मशीन की व्यवस्था तो कर दी है लेकिन मशीन को आपरेट करने के लिए रेडियोलॉजिस्ट के पद को नहीं भरा गया है। जिससे अल्ट्रासाउंड मशीन धूल फांक रही है। गौर हो कि चुराह विधानसभा क्षेत्र की 52 पंचायतों के लोग सिविल अस्पताल तीसा पर निर्भर है। गर्भवती महिलाओं सहित अन्य बीमार लोगों को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए 65 से 100 किमी का सफर तय कर जिला मुख्यालय चंबा का रूख करना पड़ता है। डॉ. ऋषि पुरी बीएमओ का कहना है कि अल्ट्रासाउंड मशीन चलाने के लिए रेडियोलॉजिस्ट पद के लिए विभागीय चिकित्सक का चयन कर ट्रेनिंग के लिए भेजा गया है। प्रशिक्षण पूर्ण होते ही तीसा चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड सेवाएं आरंभ कर दी जाएगी।

**ट्रायल** | अंतर जिला वरिष्ठ वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ ट्रायल

# बारगाह में 50 खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



अंतर जिला वरिष्ठ वर्ग डेज क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए आयोजित ट्रायल के दौरान खिलाड़ी।

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से करवाई जाने वाली अंतर जिला वरिष्ठ वर्ग डेज क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर शनिवार को पुलिस ग्राउंड बारगाह स्थित जिला क्रिकेट सेंटर में चयन प्रक्रिया हुई। चयन प्रक्रिया में जिलाभर के करीब 50 वरिष्ठ खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इसमें भरमौर, सलूणी, चंबा, भटियात, डलहौजी तथा चुराह सहित अन्य क्षेत्र से खिलाड़ियों ने भाग लिया। क्रिकेट कमेटी के पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि चंबा की टीम 24 फरवरी से अमतर क्रिकेट स्टेडियम में डेज क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन शिविर के लिए किया जाएगा। शनिवार को आयोजित चयन प्रक्रिया में जिला क्रिकेट कमेटी की ओर से पदाधिकारी अमित कुमार, हरमीत भटियानी, कुलदीप, हमीद, किशन, गौरव, सुनील, याकूब, संजय पराशर, इमरान, मगनदीप, विनोद, मनुज शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। अमित कुमार ने बताया कि जिला की अन्य आयु वर्ग की क्रिकेट टीमों के लिए भी चयन प्रक्रिया की तिथि निर्धारित कर दी गई हैं। जिला चंबा की अंडर 16 क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल की तिथि 17 मार्च निर्धारित की गई है। टीम अपना पहला मुकाबला संतोषगढ़ में सात अप्रैल को खेलेगी। वहीं अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल की तिथि 14 अप्रैल निर्धारित की गई है। टीम अपना पहला डेज मुकाबला 28 अप्रैल को संतोषगढ़ में खेलेगी। इसी तरह जिला चंबा की वरिष्ठ क्रिकेट टीम वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ट्रायल की तिथि पांच मई निर्धारित की गई है। टीम अपना पहला वनडे मुकाबला 22 में को संतोषगढ़ में खेलेगी। वहीं अंडर-23 वनडे क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल की तिथि 19 मई निर्धारित की गई है। टीम अपना पहला मुकाबला संतोषगढ़ में दो जून को खेलेगी। वहीं महिला क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल की तिथि दो जून निर्धारित की गई है। टीम अपना पहला मुकाबला ऊना में 14 जून को खेलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### धवन के नाबाद 95 रन, हिमाचल प्रदेश को दिल्ली के खिलाफ 47 रन की बढ़त

**धर्मशाला।** अनुभवी आल राउंडर ऋषि धवन के नाबाद 95 रन और सलामी बल्लेबाज रवि ठाकुर की 85 रन की संयमित पारी से हिमाचल प्रदेश ने शनिवार को दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के छठे दौर के मैच के दूसरे दिन स्टंप तक आठ विकेट गंवाकर 311 रन बना लिए। दिल्ली ने पहले दिन 264 रन बनाए थे, जिससे मेजबान टीम ने 47 रन की बढ़त बना ली है और उसके दो विकेट बाकी हैं। अब वे इसे और बढ़ाकर दिल्ली पर दबाव बढ़ाने का प्रयास करेंगे जो इस सत्र में सिर्फ एक बार ही 275 रन का स्कोर पार कर पायी है। हिमाचल प्रदेश ने एक विकेट पर 24 रन से आगे खेलते हुए एक समय 169 रन पर पांच विकेट खो दिए थे, लेकिन धवन ने 95 रन की पारी से टीम को मजबूत स्कोर की ओर बढ़ाया। उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके और एक छक्का जड़ा। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सिद्धांत शर्मा ने 101 रन देकर चार विकेट झटके। अनीकेत चौधरी ने दो विकेट प्राप्त किए। ग्रुप के कटक में चल रहे एक अन्य मैच में उत्तराखंड के पहली पारी में 342 रन के जवाब में ओडिशा ने छह विकेट गंवाकर 123 रन बना लिए। पुडुचेरी में जम्मू कश्मीर ने दोनों पारियों में 106 रन और 152 रन बनाकर पुडुचेरी को जीत के लिए 87 रन का लक्ष्य दिया। पहली पारी में 172 रन बनाने वाली पुडुचेरी ने स्टंप तक इस लक्ष्य का पीछा करते हुए 35 रन पर सात विकेट गंवा दिए। इंदौर में मध्य प्रदेश ने हिमांशु मंत्री (111) के शतक और सारांश जैन (70) के अर्धशतक से पहली पारी में 454 रन बनाए, जिसके जवाब में बड़ौदा ने स्टंप तक छह विकेट पर 104 रन बना लिए। उसके लिए मितेश पटेल ने 67 रन बनाए।

### बुमराह को खुद को 'सफेद गेंद का विशेषज्ञ' कहना पसंद नहीं था : रवि शास्त्री

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री जानते थे कि जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बेताब थे, क्योंकि यह तेज गेंदबाज खुद को 'सफेद गेंद विशेषज्ञ' के तौर पर बुलाना पसंद नहीं करता था। बुमराह आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं। शास्त्री ने याद करते हुए कहा कि मुझे कोलकाता में उनसे पहली बातचीत याद है, जिसमें मैंने उनसे पूछा था कि क्या उन्हें टेस्ट क्रिकेट में दिलचस्पी है? तब उसने कहा था कि यह उसके जीवन का सबसे बड़ा दिन होगा। उन्होंने कहा कि उससे बिना पूछे ही उसे सफेद गेंद का विशेषज्ञ करार दे दिया गया, लेकिन मैं जानता था और देखना चाहता था कि उसमें टेस्ट खेलने को लेकर कितनी भूख है। मैंने उससे कहा, तैयार रहो। मैंने उसे कहा कि मैं उसे दक्षिण अफ्रीका में खिलाने जा रहा हूं। शास्त्री ने कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में खेलने और अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर बहुत उत्साहित है। पूर्व मुख्य कोच ने मुंबई इंडियंस के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में बुमराह के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें सिर्फ सफेद गेंद का विशेषज्ञ मानने से इनकार कर दिया।

### जॉनसन को अच्छा प्रदर्शन कर टी-20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की उम्मीद

**मेलबर्न।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन की निगाहें इस साल मई में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की टी-20 विश्व कप टीम में जगह बनाने पर लगी हैं। गुजरात टाइटन्स ने उन्हें 10 करोड़ रुपए की राशि में टीम में शामिल किया था। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी रविवार को एडीलेड ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने को तैयार है। जॉनसन ने 'पर्थ नाउ' से कहा कि ऑस्ट्रेलिया के लिए कुछ मैच में शानदार प्रदर्शन करना अच्छा होगा, लेकिन विश्व कप में अभी लंबा समय है। और अगर मेरा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा रहता है तो पूरी उम्मीद है कि मैं विश्व कप टीम में शामिल हो सकता हूं। जॉनसन ने अभी तक एक वनडे और दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, उन्होंने 2023-24 में बिग बैश लीग में सफल अभियान में 11 पारियों में 19 विकेट झटके हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बिग बैश लीग में मैंने जो प्रदर्शन किया है, उम्मीद है कि वह काफी होगा। आईसीसी टी-20 विश्व कप आईपीएल खत्म होने के बाद जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।

### बाबर-शाहीन के सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ रू-ब-रू होने से नाखुश पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पूर्व कप्तान बाबर आजम और राष्ट्रीय टी-20 टीम के मौजूदा कप्तान शाहीन शाह अफरीदी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रशंसकों के साथ जुड़ने से खुश नहीं है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सवाल जवाब के दौर में कप्तानी गंवाने के बावजूद बाबर की लोकप्रियता का भी पता चलता है, क्योंकि इस बीच उनके साथ 20000 से अधिक प्रशंसक जुड़े। शाहीन के साथ सवाल जवाब के दौर में लगभग 4000 प्रशंसकों ने भाग लिया। लेकिन पीसीबी के सूत्रों के अनुसार इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों के सोशल मीडिया सत्र में भाग लेने से बोर्ड खुश नहीं है और वह इसको लेकर नियम बनाने पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि पीसीबी इस संबंध में कुछ शर्तों को लागू करने पर विचार करेगा, जिसका केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों के सोशल मीडिया से जुड़ी गतिविधियों से जुड़े प्रावधानों की फिर से समीक्षा की जा रही है, क्योंकि बोर्ड को लगता है कि इस तरह से सार्वजनिक प्रश्नोत्तरी से अनावश्यक विवाद पैदा हो सकते हैं।

### लखनऊ ने वुड की जगह शमर जोसेफ को किया रिप्लेस, तीन करोड़ में खरीदा

**मुंबई।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते नजर आएंगे। उन्हें फ्रेंचाइजी ने 3 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा है, साथ ही इंग्लिश पेसर मार्क वुड से रिप्लेस भी किया है। आईपीएल आयोजन समिति ने शनिवार को इस बात की जानकारी दी। लीग के मौजूदा सीजन की शुरुआत 23 मार्च से होगी। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने अपने प्रदर्शन से पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट की दूसरी पारी में 7 विकेट लेकर अपनी टीम को हारा हुआ मैच जिता दिया। गाबा टेस्ट में वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 216 का टारगेट दिया था और कंगारुओं ने 2 विकेट पर 113 रन बना लिए थे। ऐसे में चोटिल शमार जोसेफ ने 7 ओवर में 6 विकेट झटक लिए और स्कोर 8 विकेट पर 175 रन कर दिया। फिर जोसेफ ने जोश हेजलवुड को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया को 10वां झटका भी दिया। वेस्टइंडीज को 8 रन से रोमांचक टेस्ट जिता दिया।

# विराट कोहली सीरीज से हटे

## श्रेयस अय्यर बाहर, बंगाल के तेज गेंदबाज आकाशदीप पहली बार टीम में शामिल



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**स्टार** बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बचे हुए मुकबलों से हट गए हैं, जिसकी पुष्टि शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने की। इससे कोहली की उपलब्धता को लेकर चल रही अटकलें खत्म हो गईं।

कोहली पहले दो टेस्ट में नहीं खेले थे। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से शृंखला के बचे हुए मैचों के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है।

कोहली इस समय पारिवारिक कारणों से विदेश में हैं।

अभी शृंखला 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा।

व्यक्तिगत कारणों से कोहली की अनुपलब्धता के बारे में बीसीसीआई को पता था लेकिन अधिकारी यह देखना चाहते थे कि क्या वह सात से 11 मार्च तक धर्मशाला में होने वाले अंतिम टेस्ट के लिए उनकी सेवाएं ले सकते हैं।

बीसीसीआई के सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा कि चयन समिति को पता था कि विराट शृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे और इसके अनुसार आकस्मिक योजना तैयार रखी गई थी। बीसीसीआई में हर कोई चाहता है कि विराट अपनी पारिवारिक प्रतिबद्धताओं को पूरा करें और फिर जब भी वह उचित समझे वापस आएं।

इस 17 सदस्यीय टीम में एकमात्र नया चेहरा बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप हैं, जिन्हें प्रथम श्रेणी क्रिकेट और हाल ही में भारत 'ए' बनाम इंग्लैंड लायंस टेस्ट शृंखला में लगातार प्रदर्शन की बदौलत यह मौका मिला है।



### सीनियर खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और केएल राहुल की वापसी

राष्ट्रीय चयन समिति ने सीनियर खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और केएल राहुल को टीम में शामिल किया है, लेकिन बीसीसीआई की चिकित्सा टीम द्वारा मंजूरी मिलने के बाद ही उन्हें खिलाया जा सकता है। इन दोनों को चोट लगी थी। सूत्र ने कहा कि राहुल फिट हैं और अंतिम एकादश में शामिल किए जाने के लिए तैयार हैं। उसके अभी 'क्वाड्रीसैप्स' में थोड़ी ऐठन है और चिकित्सा टीम इसे बढ़ाना नहीं चाहती। जडेजा की मांसपेशियों में खिंचाव है और वह बेहतर हो रहे हैं। मैच शुरू होने में अब भी पांच दिन बचे हैं और अगर वह ठीक रहते हैं तो बढ़िया है। अगर राहुल और जडेजा अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो विशाखापत्तनम में पदार्पण करने वाले रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा, क्योंकि श्रेयस अय्यर को बाहर कर दिया गया है।

### अय्यर की शॉर्ट गेंद का सामना करना रही कमजोरी

सीनियर बल्लेबाज अय्यर को कमर के निचले हिस्से और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद टीम में नहीं चुना गया है। हालांकि बीसीसीआई ने उनका मेडिकल अपडेट नहीं दिया गया है। माना जा रहा है कि अय्यर को हर हाल में बाहर कर दिया जाता और उनकी चोट ने चयनकर्ताओं के लिए फैसला आसान कर दिया है। सूत्र ने कहा कि अगर श्रेयस को चोट के कारण आराम दिया जाता तो बीसीसीआई के चिकित्सा बुलेटिन में इसका अपडेट होता। इसमें कोई अपडेट नहीं है तो माना जा सकता है कि उन्हें बाहर किया गया है। अय्यर ने काफी लंबे समय से अर्धशतक नहीं जड़ा है और बल्लेबाजों के मुफीद भारतीय पिचों पर उनके आउट होने का तरीका चिंता का विषय है। निकट भविष्य में लंबे प्रारूप के लिए अय्यर के नाम पर शायद विचार नहीं किया जाए, क्योंकि शॉर्ट गेंद का सामना करना उनकी कमजोरी रही है।

### गुकेश ने कार्लसन को हराया, दूसरे स्थान पर

**वांगल्स (जर्मनी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने वेसेन्हॉस शतरंज चैलेंज के पहले दिन एक के बाद एक जीत दर्ज करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैग्नस कार्लसन, अर्मेनिया के लेवोन अरोनियन और मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को पराजित किया। हालांकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ पहली बाजी में हारकर पूरे अंक गंवाने से गुकेश की शुरूआत अच्छी नहीं हुई, लेकिन इसके बाद वह पूरी तरह लय में आ गए और उन्होंने चार में से तीन अंक अपनी झोली में डाले। इससे वह रैपिड वर्ग में जर्मनी के विन्सेंट केमेर (3.5 अंक) के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। कार्लसन, फिरोजा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना 200,000 डॉलर पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में दो अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

### गिरोन ने टियाफो को हराकर किया उलटफेर

**डलास।** गैर वरीयता प्राप्त मार्कोस गिरोन ने शुक्रवार की रात शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो को हराकर उलटफेर करते हुए हार्डकोर्ट टूर्नामेंट डलास ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गिरोन ने क्वार्टरफाइनल में टियाफो पर 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में गिरोन का सामना ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। बेन शेल्टन ने जोर्डन थॉम्पसन को 6-7 (2), 6-4, 6-4 से हराया और इस तीसरे वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी का सामना सेमीफाइनल में हमवतन टॉमी पॉल से होगा। दूसरे वरीय पॉल ने जर्मनी के डोमिनिक कोफर पर 7-5, 6-3 से जीत हासिल की।

### मेस्सी पर नाराजगी से चीन में अर्जेंटीना का मैच रद्द

**हांगकांग।** स्टार फुटबालर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी मैच में नहीं खेलने के कारण अगले महीने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के फुटबाल मैत्री मैच को शुक्रवार को रद्द कर दिया गया। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था। बीजिंग में आइवरी कोस्ट और हांगझोउ में नाईजीरिया के खिलाफ मैच होने थे, लेकिन मेस्सी ने अपने इंटर मियामी क्लब के साथ दौरे पर हांगकांग में प्रशंसकों को नाराज कर दिया था। वह पिछले रविवार को 'ग्रोइन' चोट के कारण मैत्री मैच में नहीं खेले और बेंच पर बैठे रहे थे। इससे खेल प्रेमी काफी नाराज हो गए थे। शुक्रवार को अर्जेंटीना और नाईजीरिया के बीच मैत्री मैच रद्दकर दिया गया।

# भारतीय 'पावरहाउस' के सामने कंगारू

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छठा अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने को तैयार हैं भारत के युवा जांबाज

**एजेंसी बेनोनी ( दक्षिण अफ्रीका )**

भारत के 18 और 19 साल के युवा क्रिकेटर रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल जीतकर रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे, जिसके बाद कुछ के करियर को उड़ान भरने के लिए पंख मिलेंगे, जबकि कुछ गुमनामी में डूब जाएंगे। पिछले साल 19 नवंबर को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने रोहित शर्मा की अगुआई वाली सीनियर टीम को वैश्विक मंच पर रूला दिया था, जिससे उदय सहारन की अगुआई वाली टीम का ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम को हराकर खिताब जीतना सुखद होगा।

भारत की अंडर-19 टीम ने 2012 और 2018 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था और इस चरण के खिताबी मैच में भी वह प्रबल दावेदार होगी।

भारतीय टीम हमेशा आयु वर्ग के टूर्नामेंट में 'पावरहाउस' रही है और इस टूर्नामेंट में नौवीं बार फाइनल में पहुंचना इसका प्रमाण है।

भारत की अंडर-19 टीम ने 2016 के बाद सभी फाइनल खेले हैं, जिसमें से उसने 2018 और 2022 चरण में खिताब जीते, जबकि 2016 और 2020 में उसे हार मिली।



### फोकस खेल पर, देना है अपना सर्वश्रेष्ठ

**यह पूछने पर कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्या बदला दिमाग में होगा, क्योंकि सीनियर टीम पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल उससे हारी थी, उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं सोच रहे हैं। हम अपने खेल पर फोकस कर रहे हैं और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। मैच हालात के हिसाब से खेल रहे हैं। हर मैच महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह विश्व कप है और सारी टीमें अच्छी हैं।**

### अंडर-19 विश्व कप के बाद कई क्रिकेट खिलाड़ी अर्श से फर्श पर

**विराट** कोहली की टीम ने 2008 में ट्रॉफी जीती थी, जिसके बाद अंडर-19 विश्व कप ने काफी लोकप्रियता हासिल की है। लाइव टीवी कवरेज और 'स्ट्रीमिंग' से इसके प्रति उत्सुकता भी बढ़ गई है। अंडर-19 विश्व कप ने युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, शिखर धवन, रोहित शर्मा, कोहली, रविंद्र जड़ेजा, केएल राहुल, ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे स्टार क्रिकेटर दिए हैं। लेकिन उन खिलाड़ियों की सूची इससे भी ज्यादा बड़ी है जो 'स्टारडम' हासिल करने के बाद शीर्ष स्तर तक पहुंचने में असफल रहे। 2000 के दशक के शुरू में रीतिंदर सिंह सोढ़ी और गौरव धीमान से लेकर उन्मुक्त चंद, हरमीत सिंह, विजय जोल, संदीप शर्मा, अजितेश अर्गल, कमल पासी, सिद्धार्थ कौल, स्मिट पटेल, रविकांत सिंह और कमलेश नागरकोटी तक देखें तो यह सूची काफी लंबी है। पृथ्वी साव अपने करियर को फिर से संवारने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि यश धुल को सीनियर स्तर के क्रिकेट के मानकों का सामना करना बेहद मुश्किल लग रहा है।

### भारत के कप्तान सहारन बल्लेबाजी में 389 रन बनाकर शीर्ष पर

**बल्लेबाजी** सूची में 389 बनाकर शीर्ष पर चल रहे सहारन की अगुआई में टीम का प्रदर्शन प्रत्येक मैच में बेहतर होता गया और उसने बड़े अंतर से जीत दर्ज कीं। बस सेमीफाइनल ही ऐसा था, जिसमें उसने मेजबान दक्षिण अफ्रीका को महज एक विकेट से हराया। सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर खान कप्तान के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं और एक उपयोगी बाएं हाथ के स्पिनर भी हैं।

**भारत :** उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावली अवनीश राव (विकेटकीपर), सौम्य कुमार पांडे (उप कप्तान), मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी।

### ऑस्ट्रेलिया के कप्तान सहित बल्लेबाज करेंगे परेशान

**ऑस्ट्रेलिया** के कप्तान ह्यू वेबगेन, सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन, तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रेकर और कैलम विडलर ने इस चरण के दौरान लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जो भारत के लिए परेशानी बन सकते हैं।

**ऑस्ट्रेलिया :** ह्यू वेबगेन (कप्तान), लाचलान ऐटकेन, चार्ली एंडरसन, हरकीरत बाजवा, महली बियर्डमैन, टॉम कैम्पबेल, हैरी डिक्सन, रेयान हिक्स (विकेटकीपर), सैम कोनस्टास, राफेल मैकमिलन, ऐडन ओकोनोर, हरजस सिंह, टॉम स्ट्रेकर, कैलम विडलर और ओली पीक।

**टूर्नामेंट** | उत्तर भारत अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में कॉलेज प्राचार्य डॉ. कामेश्वर ने किया पुरस्कृत

# एचपीयू को 21 रन से हराकर एलपीयू बना चैंपियन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**एमएलएसएम** कॉलेज सुंदरनगर में आयोजित उत्तर भारत अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में एलपीयू ने एचपीयू को 21 रन से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में कॉलेज प्राचार्य डॉ. कामेश्वर कुमार ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की और खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता के तकनीकी संयोजक अनिल गुलेरिया ने कहा कि फाइनल मुकाबले में एलपीयू ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 138 रन बनाए। इसमें मयंक कुमार ने 28, जसवीर सिंह ने 33, अखिल यादव ने 27 और विक्रांत राणा ने 16 रन बनाए। हिमाचल की ओर से सुधांशु सूद और लक्ष्य वर्मा ने तीन-तीन, अक्षय ने दो और आदित्य चौहान ने एक विकेट लिया। एक खिलाड़ी रन आउट और एक स्टंप आउट हुआ।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम के ओपनर बल्लेबाज अरशद राणा एलपीयू के विक्रांत राणा की दूसरी ही गेंद पर बिना रन बनाए अपना विकेट गंवा बैठे। दूसरे ओपनर राघव आंगरा भी 14 रन के स्कोर पर अभिषेक यादव की गेंद पर बोल्ड हो गए। अपनी टीम शुरुआती दो झटकों से उबरी ही नहीं थी कि अमित भी 5 रन पर जुनैद अशरद की गेंद पर अभिषेक यादव को कैच थमा बैठे। इसके बाद टीम के कप्तान प्रशांत तोमर और संदर्भ सूद ने बिखरती टीम को संभालते हुए बेहतरीन रन बनाए। प्रशांत ने 28 और संदर्भ नाबाद 39 रन बनाए। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाए। एलपीयू के विक्रांत राणा और अभिषेक यादव ने दो-दो, जुनैद, अंकित और जतिन ने एक-विकेट लिया, जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।



एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर में आयोजित उत्तर भारत अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में एलपीयू ने एचपीयू को 21 रन से हराने के बाद विजेता टीम खिताब के साथ।

# चाहता हूं कि धोनी सर को मुझ पर गर्व हो : अवनीश

**एजेंसी, बेनोनी**

अंडर-19 विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने जा रही भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज अरावेली अवनीश राव उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं, जिनके पास इतनी कम उम्र में आईपीएल का अनुबंध है। उन्हें महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स ने पिछले महीने आईपीएल नीलामी में 20 लाख रुपए के आधार मूल्य में खरीदा था।

अंडर-19 विश्व कप में कई मौकों पर धोनी की झलक देने वाले अरावेली ने इंटरव्यू में कहा कि मुझे यकीन ही नहीं हुआ था कि सीएसके ने मुझे चुना है। मुझे विश्वास करने में समय लगा। मैं उस समय घर पर ही था और हमारा फोन लगातार बज रहा था। उन्होंने कहा कि अब मैं धोनी सर और सीएसके को गौरवान्वित करना चाहता हूं। अभी आईपीएल के बारे में नहीं सोच रहा हूं। फाइनल के बाद सोचूंगा, लेकिन सीएसके के लिए और धोनी सर की कप्तानी में खेलना हर क्रिकेटर का सपना होता है। मेरे लिए यह सपना सच होने जैसा है। वह अब जल्दी से सीएसके का हिस्सा बनकर धोनी से बहुत कुछ सीखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं दबाव के हालात में दृढ़ रहना उनसे सीखना चाहता हूं। जब टीम अच्छा नहीं खेल रही हो, ऐसे में वह कैसे टीम को संकट से निकालते हैं और मैच जिताते हैं।